जबलपुर
मंगलवार, 24 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-13
वर्ष : 20, अंक : 55
पृष्ठ : 8+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 29
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


श्योपुर में भारी बारिश के चलते पार्वती नदी उफान पर इससे श्योपुर-बारां हाईवे बंद

# शिवपुरी में आवासीय स्कूल में जलभराव, टीचर्स सहित 10 को किया रेस्क्यू, गुना में सिलेंडर भरा ट्रक डूब गया

## लोगों को निकालने के लिए एसडीईआरएफ की टीम को मौके पर बुलाना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के कई जिलों में सोमवार को भी भारी से तेज बारिश दौर जारी रहा। इस बीच गुना में अंडर ब्रिज में पानी भरने से एक ट्रक डूब गया।

इसमें ट्रक में गैस के सिलेंडर भरे हुए थे। शिवपुरी जिले में भारी बारिश के चलते कोलारस के लुकवासा में ज्ञान स्थली स्कूल के आवासीय परिसर में जलभराव हो गया। वहां फंसे कुछ टीचर्ससहित करीब 10 लोगों को निकालने के लिए एसडीईआरएफ की टीम को मौके पर बुलाना पड़ा। टीम ने मशक्कत के बाद सभी को सुरक्षित निकाल लिया।

### मुंगावली में भारी बारिश के कारण घरों में पानी घुस गया


शिवपुरी स्कूल में रेस्क्यू किया गया

### 25 से 26 जून के बीच नया सिस्टम एक्टिव हो जाएगा

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी साइक्लोनिक सकुर्लेशन और ट्रफ के एक्टिव होने से मप्र के कुछ जिलों में भारी से तेज बारिश हो रही है। एक ट्रफ उत्तर पूर्वी हिस्से से होती हुई बंगाल की खाड़ी तक बनी है। 25 से 26 जून के बीच नया सिस्टम एक्टिव होने से भोपाल सहित पूरे प्रदेश में बारिश बढ़ेगी।

### कहां कितनी बारिश?

मौसम विभाग के अनुसार, उज्जैन, शाजापुर, आगर-मालवा और राजगढ़ में 24 घंटे में 25 मिमी से ज्यादा बारिश हुई है। भोपाल में शून्य बारिश हुई। मंगलवार तक राजगढ़, रतलाम, आगर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुरकलां जिलों में भारी से तेज बारिश होगी। विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, अलीराजपुर, झाबुआ, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना जिलों में भी तेज बारिश होगी। भोपाल, सीहोर, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, धार, इंदौर, देवास, शाजापुर आदि जिलों में मौसम ऐसा ही रहेगा।



प्रधानमंत्री 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के समापन कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल होंगे

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव पीएम मोदी से मिले, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट की। उन्होंने प्रधानमंत्री को 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के समापन कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। यह कार्यक्रम 30 मार्च को शुरू हुआ था। अभियान का समापन कार्यक्रम 30 जून को होगा। प्रधानमंत्री मोदी इसमें वर्चुअल शामिल होंगे। इसके साथ ही सीहोर में 12 से 14 अक्टूबर में होने वाले कार्यक्रम के लिए भी प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह जानकारी प्रधानमंत्री से मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत में दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई है।

क्षेत्रीय सुरक्षा, विकास और राज्यों से जुड़े मुद्दों पर होगी चर्चा

# आज सीएम यादव वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव मंगलवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में शामिल होंगे। वाराणसी में पहली बार होने जा रही इस अहम बैठक में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक वाराणसी के होटल ताज में मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक होगी। बैठक में क्षेत्रीय सुरक्षा, विकास, स्वास्थ्य, प्रशासनिक समन्वय और राज्यों से जुड़े विशेष मुद्दों पर भी चर्चा होगी। बैठक में मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य सचिव, नीति आयोग के प्रतिनिधि, अंतर्राज्यीय परिषद के सदस्यगण और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

■ इसमें 4 राज्य- मप्र, यूपी, उत्तराखंड व छत्तीसगढ़ शामिल

## वाराणसी पहुंचे अमित शाह किए काल भैरव के दर्शन



**वाराणसी।** गृहमंत्री अमित शाह सोमवार शाम 5.40 बजे काशी पहुंचे। एयरपोर्ट पर सीएम योगी ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद शाह सीएम योगी के साथ सीधे काल भैरव पहुंचे। यहां दर्शन-पूजन करने के बाद होटल ताज पहुंचे। अमित शाह मंगलवार को काशी में रहेंगे।

ट्रंप 'करेंगे' ...और, सारे देश 'भरेंगे'...दुनिया में तीसरे विश्व युद्ध का खतरा बढ़ गया

होर्मूज जलडमरू मध्य मार्ग बंद होने से दुनिया को करीब 26 फीसदी तेल व गैस की सप्लाई होगी प्रभावित, तेल के दाम बढ़ेंगे

# पूरी दुनिया को तेल-गैस सप्लाई का रास्ता बंद करेगा ईरान, पुतिन बोले-तेहरान की करेंगे मदद



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ईरान-इजराइल युद्ध एक नए मोड़ पर है। ईरान की सर्वोच्च संसद ने ध्वनिमत से एक प्रस्ताव पारित कर दिया है कि दुनिया की तेल-गैस सप्लाई काट दी जाए। यानी, स्ट्रेट ऑफ हार्मूज यानी हार्मूज जलडमरूमध्य मार्ग को बंद कर दिया जाए। इस नौवहन मार्ग से दुनिया के देशों को दुनिया के कुल उत्पादन की करीब 26 फीसदी तेल-गैस की सप्लाई होती है। इसके बंद होते ही सारे देशों में हाहाकार मच जाएगा। तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आएगा। अमेरिका ने चीन और रूस को कहा है कि वह ईरान को ऐसा न करने के लिए कहे।

संयुक्त राष्ट्र परिषद में एक लाइन का प्रस्ताव-बिना शर्त तत्काल हो युद्ध विराम

ईरान ने फिर दोहराया-हम अपना एटमी कार्यक्रम बंद नहीं करेंगे

ईरान के समर्थन में खुलकर आया रूस, पुतिन ने अमेरिकी हमलों की निंदा की

ट्रंप ने ईरान में तख्ता-पलट की साफ चेतावनी दे दी

*प्रस्ताव को पारित होने के लिए कम से कम नौ मतों की आवश्यकता होती है। साथ ही संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, रूस या चीन द्वारा वीटो नहीं किया जाना चाहिए। अमेरिका द्वारा मसौदा प्रस्ताव का विरोध किए जाने की संभावना है*


जलडमरू मध्य मार्ग

### रूस ने कहा-हमने ईरान को मध्यस्थता की पेशकश की

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरानी विदेश मंत्री से मुलाकात के बाद कहा कि रूस ईरान को हरसंभव मदद देगा। इसके बाद क्रेमलिन के प्रवक्ता ने कहा कि इस तनावपूर्ण स्थिति में तेहरान जो भी मदद मांगेगा, रूस देने को तैयार है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बढ़ते तनाव के बीच सोमवार को रूस ने कहा है कि वह ईरान को हर तरह की मदद देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि ईरान को किस तरह की मदद चाहिए, यह फैसला तेहरान को करना है। पेसकोव ने कहा कि हमने ईरान को मध्यस्थता की पेशकश की है। यह हमारी तरफ से एक ठोस मदद है। पुतिन ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हुए अमेरिकी हमलों की कड़ी निंदा की है।

### होर्मूज के बंद होने से भारत को कोई नुकसान नहीं होगा

ईरानी संसद ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने का फैसला कर डाला। हालांकि, इस पर अंतिम मुहर लगनी अभी बाकी है। लेकिन, अगर यह खाड़ी बंद होती है, तो इसका सबसे ज्यादा नुकसान भारत को नहीं बल्कि चीन को होगा। क्रूड ऑयल के दामों में आग लगने की आशंका है। इस खाड़ी से भारत के लिए रोज 20 लाख बैरल क्रूड ऑयल आता है, जिसका असर भारतीय तेल बाजार पर भी देखने को मिल सकता है। हालांकि, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इसको लेकर कहा है कि होर्मूज के बंद होने से देश को कोई नुकसान नहीं होगा। हमारे पास कई हफ्तों के लिए तेल है। चीन के कुल तेल आयात का लगभग 45% हिस्सा होर्मूज जलडमरूमध्य से ही होकर गुजरता है।

### ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद यूएनएससी की इमरजेंसी मीटिंग

ईरान पर अमेरिका के हमले के बाद यूएनएससी यानी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपातकाल बैठक बुलाई गई। कई देशों ने हमले की आलोचना की है और दोबारा संघर्ष विराम वार्ता शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। इस दौरान पाकिस्तान ने भी संघर्ष विराम का समर्थन किया। राजनयिकों के हवाले से बताया है कि रूस, चीन और पाकिस्तान ने तत्काल और बगैर शर्त संघर्ष विराम के प्रस्ताव की मांग की है। फिलहाल, यह साफ नहीं है कि मसौदे पर मतदान कब किया जाएगा। राजनयिकों ने कहा कि तीनों देशों ने अपना प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव को पारित होने के लिए कम से कम नौ मतों की आवश्यकता होती है। साथ ही संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, रूस या चीन द्वारा वीटो नहीं किया जाना चाहिए। अमेरिका द्वारा मसौदा प्रस्ताव का विरोध किए जाने की संभावना है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## दुकान में लगी आग से एक करोड़ का नुकसान

**गुना।** जिले के राघौगढ़ इलाके में रविवार की रात एक दुकान में भीषण आग लग गई। हादसे में दुकान में रखा सारा सामान जल गया। आग से लगभग एक करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। 10 फायर ब्रिगेड की मदद से करीब एक घंटे में काबू पाया जा सका।ली गई। घटना राघौगढ़ की साडा कॉलोनी की है।

राजा हत्याकांड केस में फिर नया किरदार

## सोनम की मदद करने वाले लोकेंद्र को भी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में 8वें आरोपी को भी पुलिस ने पकड़ लिया है। राजा की हत्या के बाद सोनम को फ्लैट की व्यवस्था करने वाले लोकेंद्र तोमर को ग्वालियर से हिरासत में ले लिया गया है। इंदौर पुलिस अब उसे 2-3 घटे में मेघालय पुलिस को सौंपेगी। अब तक इस मामले में सात गिरफ्तारी हो चुकी हैं और लोकेंद्र तोमर इस कहानी का सबसे नया किरदार है। बताया जा रहा है कि लोकेंद्र तोमर ही वही शख्स है जिसने न सिर्फ सोनम के लिए फ्लैट की व्यवस्था की थी बल्कि सिलोम जेम्स पर सबूतों से भरा काला बैग गायब करने का भी दबाव बनाया था।



■ इंदौर पुलिस मेघालय पुलिस को सौंपेगी

देवास के उदयनगर में सामूहिक आत्महत्या

## परिवार के चार लोगों ने खाया जहर, तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के बागली अनुविभाग अंतर्गत उदयनगर तहसील के गांव धोबघट्टा में सामूहिक आत्महत्या का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पांच सदस्यों के परिवार में माता-पिता और तीन बच्चों में से दो के जहर खाने की जानकारी प्राप्त हुई है। परिवार में माता-पिता और तीन बच्चों में दो बहने और एक भाई हैं। माता-पिता और दोनों बहनों ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसमें परिवार के मुखिया राधेश्याम कन्नोजिया, पत्नी रंगू बाई सहित एक बेटी की मौत हो गई। वहीं एक बेटी का उपचार जारी है।


■ मृतकों में माता-पिता सहित एक बेटी

खरगोन में आवारा कुत्तों का हमला

## घर के बाहर खेलते समय 8 मासूम सहित 10 को काटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

कोतवाली थाना क्षेत्र में घर के बाहर खेल रहे बच्चों पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। हमले में 8 बच्चे समेत 10 लोग घायल हो गए। बच्चों के सिर, गाल और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सोमवार दोपहर संजय नगर और दशहरा मैदान इलाके की है। परिजन घायल बच्चों को अस्पताल लेकर पहुंचे। सभी घायलों को टांके लगाए गए हैं और उन्हें आब्जर्वेशन में रखा है। हमले में मोहल्ले के बुजुर्ग भी घायल हुए हैं। पीड़ित सोहेल खान और मुस्कान बी ने नगरपालिका खरगोन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।


■ बच्चों के सिर-चेहरे पर गहरे घाव




## जम्मू एयरपोर्ट के आसपास काफी देर तक मंडराता रहा विमान

पायलट को सही लैंडिंग पोजिशन (दिशा या दूरी) का आकलन करने में कठिनाई का आभास हुआ

# दिल्ली से जम्मू जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट बिना लैंडिंग किए लौट गई, कारण 'साफ' नहीं

एजेंसी ⏭ श्रीनगर

सोमवार दोपहर एक अजीबोगरीब स्थिति देखने को मिली जब दिल्ली से जम्मू होते हुए श्रीनगर जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स-2564, जम्मू एयरपोर्ट पर लैंड किए बिना ही वापस दिल्ली लौट गई।

यह घटना उस समय हुई जब विमान जम्मू एयरपोर्ट के आसपास काफी देर तक मंडराता रहा, लेकिन अंत में पायलट ने दिल्ली लौटने का फैसला किया। अधिकारियों के अनुसार यह फ्लाइट दोपहर करीब 12 बजे जम्मू एयरपोर्ट पर उतरने वाली थी।



### दुबई की फ्लाइट में तकनीकी खराबी

इससे पहले जयपुर से दुबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक और फ्लाइट आईएक्स-195 को टेक-ऑफ से ठीक पहले आई तकनीकी समस्या के कारण रद्द कर दिया गया था। फ्लाइट को मूल रूप से सुबह 5:30 बजे रवाना होना था, लेकिन जब पायलट ने कॉकपिट में खराबी का पता लगाया तो उसने रनवे की ओर बढ़ना शुरू कर दिया था।

घटना से 2 घंटे तक ट्रैफिक जाम रहा

### जिस विमान हादसे में गई 270 की जान मलबा ले जा रहा ट्रक पेड़ से टकराया

**अहमदाबाद।** 12 जून को अहमदाबाद में हुआ एआई 171 विमान हादसे में 270 लोगों की जान चली गई थी। उसी हादसे से जुड़ी एक और चौंकाने वाली घटना सामने आ गई। हादसे के बाद विमान के बचे हुए हिस्सों को जब एयरपोर्ट ले जाया जा रहा था, तो एक और 'हादसा' हो गया। ट्रक में लादा गया विमान का पिछला हिस्सा रास्ते में एक पेड़ में फंस गया। डीजीसीए की टीम एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त विमान के टूटे टुकड़ों को ट्रक में भरकर एयरपोर्ट की ओर ले जा रही थी।



# चार राज्यों के 5 विधानसभा उपचुनाव: दो सीटें आप ने जीतीं.. भाजपा, टीएमसी और यूडीएफ ने एक-एक पर बाजी मारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चार राज्यों की 5 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव का रिजल्ट आ चुका है। गुजरात की कडी सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र चावड़ा जीते। उन्होंने कांग्रेस के रमेश चावड़ा को हराया। विसावदर पर आम आदमी पार्टी के गोपाल इटालिया जीते। भाजपा के कीर्ति पटेल दूसरे नंबर पर रहे। केरल में नीलांबुर सीट से यूडीएफ उम्मीदवार कांग्रेस के आर्यदन शौकत को जीत मिली। उन्होंने सीपीआईएम के एम.स्वराज को हराया। पंजाब की लुधियाना वेस्ट आप के खाते में आई, यहां संजीव अरोड़ा जीते। कांग्रेस के भारत भूषण आसु दूसरे नंबर पर रहे। इसी तरह पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर टीएमसी प्रत्याशी अलिफा अहमद जीतीं। उन्होंने भाजपा के आशीष घोष को हराया। इन सभी पांचों सीटों पर 19 जून को वोटिंग हुई थी।

देश के चार राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान 19 जून को हुआ था इसके बाद मतगणना सोमवार को की गई। अधिकांशत: जिस दल की सरकार थी वही जीते हैं

## पंजाब के डिप्टी सीएम बनेंगे संजीव अरोड़ा



संजीव अरोड़ा के लुधियाना पश्चिमी सीट जीतने के बाद पंजाब कैबिनेट में बड़े फेरबदल की संभावना है। उन्हें मंत्री पद का वादा किया गया था, और महत्वपूर्ण विभाग मिलने की उम्मीद है, हालांकि उपमुख्यमंत्री पद पर मुख्यमंत्री मान और केजरीवाल के विचार भिन्न थे। कैबिनेट में दो पद खाली हैं, और माझा क्षेत्र से भी एक नया मंत्री आ सकता है। कुछ मौजूदा मंत्रियों के विभाग बदल सकते हैं या उन्हें हटाया जा सकता है।

**केजरीवाल का राज्यसभा जाना संभव**

पंजाब की लुधियाना वेस्ट आम आदमी पार्टी (आप) के पास थी। लुधियाना वेस्ट से आप ने राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को कैंडिडेट बनाया है। अरोड़ा विधायक बनते हैं तो उन्हें राज्यसभा सीट छोड़नी होगी, जिससे यह सीट खाली हो जाएगी। कयास लगाए जा रहे हैं कि आप अरविंद केजरीवाल को पंजाब से राज्यसभा भेज सकती है।


## मतगणना के दौरान धमाका, बच्ची की मौत

पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट के लिए जारी काउंटिंग के बीच कृष्णानगर थाना क्षेत्र के बाराचंदगर इलाके में एक विस्फोट हुआ। घटना में 9 साल की बच्ची की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने बच्ची की मौत पर दुख जताया। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा- पुलिस दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी।

**केरल के नीलांबुर में सबसे ज्यादा मतदान**

| | |
|---|---|
| केरल नीलांबुर | 75.27% |
| प.बंगाल | 73.36% |
| गुजरात कडी | 57.91% |
| गुजरात विसावदर | 56.89% |
| पंजाब लुधियाना वेस्ट | 51.33% |

**गुजरात- विसावदर सीट**



जीते- गोपाल इटालिया, आप — मत- 75942
हारे- कीर्ति पटेल, भाजपा — मत- 58388
अंतर- 17554

**केरल- नीलांबुर सीट**



जीते- आर्यदान शौकत,कांग्रेस — मत- 77737
हारे- एम.स्वराज सीपीआईएम — मत- 66660
अंतर- 11077

**गुजरात- कडी सीट**



जीते- राजेंद्र चावड़ा, भाजपा — मत- 75942
हारे- रमेश चावड़ा,कांग्रेस — मत- 60290
अंतर- 39452

**पंजाब- लुधियाना सीट**



जीते- संजीव अरोड़ा, आप — मत- 35942
हारे- भारत भूषण आशू, कांग्रेस — मत- 24542
अंतर- 10637

**प.बंगाल- कालीगंज सीट**



जीते- अलिफा अहमद,टीएमसी — मत- 102759
हारे- आशीष घोष, भाजपा — मत- 52710
अंतर- 50049

---

**खबर संक्षेप**

## कांग्रेस विधायक कागे ने दी इस्तीफे की धमकी



**बेलगावी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के कागवाड़ से कांग्रेस के विधायक भरमगौड़ा अलगौड़ा कागे ने सोमवार को कहा कि वह विधानसभा से इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में प्रशासनिक ढांचा बिगड़ गया है। बेलगावी में पत्रकारों से बात करते हुए कागे ने अपने क्षेत्र में विकास कार्यों में देरी पर नाराजगी जताई। कागे ने आरोप लगाया, पूरे राज्य का प्रशासन ठप हो गया है। मुझ बहुत दुख हुआ है। मैं गंभीरता से इस्तीफे पर विचार कर रहा हूं। अगर अगले दो दिनों में मैं मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को इस्तीफा दे दूं तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए।

## ओडिशा में अफगान घुसपैठिया गिरफ्तार



**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने आव्रजन अधिकारियों की मदद से एक अफगानी घुसपैठिये को गिरफ्तार किया है, जो जाली दस्तावेज के सहारे 2018 से कटक में रहकर व्यापार कर रहा था। आरोपी की पहचान मोहम्मद यूसुफ (54) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान-पत्र समेत कई जाली दस्तावेज जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, यूसुफ को शनिवार को गिरफ्तार किया और वह काबुल निवासी मोहम्मद नसीम खान का पुत्र है।

---

### गृह मंत्री शाह ने बस्तर से आए 70 जवानों से मुलाकात की

**आपकी बहादुरी को सलाम...**

# बस्तर से लौटे जवानों से मिले गृह मंत्री अमित शाह, साथ में खाया खाना

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि बस्तर जैसे संवेदनशील और नक्सल प्रभावित क्षेत्र में डटे रहकर देश की सुरक्षा में योगदान देना, अद्वितीय साहस और समर्पण का प्रमाण है



**अमित शाह ने जवानों से सुझाव मांगे**



एजेंसी ▶▶ रायपुर

गृह मंत्री अमित शाह ने बस्तर क्षेत्र से आए सुरक्षा बलों के जवानों से मुलाकात की। इस खास मौके पर बस्तर से आए करीब 70 जवानों से उन्होंने न सिर्फ बातचीत की, बल्कि उनके साथ लंच भी किया। यह मुलाकात सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि जवानों का मनोबल बढ़ाने और उनकी जमीनी जरूरतों को समझने का एक सराहनीय प्रयास भी रही। अमित शाह ने जवानों से खुलकर बात किया और उनके अनुभव, संघर्ष और सेवा भावना को सराहा। उन्होंने कहा कि बस्तर जैसे संवेदनशील और नक्सल प्रभावित क्षेत्र में डटे रहकर देश की सुरक्षा में योगदान देना, अद्वितीय साहस और समर्पण का प्रमाण है। जवानों की प्रतिबद्धता के कारण ही नक्सलवाद के खिलाफ जारी लड़ाई में लगातार सफलता मिल रही है। मुलाकात के दौरान गृह मंत्री ने नक्सल प्रभावित इलाकों में हालात की समीक्षा भी की। अमित शाह ने जवानों से उनकी राय और सुझाव भी लिए कि जमीनी स्तर पर किन रणनीतियों से और बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। यह स्पष्ट है कि सरकार अब नक्सलियों के खिलाफ अगली रणनीति तय करने से पहले जमीनी स्तर पर काम कर रहे जवानों की राय को प्राथमिकता दे रही है।

सरकार नक्सलियों के खिलाफ रणनीति में जवानों की राय ले रही है

**सरकार उनके हर कदम में साथ**

बता दें कि गृह मंत्री ने जवानों के साथ लंच किया। वहीं जवानों ने भी अपने अनुभव साझा किए और गृह मंत्री के साथ संवाद का अवसर पाकर उत्साहित नजर आए। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार उनके हर कदम में साथ है और उनके कल्याण के लिए लगातार योजनाएं बनाई जा रही हैं। यह मुलाकात एक प्रतीक है कि केंद्र सरकार न केवल नीतिगत निर्णय ले रही है, बल्कि जमीनी सच्चाई को भी समझने की दिशा में गंभीर है। अमित शाह की यह पहल निश्चित ही जवानों का हौसला बढ़ाएगी और नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में एक नई ऊर्जा का संचार करेगी। यह बैठक आने वाले समय में नक्सलियों के खिलाफ सरकार की मजबूत और योजनाबद्ध रणनीति का हिस्सा साबित हो सकती है। वहीं अमित शाह इसके बाद रायपुर एयरपोर्ट से वाराणसी के लिए रवाना हो गए।

## शाह ने शहीद आकाशराव गिरिपुंजे के परिजनों से की मुलाकात

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में सुकमा में आईईडी विस्फोट में बलिदान आकाशराव गिरिपुंजे के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें सांत्वना प्रदान की। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे की वीरता और बलिदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी शहादत देश के लिए अविस्मरणीय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश हमेशा



उनके बलिदान का ऋणी रहेगा और उनकी शहादत को कभी व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। शाह ने शहीद के साहस को प्रेरणादायी बताते हुए उनके योगदान को राष्ट्र के लिए अमूल्य करार दिया। इस अवसर पर शाह ने शहीद के परिजनों को आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ हर कदम पर खड़ी है।

---

### थरूर के विचार कांग्रेस से हो रहे अलग

## पीएम मोदी की वैश्विक सक्रियता ही भारत की सबसे प्रमुख ताकत

- *फिर प्रधानमंत्री की तारीफ में थरूर ने पढ़े कसीदे*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक स्तर पर भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा, सक्रियता और संवाद करने की इच्छाशक्ति भारत के लिए एक प्रमुख संपत्ति है। हालांकि शशि थरूर की ये टिप्पणी कांग्रेस पार्टी की आधिकारिक लाइन से मेल नहीं खाती, जो लगातार मोदी सरकार की विदेश नीति की आलोचना कर रही है। कांग्रेस नेता का यह लेख एक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ है, जिसमें उन्होंने हाल ही में हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत की कूटनीतिक पहल को राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संप्रेषण का उदाहरण बताया।

थरूर ने अपने लेख में लिखा, प्रधानमंत्री मोदी की ऊर्जा, सक्रियता और वैश्विक स्तर पर संवाद की तत्परता भारत की एक बड़ी ताकत है, जिसे और अधिक समर्थन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले और उसके जवाब में शुरू हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत की कूटनीतिक सक्रियता ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति को मजबूत किया। कांग्रेस नेता ने बताया कि उन्होंने एक सात सदस्यीय बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जिसने अमेरिका समेत गयाना, पनामा, कोलंबिया और ब्राजील जैसे देशों की यात्रा की। इन दौरों का उद्देश्य था दुनिया को यह समझाना कि भारत का हमला आतंकवाद के खिलाफ एक आत्मरक्षा का कदम था, न कि किसी राष्ट्र के खिलाफ युद्ध। उन्होंने कहा, हमारी एकजुटता ने दुनिया के सामने एक मजबूत संदेश दिया कि भारत आतंकवाद के मुद्दे पर एक स्वर में बोलता है, चाहे अंदरूनी राजनीति में कितने भी मतभेद हों।

**कोलंबिया का समर्थन, यूएस भी सहमत**

शशि थरूर ने दावा किया कि भारत की कूटनीति की सफलता इस बात से साबित होती है कि कोलंबिया ने अपने पहले दिए गए बयान (जिसमें पाकिस्तान में नागरिक मौतों पर संवेदना जताई गई थी) को वापस लेकर भारत के आत्मरक्षा के अधिकार को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका में भी भारतीय पक्ष को सहानुभूति मिली, जबकि वहां पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद था। अमेरिकी अधिकारियों ने भारत के इस दृष्टिकोण का समर्थन किया कि लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के खिलाफ ठोस कार्रवाई होनी चाहिए।

---

### इंडिगो के 3 अफसरों पर एससी-एसटी एक्ट का केस दर्ज

## जातिसूचक शब्द कहे, कहा-तुम जूते सिलो, नहीं हो प्लेन उड़ाने के लायक

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम



हरियाणा के गुरुग्राम में इंडिगो एअरलाइंस के एक ट्रेनी पायलट ने फ्लाइट के कैप्टन समेत 3 लोगों पर एससी,एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। ट्रेनी पायलट ने आरोप लगाया कि उसे भरी मीटिंग में बेइज्जत कर जातिसूचक शब्द कहे गए। जातिसूचक शब्द के साथ कहा गया- यू आर नॉट फिट टू फ्लाई, यू गो बैक एंड स्टिच द स्लीपर्स (तुम प्लेन उड़ाने के काबिल नहीं हो, वापस जाओ और चप्पलें सिलो)। गुरुग्राम में मीटिंग के बाद ट्रेनी पायलट ने बेंगलुरु में अपने साथ हुई घटना की पुलिस से शिकायत की। कर्नाटक पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर गुरुग्राम भेजी है। इसके बाद गुरुग्राम के डीएलएफ फेज-1 थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, एअरलाइंस ने इन आरोपों को झूठा बताया है। साथ ही कानूनी कार्रवाई में सहयोग करने की भी बात कही है। बेंगलुरु सिटी (कर्नाटक) के शोभा सिटी सेंटोरिनी में रहने वाले 35 वर्षीय शरण ए ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह इंडिगो एयरलाइंस में ट्रेनी पायलट हैं। वह आदि द्रविड़ समाज से आते हैं, जो अनुसूचित जाति कैटेगरी में है। उनका आरोप है कि उन पर कई बार ड्यूटी के दौरान कार्यस्थल पर जातीय टिप्पणी की गई। बताया कि 28 अप्रैल 2025 को गुरुग्राम के सेक्टर-24 स्थित एमार कैपिटल टावर-2 में एक मीटिंग में उन्हें बुलाया गया।

---

### तेज प्रताप-दुश्मन हर जगह

## साजिश रचने वाले नामों का करेंगे खुलासा, छोड़ेंगे नहीं

एजेंसी ▶▶ पटना



पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के बेटे तेज प्रताप यादव ने कहा है कि वो जल्द उन पांच नामों का खुलासा करेंगे जिसने उनके खिलाफ साजिश रची। उनको पार्टी और परिवार से बाहर निकलवाया। तेज ने काह कि साजिश के तहत उनके निजी जिन्दगी के बारे में सबको बताया गया। लालू यादव को लेकर जब उनसे सवाल हुआ तो वो भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि हसनपुर की जनता ने उन्हें चुना है। किसी के आशीर्वाद से वो विधायक नहीं बने हैं।बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने कहा, मुझे संगठन, परिवार, पार्टी हर तरीके से निकाल दिया गया हैं। मैंने कभी किसी के लिए गलत नहीं सोचा है। हमेशा माता-पिता का सम्मान किया है। तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बने ये एक बड़े भाई का आशीर्वाद है। यादव ने कहा, जिस तरीके से प्रकरण हुआ, किन लोगों के माध्यम से साजिश करके मुझे पार्टी से निकाला गया।

---

## भाषणों का संग्रह किया भेंट



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन के साथ, नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में उनके चयनित भाषणों के संग्रह, विंग्स टू अवर होप्स और आशाओं की उड़ान पुस्तकों के दूसरे खंड की पहली प्रतियां भेंट की गईं।

---

### सोसाइटी की 47वीं वार्षिक आम बैठक

## पीएम मोदी ने पीएमएमएल सोसाइटी की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी की एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि, सोसाइटी की 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) तीन मूर्ति भवन में हुई। सरकार ने इस साल की शुरुआत में पीएमएमएल सोसाइटी का पुनर्गठन किया था, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और प्रसिद्ध फिल्म निर्माता शेखर कपूर को जगह मिली थी। पीएमएमएल के प्रमुख निर्णय लेने वाले निकाय में प्रधानमंत्री अध्यक्ष के रूप में और रक्षा मंत्री उपाध्यक्ष के



रूप में शामिल हैं। इस बैठक में राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी और केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, गजेंद्र सिंह शेखावत और अश्विनी वैष्णव भी मौजूद थे। संस्कृति मंत्रालय के 13 जनवरी के आदेश के अनुसार, प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्रा को संगठन के अध्यक्ष के रूप में एक और पांच साल का कार्यकाल मिला है। प्रतिष्ठित संस्थान की सोसायटी में कई नए लोग शामिल हुए।

---

### सूरत में 7 इंच बारिश, बाढ़ जैसे हालात, स्कूल बंद

## राजस्थान में बारिश का रेड अलर्ट, ओडिशा में 50 हजार लोग बाढ़ प्रभावित, महिला की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के 26 राज्यों में मानसून पहुंच चुका है। गुजरात के सूरत शहर में पिछले 24 घंटे से तेज बारिश होती रही है। सोमवार सुबह 8 बजे से 12 बजे तक चार घंटे में ही 7 इंच बारिश हुई। सूरत में रविवार शाम को मानसून की एंट्री हुई थी। इसके बाद हुई बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। जगह-जगह पानी भर गया है। सूरत प्रशासन से आज स्कूल की छुट्टी कर दी है। सूरत में पहले दिन की बारिश ने 2006 में बाढ़ जैसे हालात की याद ताजा कर दी। साल 2006 में 7-10 अगस्त में हुई भारी बारिश से सूरत का करीब 80-95% हिस्सा डूब गया था।

**घर हुए जल मग्न, सड़कों पर पानी ही पानी**



वहीं, राजस्थान के कई इलाकों में भारी बारिश हो रही है। माउंट आबू में 24 घंटे में 7 इंच पानी बरसा। इसके चलते यहां कई नदियां उफान पर हैं। कई छोटे-बड़े गांवों और कस्बों का संपर्क दूसरे स्थानों से कट गया। राजस्थान में 1 जून से अब तक सामान्य से 133% ज्यादा बारिश हो चुकी है। ओडिशा के 50 गांव में बाढ़ की स्थिति है। इसके कारण राज्य के 50 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 24 साल की एक महिला तेज धार में बह गई, जिससे उसकी मौत हो गई। बाढ़ प्रभावित इलाकों में टीमें तैनात की गई हैं।

**आज ऐसा रहेगा मौसम का हाल**

मंगलवार को गुजरात, सौराष्ट्र-कच्छ, मध्य महाराष्ट्र, कोंकण गोवा, बिहार, छत्तीसगढ़, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश का ऑरेंज अलर्ट। सिक्किम, बंगाल, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, उप्र, ओडिशा, झारखंड, बंगाल, कर्नाटक, केरल में भारी बारिश हो सकती है।

---

## भारी बारिश के कारण माता वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन, कोई हताहत नहीं



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के नए मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन हो गया जिसके कारण बैटरी कार सेवा को स्थगित करना पड़ा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रा अब पुराने मार्ग से संचालित की जा रही है और बिना किसी व्यवधान के जारी है। अधिकारियों ने बताया कि हिमकोटी मार्ग पर 'सत्या व्यू प्वाइंट' के पास जिस समय भूस्खलन हुआ तब वहां श्रद्धालुओं की आवाजाही नहीं थी। उन्होंने बताया कि श्राइन बोर्ड ने तुरंत अपने कर्मियों और मशीनों को 30 फुट से अधिक क्षेत्र में फैले मलबे को साफ करने के काम में लगा दिया।

भारतीय सेना की बढ़ेगी मारक क्षमता

# पिनाका रॉकेट की दो नई रेजिमेंट बनेंगी, छह पहले से ही कर रहीं काम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना अपनी मारक क्षमता को और बढ़ाने जा रही है। आने वाले महीनों में सेना पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर (एमबीआरएल) सिस्टम के दो और रेजिमेंट बनाएगी। इस साल के अंत तक दो और रेजिमेंट के लिए उपकरण मिलने की उम्मीद है। फिलहाल, चीन और पाकिस्तान से लगे उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर पिनाका के छह रेजिमेंट पहले से ही काम कर रहे हैं। नई रेजिमेंट तैयार होते ही सेना की मारक क्षमता में और भी ज्यादा मजबूती आ जाएगी। भारतीय सेना की योजना है कि 2026 तक पिनाका रेजिमेंट की संख्या 10 तक पहुंचा दिया जाए। इसके साथ ही, पुरानी रूसी तकनीक वाले ग्रैड बीएम-21 रॉकेट लॉन्चर को भी बदल दिया जाएगा। पिनाका को भारतीय रक्षा और अनुसधान संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है, जो आने वाले समय में सेना का मुख्य रॉकेट आर्टिलरी सिस्टम बनेगा। सेना का लक्ष्य 2042 तक आर्टिलरी यूनिटों के आधुनिकीकरण का काम पूरा करने का है।

2042 तक आर्टिलरी यूनिटों के आधुनिकीकरण का लक्ष्य

समुद्र तल पर 38 किमी दूर तक तक ठिकानों को मारने में हैं सक्षम



### सैनिकों की ट्रेनिंग चल रही

दो रेजिमेंट के लिए सैनिकों की ट्रेनिंग चल रही है। ये नई रेजिमेंट अगले कुछ महीनों में पूरी तरह से काम करने लगेंगी। बाकी दो यूनिटों के लिए लॉन्चर, उपकरण और सिस्टम इस साल के अंत तक मिल जाएंगे। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो ये यूनिट 2026 की शुरुआत से काम करना शुरू कर देंगे। एक रेजिमेंट में 18 पिनाका रॉकेट लॉन्चर होते हैं।

### 44 सेकंड में 72 रॉकेट फायर होते

हर पिनाका रेजिमेंट में तीन बैटरी होते हैं और एक बैटरी से मौजूद पिनाका लॉन्चर्स सिर्फ 44 सेकंड में 72 रॉकेट फायर कर सकते हैं, जो



कि 1,000 मीटर से 800 मीटर के इलाके में दुश्मन के टारगेट को पूरी तरह से नष्ट कर सकते हैं। 'पिनाका' नाम 'भगवान शिव के धनुष' से लिया गया है। पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर एक 214-एमएम रॉकेट सिस्टम है। यह स्मर्च मल्टी-रॉकेट लॉन्चर के साथ सेना के सबसे शक्तिशाली रॉकेट सिस्टम में से एक है। ये दुश्मन के इलाके में गहराई तक सटीक निशाना लगा सकते हैं।

**2,580 करोड़ का लागत अनुबंध**

*अभी सेवा में मौजूद छह पिनाका रेजिमेंट में से दो 2020 में दिए गए छह रेजिमेंट के अतिरिक्त ऑर्डर का हिस्सा थे। इन दो रेजिमेंटों को 2024 में बनाया गया था। अगस्त 2020 में, रक्षा मंत्रालय ने भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल), टाटा पावर कंपनी लिमिटेड (टीपीसीएल), और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के साथ लगभग 2,580 करोड़ रुपए की लागत पर आर्टिलरी रेजिमेंट को ये सिस्टम सप्लाई करने के लिए अनुबंध किया था।*

### छह रेजिमेंट में 114 लॉन्चर

छह ऑपरेशनल पिनाका रेजिमेंट में फिलहाल 114 लॉन्चर हैं। इनमें ऑटोमेटेड गन एमिंग एंड पोजिशनिंग सिस्टम (एजीएपीएस) लगा है। टीपीसीएल और एलएंडटी की ओर से सप्लाई किए जाने वाले 45 कमांड पोस्ट और बीईएमएल द्वारा सप्लाई किए जाने वाले 330 वाहन भी हैं। भारत में विकसित पिनाका रॉकेट समुद्र तल पर 38 किलोमीटर तक की दूरी पर स्थित ठिकानों को मार सकते हैं। पहाड़ी इलाकों में इनकी रेंज काफी बढ़ जाती है। इससे सेना की डीप स्ट्राइक क्षमता और भी बढ़ जाती है।


### पुराने ग्रैड रॉकेट सिस्टम बदले जाएंगे

पिनाका उत्तरी सीमाओं पर सेना की लंबी दूरी तक हमला करने की क्षमताओं को बढ़ाएगा। यहां यह बोफोर्स तोपों, अल्ट्रा लाइट होवित्जर एम777 और अपग्रेड किए गए एल-70 एयर डिफेंस गन जैसे अन्य आर्टिलरी सिस्टम के साथ मिलकर काम करेंगे। सेना की दीर्घकालिक योजना पुराने ग्रैड रॉकेट सिस्टम को पूरी तरह से खत्म करने और उनकी जगह अधिक उन्नत और स्थानीय रूप से निर्मित पिनाका रेजिमेंटों को शामिल करने की है। इससे सेना की मारक क्षमता मजबूत होगी। ग्रैड-21 भी 1960 के दशक के रूसी (तत्कालीन सोवियत संघ) मूल का एक मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम है। इसका पहली बार इस्तेमाल सोवियत संघ ने 1969 के चीन-सोवियत युद्ध में किया था। यह 40 रॉकेटों का एक साल्वो फायर कर सकता है।

## खबर संक्षेप

### रैपर पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप

**नई दिल्ली।** इंडियन रैपर रफ्तार ने कनाडाई रैपर टॉमी जेनेसिस पर उनके नए म्यूजिक वीडियो 'टू ब्लू'



में धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया है। इस म्यूजिक वीडियो के कुछ सीन सामने आए हैं, जिनमें रैपर टॉमी के लुक को देखकर लोग भड़क गए हैं और उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा रहे हैं। वीडियो में रैपर काफी सेंसेशनल और अश्लील डांस मूव्स किए हैं। इसी पर रफ्तार ने नाराजगी जताई है।

### ज्योति की न्यायिक हिरासत दो सप्ताह बढ़ाई

**हिसार।** हरियाणा के हिसार की एक अदालत ने जासूसी के संदेह में गिरफ्तार की गई यूट्यूबर ज्योति



मल्होत्रा की न्यायिक हिरासत सोमवार को 14 दिनों के लिए बढ़ा दी। ज्योति को न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन से जासूसी के संदेह में 16 मई को गिरफ्तार किया था। ज्योतिक के वकील कुमार मुकेश ने कहा कि उनकी न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। सुनवाई की अगली तारीख 7 जुलाई तय की है। 33 वर्षीय ज्योति वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश हुई।

ईरान के हमले में इजराइल को भी जबरदस्त नुकसान

# तेल अवीव से लेकर हाइफा तक... अंधेरे में डूबे इजराइल के कई शहर

भीषण बिजली कटौती का संकट गहराया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान और इजराइल एक दूसरे के खिलाफ लगातार मिसाइल और ड्रोन हमले को अंजाम दे रहे हैं। एक तरफ जहां इजराइल के बाद अमेरिका ने भी ईरान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वहीं, दूसरी तरफ ईरान की ओर से लगातार इजराइल पर मिसाइलें दागी जा रही हैं। ईरान के हमले के इजराइल को भी जबरदस्त नुकसान पहुंचा है। ईरान ने इजराइल के कई रिहायशी इलाकों पर हमले किए हैं। ईरान ने अब तक इजराइल पर 400 मिसाइलें दागीं हैं, जिसकी वजह से इजराइल में 24 लोगों की मौत हो चुकी है वहीं, 804 लोग घायल हुए हैं। दूसरी तरफ ईरान में 224-585 लोग मारे गए हैं।

इजराइल इलेक्ट्रिक कॉरपोरेशन (आईईसी) ने सोमवार को कहा कि ईरान ने इजराइल के कई महत्वपूर्ण ठिकानों पर बमबारी की है, जिसकी वजह से इजराइल को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। आईईसी टीमें बुनियादी ढांचे की मरम्मत कर रही हैं और सुरक्षा खतरों को दूर कर रही हैं। बता दें, तेल अवीव और हाइफा जैसे शहरों पर ईरान की ओर से लगातार बमबारी की जा रही है। रविवार को इजराइली एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इजराइल के एअरस्पेस को पूरी तरह बंद कर दिया है।

ईरान ने अब तक इजराइल पर 400 मिसाइलें दागीं

इजराइल के 15 लड़ाकू विमानों का पश्चिमी ईरान पर हमला



तेल अवीव शहर के केंद्रीय बस स्टेशन के नीचे बम शेल्टरों में रह रहे इजराइली नागरिक

### दोनों देशों के बीच संघर्ष तेज

इजराइल की सेना ने कहा कि सोमवार सुबह ईरान से इजराइल की ओर मिसाइलों की बौछार की गई। सेना ने कहा कि ईरान ने अतिरिक्त बमबारी की। सेना ने कहा है कि ईरान में सोमवार सुबह एक अभियान के दौरान उसके एक ड्रोन को मार गिराया गया। 15 लड़ाकू विमानों ने इराक की सीमा से सटे पश्चिमी ईरान में मिसाइल लांचर और भंडारण स्थलों पर हमला किया। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार देर रात कहा कि इजराइल, ईरान के परमाणु और मिसाइल खतरों को दूर करने के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के बेहद करीब है।

### ईरानी तानाशाह को करेंगे दंडित

इजराइल अब तेहरान में एविन कारागार सहित ईरानी सरकार के प्रतिष्ठानों पर हमला कर रहा है। इजराइल के रक्षा मंत्री ने यह जानकारी दी। इजराइल ने ईरान के पैरामिलिट्री रिवोल्यूशनरी गार्ड के सुरक्षा मुख्यालय, शहर के फिलिस्तीन स्क्वायर तथा पैरामिलिट्री बासिज वॉलंटियर कोर बिल्डिंग को भी निशाना बनाया। यह रिवोल्यूशनरी गार्ड का एक हिस्सा है। मंत्रालय ने कहा कि ईरानी तानाशाह को इजराइल पर हमला करने के लिए पूरी ताकत से दंडित किया जाएगा।

### अमेरिका हमला ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन

सशस्त्र बलों के कर्मचारियों के संयुक्त प्रमुख, ईरानी जनरल अब्दुलरहीम मौसवी ने सोमवार को अमेरिका को चेतावनी दी कि उसके हमलों ने ईरानी सशस्त्र बलों को 'अमेरिकी हितों और उसकी सेना के खिलाफ कार्रवाई करने' की 'खुली छूट' दे दी है। मौसवी ने कहा कि ईरान ऐसा करने में संकोच नहीं करेगा। उन्होंने अमेरिकी हमले को ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन, देश में इजराइली युद्ध में प्रवेश करने और देश पर आक्रमण करने के समान बताया।

### ट्रंप के खिलाफ गुस्सा

*अमेरिकी हमलों के खिलाफ पूरी दुनिया में हो रहे प्रदर्शन*




अमेरिका के ईरान पर हमलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। ये विरोध प्रदर्शन अमेरिका समेत पूरी दुनिया में हो रहे हैं। जर्मनी, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और भारत में विरोध प्रदर्शन हुए, जहां प्रदर्शनकारियों ने हमले की निंदा की। लोग सड़कों पर ईरान के समर्थन में नारेबाजी कर रहे हैं। उनमें से कई लोगों ने अमेरिका पर दादागिरी करने का आरोप भी लगाया है। प्रदर्शनकारियों ने युद्ध-विरोधी नारे लगाए और ट्रंप प्रशासन से इजरायल का समर्थन बंद करने और बढ़ते संघर्ष से पीछे हटने का आग्रह भी किया। अमेरिका में, रविवार को कई शहरों में बड़े पैमाने पर युद्ध-विरोधी प्रदर्शन हुए, जिनमें 'ईरान से हाथ हटाओ' और 'ईरान पर कोई अमेरिकी-इजराइल युद्ध नहीं' लिखे बैनर थे। व्हाइट हाउस के बाहर, प्रदर्शनकारियों ने ईरानी झंडे लहराए और समाजवादी थीम वाले संकेत लिए हुए थे। यह कार्यक्रम जॉर्ज सोरोस और मुस्लिम ब्रदरहुड से जुड़े समूहों द्वारा आयोजित किया गया था। न्यूयॉर्क शहर और वाशिंगटन, डीसी में बड़ी भीड़ इकट्ठा हुई और युद्ध विरोधी और ट्रंप विरोधी प्रदर्शन किए।

ईरान से सुरक्षित लौटे भारतीय बोले

## पीएम मोदी महान, भारतीय नेतृत्व और ऑपरेशन सिंधु की सराहना की



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार की ओर से 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत ईरान से अपने नागरिकों को वापस लाने का काम जारी है। इस बीच, सोमवार को ईरान से सकुशल देश वापस लौटे लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। विस्थापितों में से एक ने बताया कि मुझे ईरान से वापस लाया गया। हम गंभीर संकट में थे। मैं हमारी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं। पिछले 22 दिनों से ईरान में रह रहे एक व्यक्ति ने कहा कि भारतीय दूतावास लगातार हमारे संपर्क में रहा। उन्होंने हमारी सुरक्षा सुनिश्चित की, हमें भोजन और दवा उपलब्ध कराई। हम वास्तव में आभारी हैं। जय मोदी! एक महिला ने कहा कि वहां स्थिति बहुत खराब थी, लेकिन भारतीय दूतावास ने हमारा पूरा समर्थन किया। हमें कोई कठिनाई नहीं हुई।

### हमारे भारत से बेहतर कुछ नहीं

एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि हमारे भारत से बेहतर कुछ नहीं है। हमारे पीएम मोदी वाकई महान हैं। एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि ईरान में स्थिति भयावह थी और लगातार बमबारी हो रही थी। इसके बावजूद, भारत सरकार ने उचित व्यवस्था की। पीएम मोदी ने हम सभी का ख्याल रखा। एक अन्य व्यक्ति ने निर्बाध समन्वय की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार ने ईरान से हमें लेने से लेकर घर वापस लाने तक शानदार काम किया। भारतीय दूतावास लगातार संपर्क में था। मैं बेहद आभारी हूं।

### सोमवार को 285 भारतीय नागरिक पहुंचे

'ऑपरेशन सिंधु' के तहत सोमवार को 285 भारतीय नागरिकों का एक और जत्था सुरक्षित रूप से नई दिल्ली पहुंचा, जिससे निकाले गए लोगों की कुल संख्या 1,713 हो गई। यह बड़े पैमाने पर निकासी प्रयास मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष, विशेष रूप से ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष के जवाब में किया गया है। इस उड़ान में दिल्ली, बिहार, गुजरात, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और जम्मू और कश्मीर सहित विभिन्न राज्यों के यात्री शामिल थे। विदेश मंत्रालय द्वारा समन्वित 'ऑपरेशन सिंधु' दुनिया के सबसे अस्थिर क्षेत्रों में भी अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

चुनावों में हेराफेरी करने का आरोप

## बांग्लादेश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त गिरफ्तार, भीड़ ने मारे अंडे, की पिटाई

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त केएम नूरुल हुदा को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन पर अपने कार्यकाल के दौरान चुनावों में हेराफेरी करने का आरोप लगा है। इस बात की जानकारी पुलिस ने दी। ढाका महानगर पुलिस क डिप्टी कमिश्नर मोहिदुल इस्लाम ने रविवार को बताया कि हुदा को हुदा को पूर्व पीएम खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की ओर से पूर्व चुनाव आयोग प्रमुख और अपदस्थ पीएम शेख हसीना समेत 18 अन्य के खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है।

### भीड़ ने गालियां भी दी



सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में लोगों का एक समूह हुदा को जूतों से पीटता, उन्हें जूतों की माला पहनाता और उनके ऊपर अंडे फेंकता हुआ दिखाई दे रहा है। वीडियो में भीड़ उन्हें गंदी भाषा में गालियां देती और पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद भी उन्हें पीटती नजर आ रही है। हुदा पर हमले से सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया, जिसके कारण मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार को आधी रात के आसपास एक बयान जारी करना पड़ा।

### दो पूर्व सांसद विभिन्न आरोपों में गिरफ्तार

ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) ने नवाबगंज उपजिला की आरक्षित सीट से अवामी लीग की एक पूर्व सांसद सबीना अख्तर तुहिन को सोमवार को भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा भड़काने और देश के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया। इसके अलावा, मुंशीगंज-3 से पूर्व निर्दलीय सांसद मोहम्मद फैसल बिप्लब को पिछले साल जुलाई में हुए आंदोलन से जुड़े एक हत्या मामले में रविवार शाम को एक अन्य डीबी टीम ने गिरफ्तार किया।

सिंधु जल समझौते पर बोले बिलावल

## इंशाअल्लाह पाकिस्तान एक और जंग लड़ेगा, अब 6 नदियों पर करेंगे कब्जा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ज़रदारी ने एक बार फिर भारत को युद्ध की गीदड़भभकी दी है। एक जनसभा को संबोधित करते हुए बिलावल भुट्टो ने आक्रामक लहजे में कहा कि भारत या तो संधि को फिर से मान्यता दे या फिर जंग के लिए तैयार रहे। अगर भारत ने पानी रोका, तो पाकिस्तान सभी छह नदियों पर कब्जा करेगा। बिलावल भुट्टो का ये बयान भारत के गृह मंत्री अमित शाह के बयान के बाद आई है। शाह ने कहा है कि भारत का सिंधु समझौता बहाल करने का कोई इरादा नहीं है। जिसे बिलावट भुट्टो बौखला गए और भारत को युद्ध की धमकी दे दी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान का पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने भी विरोध किया है।



बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि अगर सिंधु जल संधि फिर से बहाल नहीं की गई तो पाकिस्तान हमला करते हुए सभी छह नदियों पर कब्जा कर सकता है। उन्होंने कहा कि यदि भारत सिंधु के पानी की तरफ आंख भी दिखाता है तो इंशाल्लाह हम एक और जंग लड़ेंगे और एक बार फिर ने उन्हें शिकस्त देंगे। भुट्टो ने कहा कि हम इनको बताना चाहते हैं कि आपको सिंध का वादा मानना पड़ेगा।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश के मलबे का भी हुआ एक्सीडेंट



**अहमदाबाद।** 12 जून को अहमदाबाद में हुआ एआई 171 विमान हादसा लोगों को अभी भूला भी नहीं था कि उसी हादसे से जुड़ी एक और चौंकाने वाली घटना सामने आ गई। डीजीसीए की टीम एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त विमान एआई 171 के टूटे टुकड़ों को ट्रक में भरकर एयरपोर्ट की ओर ले जा रही थी। जब ट्रक शाहीबाग इलाके के पास एसीबी कार्यालय के करीब पहुंचा, तो उसमें लदा विमान का पिछला हिस्सा एक पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि विमान की पूंछ पेड़ में फंस गई और ट्रक वहीं रुक गया। इस घटना के बाद करीब 2 घंटे रास्ता बंद रहा। ट्रैफिक इतना ज्यादा बढ़ गया कि गाड़ियां कई घंटों तक रेंगती रहीं।

भारत-फ्रांस के मध्य सैन्य युद्धाभ्यास

## हवाई खतरों के खिलाफ दोनों सेनाएं साझा ड्रोन-रोधी प्रशिक्षण में जुटीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत और फ्रांस की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास 'शक्ति' इस समय फ्रांस के कैंप लारजैक, ला कावेलरी में पूरी गति से जारी है। भारत व फ्रांस यहां अपने अत्याधुनिक हथियारों से कॉम्बैट व गोलाबारी का अभ्यास कर रहे हैं। यहां आधुनिक हवाई खतरों से निपटने के लिए दोनों पक्षों ने मिलकर ड्रोन-रोधी तकनीक पर भी प्रशिक्षण लिया। इस अभ्यास में आक्रामक ड्रोन को निष्क्रिय करने वाले अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म्स का लाइव प्रदर्शन किया गया है। दोनों देशों की टुकड़ियां गहन संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण में लगी हुई हैं। इस संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण का उद्देश्य सह-कार्य क्षमता, सामरिक समन्वय और दोनों सेनाओं के बीच आपसी विश्वास को बढ़ाना है। संयुक्त युद्धाभ्यास 'शक्ति' का यह आठवां संस्करण है। दोनों सेनाएं उप-पारंपरिक अभियानों पर केंद्रित मिशन-आधारित ड्रिल्स कर रही हैं। इनमें कॉम्बैट शूटिंग, बाधा पार अभ्यास, संयुक्त योजना निर्माण और एडवांस्ड ऑब्स्टेकल कोर्स ट्रेनिंग शामिल हैं।

बद्रीनाथ हाईवे पर बारिश का कहर, पहाड़ी से गिरे पत्थरों की चपेट में आया वाहन

# पर्यटक महिला की दर्दनाक मौत, दो अन्य गंभीर रूप से घायल

एजेंसी ▶▶ चमोली

उत्तराखंड के बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह एक बेहद दर्दनाक हादसा हुआ। जोशीमठ से चमोली की ओर जा रही एक कार पर पातालगंगा के पास अचानक पहाड़ी से पत्थर गिरने लगे, जिससे वाहन में सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत पीपलकोटी के नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि यह पर्यटक वाहन हरियाणा से आया था। हादसे के बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया। क्षेत्र में रविवार रात से लगातार बारिश हो रही है, जिससे कई जगहों पर चट्टानें टूटकर गिर रही हैं और भूस्खलन की स्थिति बनी हुई है। इस समय प्रशासन ने यात्रियों से संयम बरतने और मौसम सामान्य होने तक यात्रा स्थगित करने की अपील की है।

*प्रशासन ने हेल्पलाइन 0135-2714484 और मोबाइल नंबर 9897846203 जारी किए*



### प्रशासन की ओर से राहत कार्य जारी

*उत्तराखंड के चमोली जिले में भारी बारिश के कारण बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग भनेरपानी (पिपलकोटी) के पास बंद हो गया है। चमोली पुलिस और चारधाम पुलिस कंट्रोल रूम ने यात्रियों और श्रद्धालुओं को इस बारे में जानकारी दी है। रविवार देर रात से हो रही लगातार बारिश की वजह से सड़क पर मलबा और पत्थर गिरने का सिलसिला जारी है, जिससे सड़क को खोलने का काम बाधित हो रहा है। प्रशासन की ओर से राहत कार्य जारी है, लेकिन लगातार गिरते पत्थरों के कारण मुश्किलें आ रही हैं।*

**यात्रियों से संयम बरतने की अपील**

वहीं चारधाम पुलिस कंट्रोल रूम ने यात्रियों से संयम बरतने की अपील की है और आपात स्थिति में संपर्क के लिए हेल्पलाइन नंबर 0135-2714484 और मोबाइल नंबर 9897846203 जारी किए हैं। प्रशासन यात्रियों को सलाह दे रहा है कि वे मौसम और मार्ग की स्थिति सामान्य होने तक यात्रा स्थगित करें।

### नौ कैंची के पास दुर्घटना

## यमुनोत्री पैदल मार्ग पर हादसा टूटी पहाड़ी, दबे गए कई यात्री

यमुनोत्री पैदल मार्ग पर सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां नौ कैंची के पास पहाड़ी टूट गई।



स्थानीय लोगों के मुताबिक मलबे में कुछ लोगों के दबने की सूचना है। सूचना पर एसडीआरएफ व पुलिस मौके के लिए रवाना हो चुकी है। हालांकि जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दुल सिंह गुसाईं का कहना है कि भूस्खलन के चलते दो से तीन लोगों के दबने की सूचना है। सूचना पर जानकीचट्टी सहित अन्य जगहों से भी राहत एवं बचाव टीमों को रवाना किया गया है।



# राज कपूर की तरह बन-ठनकर निकले रणबीर

**मुंबई।** रणबीर कपूर का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वो अपने दादा जी राज कपूर वाले लुक में दिख रहे हैं। उन्हें देखकर लोगों ने उन्हें-आवारा रणबीर कहकर पुकारा तो वो सुनकर मुस्कुराने लगे। इसी के साथ उनके बचपन का भी एक वीडियो सामने आया है, जिसमें रणबीर राज कपूर के साथ झूले पर बैठकर दादा की कॉपी करते दिख रहे हैं। रणबीर कपूर का नया लुक लोगों को काफी हैरान कर रहा है। दरअसल, उनका एक वीडियो सामने आया है जिसमें रणबीर कपूर अपने दादा जी राज कपूर के अंदाज में दिख रहे हैं। रणबीर को देखकर लोगों को राज कपूर की फिल्म 'आवारा' का गाना 'आवारा हूं' याद आ रहा।

लाइफ Style

# परिणीति

## भारत में पीरियड्स टैबू पर उठाएं सवाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत के कई हिस्सों में पीरियड्स को लेकर कई टैबू हैं। कहीं घर की किचन से दूर रहने की हिदायत दी जाती है तो कहीं अचार न छूने की। कहीं पीरियड्स के दौरान महिलाओं को जमीन पर सोने का कहा जाता है।

बेशक समय के साथ लोग जागरुक हो रहे हैं, मगर समय-समय पर होने वाले सवाल ऐसे बदलावों की गति तेज करते हैं। इन टैबू पर हाल ही में परिणीति चोपड़ा सवाल करती दिखी हैं। अभिनेत्री परिणीति सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। यहां वे अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी अपडेट शेयर करती दिखती हैं। आज रविवार को परी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें महिलाओं के मासिक धर्म से जुड़े टैबू पर सवाल है। मूल रूप से यह पोस्ट 'द बैटर इंडिया' नाम के इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया गया है। इस पोस्ट में दादी और पोती के बीच संवाद दिखाया गया है। पोती पूछती है, 'दादी, पीरियड्स में मुझे किचन में आने की इजाजत क्यों नहीं है?' दादी जवाब देती है, 'किसने तुम्हें मना किया? बेटा ये पुरानी सोच है'। पोस्ट के साथ लिखा है, 'अचार से लेकर पौधों तक खुले बालों से लेकर पुराने डर तक। एक दादी ने तर्क, प्यार और ज्ञान के साथ मासिक धर्म से जुड़े हर मिथक को धीरे-धीरे तोड़ दिया, क्योंकि एकमात्र चीज 'अशुद्ध' है वह चुप्पी और शर्म है, जिसे हमने बहुत लंबे समय तक रहने दिया है। अब समय आ गया है कि हम जो कुछ भी हमें बताया गया है, उस पर सवाल उठाएं और उन आवाजों को सुनें जो बोलने की हिम्मत रखती हैं'।



हॉलीवुड मसाला



# 3 साल की मालती का टाइट शेड्यूल

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा की बेटी मालती मैरी का जन्म सरोगेसी से हुआ था। उन्होंने हाल ही में अपनी बेटी के बारे में एक शो में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि मालती का एडमिशन हो चुका है। वो स्कूल जाने लगी है। वो अपने दोस्तों के साथ छुट्टियों की प्लानिंग करती है और हर रोज सुबह एक गाना सुनती है, जोकि उसके पापा का गाना नहीं है। प्रियंका चोपड़ा अपनी अपकमिंग हॉलीवुड मूवी 'हेड्स ऑफ स्टेट' के प्रमोशन के लिए जिमी फॉलन के शो 'द टुनाइट' शो में पहुंचीं।



# एवेंजर्सः डूम्सडे होगी अब तक की सबसे महंगी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** साल 2026 में कई फिल्में आने वाली हैं, जिसका दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में मार्वल भी 2026 में अपने दर्शकों के लिए एक तगड़ी फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' ला रहा है। कहा जा रहा है कि मार्वल की ये फिल्म दुनियाभर की सबसे महंगी फिल्म होने वाली है। गोल्ड लटकन इयररिंग्स से कर लें अपने स्टाइल को चेंज, 4 से 5 ग्राम सोने एवेंजर्सः डूम्सडे होगी दुनिया की अब तक की सबसे महंगी फिल्म! बिलियन में पहुंच गया बजट, 2026 में होगा धमाका साल 2026 में कई फिल्में आने वाली हैं, जिसका दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में मार्वल भी 2026 में अपने दर्शकों के लिए एक तगड़ी फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' ला रहा है। कहा जा रहा है कि मार्वल की ये फिल्म दुनियाभर की सबसे महंगी फिल्म होने वाली है।



# समुद्र की लहरों से खेलती नजर आईं सना

**मुंबई।** बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेस फातिमा सना शेख ने सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि वह सर्फिंग (लहरबाजी) कर रही हैं। उन्होंने बताया है कि वह अपनी दोस्त के साथ श्रीलंका गईं और वहां सर्फिंग सीखी। तस्वीरों के साथ उन्होंने एक वीडियो भी शेयर की है, उसमें नजर आ रहा है कि वह समुद्र की लहरों पर तैर रही हैं। फातिमा सना शेख ने लिखा '5 दिन में सर्फिंग सीखने की कोशिश की और थोड़ा-थोड़ा सीख लिया। अपनी दोस्त अदिति सागर के साथ सर्फिंग करने का प्लान बनाया। आखिरी से दूसरे नंबर पर वीडियो में इसका सबूत है। अगर आप श्रीलंका में सर्फिंग सीखना चाहते हैं तो चंदू से सीखना। मैंने जिंदगी में कभी सर्फिंग नहीं की, लेकिन इन्होंने मुझे सिखा दिया।'



# 33 साल के शानदार सफर का मना रहे जश्न

**मुंबई।** शाहरुख खान के फैंस दुनियाभर में हैं। किंग खान से जुड़ी कोई भी खुशी हो, फैंस उसे अलग ही अंदाज में मनाते हैं। अब जब इस महीने शाहरुख के फिल्मी सफर को 33 वर्ष पूरे हो रहे हैं तो फैंस जश्न मनाने में पीछे कैसे रह सकते हैं। वे शाहरुख की सबसे लोकप्रिय फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' की स्क्रीनिंग के जरिए यह खुशी सेलिब्रेट कर रहे हैं। शाहरुख खाने ने साल 1992 में फिल्म 'दीवाना' से अपना करियर शुरू किया। तब से अब तक वे 90 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके हैं। अब भी उनके प्रति फैंस की दीवानगी कम नहीं हुई है। फिल्म 'दीवाना' 25 जून को रिलीज हुई थी। इस साल शाहरुख खान इंडस्ट्री में 33 साल पूरे कर रहे हैं। फैंस के बीच भी उत्साह देखा जा रहा है। यह वीडियो इंस्टैंट बॉलीवुड के इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया गया है।

टीवी मसाला



# द ग्रेट इंडियन कपिल शो में भद्दी और डबल मीनिंग है कॉमेडी...

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन कपिल शर्मा ने 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के तीसरे सीजन से नेटफ्लिक्स पर वापसी की है। पहले शो में सलमान खान मेहमान बन कर आए। उन्होंने दर्शकों को खूब हंसाया। उम्मीद की जा रही थी कि शो में अच्छा एंटरटेनमेंट देखने को मिलेगा लेकिन सोशल मीडिया पर शो को अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है। इस शो की कई वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल रही हैं। सोशल मीडिया यूजर्स इनकी आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने शो के मेकर्स और कपिल शर्मा की आलोचना की है। कुछ यूजर्स का कहना है कि शो में डबल मीनिंग कॉमेडी है और कॉमेडी को बार-बार दोहराया जा रहा है। कई यूजर्स ने शो को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी निराशा जाहिर की है। उनका कहना है कि ज्यादातर जोक्स पुराने हैं। शो की एक क्लिप जिसमें कृष्णा अभिषेक ने महिलाओं के कपड़े पहने हैं उसकी काफी आलोचना हो रही है। शो में कृष्णा अभिषेक सलमान खान को रिझाने की कोशिश कर रहे हैं। यह क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। कई यूजर्स ने इसे भद्दी कॉमेडी बताया है। कई लोगों ने कहा है कि एंटरटेनमेंट के बहाने दूसरी चीजों को प्रमोट किया जा रहा है। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के बारे में एक यूजर ने लिखा है 'वे हमेशा से अश्लील, डबल मीनिंग वाले, महिला विरोधी, शरीर पर भद्दा मजाक करते हैं।' एक और यूजर ने लिखा है 'इस तरह के पुराने क्लिप बहुत मिल जाएंगे।'

## मनीषा रानी ने लगाए जबरदस्त ठुमके

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस मनीषा रानी बहुत कम समय में ही देशभर में लोकप्रिय हो गईं। उन्होंने पहले जो भी प्रोजेक्ट्स किए हों। मगर जब सलमान खान के शो 'बिग बॉस ओटीटी 2' की कंटेस्टेंट बनीं तो रातों-रात छा गईं। इसके बाद उन्हें काम की कमी नहीं हुई। लोगों ने भरपूर प्यार दिया। इंस्टाग्राम पर भी वह एक्टिव रहती हैं और फैंस को लट्टू बनाती रहती हैं। अब लेटेस्ट डांस वीडियो को देखने के बाद भी हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है। इस पर रिएक्ट कर रहा है। इंटरनेट पर ट्रेंडिंग चीजों को हर कोई ट्राई करता है। इस वक्त सिंगर और सॉन्ग राइटर एड शियरन का गाना नीलम काफी पॉप्युलर हो रहा है। हर कोई इस गाने पर थिरकने पर मजबूर है। अब मनीषा रानी ने भी अपनी कमरिया को इस गाने पर कसकर हिलाया है, जिसके बाद तो फंस उनके एक बार फिरे मुरीद हो गए हैं। हाल ही में 'लाफ्टर शेफ्स 2' के कंटेस्टेंट्स ने इसी गाने पर एक रील बनाई थी, जो काफी वायरल हुई थी। और अब 'झलक दिखला जा 10' की विनर ने भी ठुमके लगाए हैं। शॉर्ट ड्रेस में मनीषा रानी बॉम्ब लग रही हैं।



# इन फिल्मों और टीवी शोज के सेट पर हुए हादसे, जान तक गई क्रू मेंबर्स की

**मुंबई।** सोमवार सुबह एंटरटेनमेंट जगत से उस समय बड़ी खबर सामने आई जब लोकप्रिय टीवी शो 'अनुपमा' के सेट पर आग लग गई। हालांकि, खुशकिस्मती रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, ये पहला मौका नहीं है जब किसी टीवी सीरियल या फिल्म के सेट पर कोई बड़ा हादसा हुआ हो। इससे पहले भी कई बार टीवी सीरियल और फिल्मों के सेट पर हादसे हुए हैं, इनमें कई बार लोगों की जान भी चली गई है।



**इंडियन 2 के सेट पर हादसे में गई कई लोगों की जान** : कमल हासन की फिल्म 'इंडियन 2' की शूटिंग के दौरान भी सेट पर एक बड़ा हादसा हो गया था। चेन्नई के ईवीपी स्टूडियो में क्रेन के क्रैश हो जाने से इस हादसे में तीन लोगों की जान चली गई थी। जबकि 15 लोग घायल हो गए थे। इस हादसे में एक्ट्रेस काजल अग्रवाल बाल-बाल बच गई थीं।

**राम चरण की द इंडिया हाउस के सेट पर आई बाढ़** : हाल ही में साउथ स्टार राम चरण की फिल्म द इंडिया हाउस के सेट पर एक हादसा हो गया था, जिसमें क्रू के कुछ लोग घायल हो गए थे। हैदराबाद के शमशाबाद इलाके में शूटिंग के दौरान एक पानी की टंकी फटने के कारण सेट पर भारी बाढ़ जैसे हालात बन गए थे, जिससे सेट पर मौजूद क्रू मेंबर्स और सहायक कैमरामैन घायल हो गए थे।

**केसरी के सेट पर घायल हो गए थे अक्षय** : 2019 में आई अक्षय कुमार की फिल्म केसरी की शूटिंग के दौरान एक एक्शन सीन फिल्माते वक्त हादसा हो गया था, जिसमें अक्षय चोटिल हो गए थे। उन्हें आराम की सलाह दी गई थी, लेकिन उन्होंने काम जारी रखा था।

**अनुष्का की फिल्म के सेट पर हो गई थी मौत** : अनुष्का शर्मा की हॉरर फिल्म परी के सेट पर एक लाइटमैन की करंट लगने से मौत हो गई थी। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में आउटडोर शूटिंग के दौरान यह हादसा हो गया था।

**पद्मावत के सेट पर हुआ था हादसा** : संजय लीला भंसाली की सुपरहिट फिल्म पद्मावत के सेट पर एक हादसे में एक वर्कर की मौत हो गई थी। हालांकि, इसके बाद निर्देशक वर्कर के परिवार की मदद के लिए भी आगे आए थे।

**भूमि के सेट पर हादसे में बाल-बाल बची थीं अदिति** : संजय दत्त और अदिति राव हैदरी की फिल्म भूमि के सेट पर शूटिंग के दौरान आग लग गई थी। इस हादसे में अदिति राव हैदरी बाल-बाल बच गई थीं। आग लगने की जब घटना हुई, उस समय अदिति शादी के एक गाने की शूटिंग कर रही थीं। घटना मुंबई के आरके स्टूडियो में हुई।

**टीवी सीरियल इमली के सेट पर चली गई थी जान** : साल 2023 में टीवी शो इमलीकी शूटिंग के दौरान एक हादसा हो गया था, जिसमें करेंट लगने से एक वर्कर की मौत हो गई थी। हादसा गोरेगांव फिल्मसिटी शूटिंग के वक्त हुआ था।

**गुम है किसी के प्यार में के सेट पर लगी थी आग** : टीवी सीरियल गुम है किसी के प्यार में के सेट पर साल 2023 में आग लगने की घटना सामने आई थी। हालांकि, इस हादसे में किसी हताहत होने की खबर सामने नहीं आई थी।

# काजल ने शेयर कीं मालदीव से जन्मदिन की तस्वीरें

**मुंबई।** काजल अग्रवाल ने 19 जून को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया था। उन्होंने सोमवार को पति और बच्चे के साथ कई शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, प्यार और कृतज्ञता से भरा हुआ - मेरे प्यारे दोस्तों, प्रशंसकों और परिवार, जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद, जिसने मेरे दिन को रोशन कर दिया। मेरे दिव्य, मेरे प्रियजनों से घिरा हुआ, दिल भरा हुआ और पेट और भी खुश, मैं आपके द्वारा भेजी गई सारी खुशी और गर्मजोशी में डूबा हुआ हूं। उन्होंने आगे लिखा, धन्यवाद स्वर्ग के इस टुकड़े में मेरे जन्मदिन को इतना अविश्वसनीय रूप से विशेष बनाने के लिए। इसके साथ ही काजल ने अपने फोटोग्राफर का भी शुक्रिया अदा करते हुए लिखा- 'क्लिक के लिए धन्यवाद। काजल अग्रवाल फिल्म 'कन्नप्पा' में देवी पार्वती का किरदार निभाएंगी। कन्नप्पा एक पौराणिक एक्शन ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म को मुकेश कुमार सिंह द्वारा निर्देशित और मोहन बाबू द्वारा निर्मित है। यह हिंदू धर्म में भगवान शिव के भक्त कन्नप्पा की कथा पर आधारित है। फिल्म में विष्णु मांचू मुख्य भूमिका में हैं। सहायक भूमिकाओं में मोहन बाबू, आर. सरथकुमार, अर्पित रांका, ब्रह्मानंदम, ब्रह्माजी, मोहनलाल, प्रभास, अक्षय कुमार के अलावा भी कई कलाकार नजर आएंगे।



## 50 साल बाद भी यह फिल्म दुनियाभर के नए दर्शकों को लगेगी अच्छी

# इटली में दिखाई जाएगी ओरिजिनल क्लाइमैक्स वाली शोले

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की बेहतरीन फिल्म 'शोले' को आज भी लोग खूब पसंद करते हैं। इसके हर दृश्य बहुत अच्छे हैं। फिल्म की 50वीं वर्षगांठ पर उसे खास श्रद्धांजलि दी जाएगी। फिल्म को इटली के 'इल सिनेमा रिट्रोवाटो फेस्टिवल' में दिखाया जाएगा। खास बात यह है कि इस फिल्म को बिना काटे हुए दिखाया जाएगा। फिल्म की स्क्रीनिंग 27 जून को होगी।*



## धर्मेंद्र को दी गई थीं अलग भूमिकाएं

धर्मेंद्र ने कहा 'शोले दुनिया का आठवां अजूबा है। मैं यह सुनकर रोमांचित हूं कि फिल्म को दोबारा दिखाया जा रहा है। मुझे यकीन है कि इसे वैसी ही सफलता मिलेगी जैसी 50 साल पहले मिली थी। सलीम-जावेद के संवाद और रमेश सिप्पी के निर्देशन को कौन भूल सकता है? भारतीय सिनेमा के इतिहास में बहुत से दृश्य दर्ज हो गए हैं और हर किरदार स्टार बन गया है। लेकिन, असली हीरो तो सिक्का था। बहुत कम लोग जानते हैं कि मुझे गब्बर और ठाकुर की भूमिकाएं ऑफर की गई थीं, लेकिन मैं वीरू की भूमिका निभाना चाहता था, क्योंकि वह मेरे जैसा ही है। मुझे शूटिंग में बहुत मजा आया। मेरे पसंदीदा दृश्य टंकी वाला दृश्य, मंदिर वाला दृश्य और बहुत से अन्य दृश्य थे, लेकिन मुझे लगता है कि सबसे शक्तिशाली दृश्य जय की मृत्यु थी, जो आज भी मेरे दिमाग में बसा हुआ है।'

## बिग बी ने फिल्म को लेकर जताई उम्मीद

इस मौके पर फिल्म में अभिनय करने वाले अमिताभ बच्चन ने कहा 'जिंदगी में कुछ चीजें हमेशा के लिए आपके दिमाग में बस जाती हैं। शोले ऐसी ही एक फिल्म है। इस फिल्म की शूटिंग करना एक अच्छा तजुर्बा था। उस समय मुझे नहीं पता था कि यह भारतीय सिनेमा के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। असफल घोषित होने से लेकर बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई तक, इसके नाटकीय बदलाव हम सभी के लिए बेहतरीन थे। अच्छा है कि फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन ने शोले को पुनर्स्थापित किया है। यह भी अच्छी बात है कि वे इसके असली अंत के साथ-साथ कुछ हटाए गए दृश्यों को भी इसमें जोड़ने में कामयाब हुए। मुझे उम्मीद है कि 50 साल बाद भी, यह फिल्म दुनिया भर के नए दर्शकों को अच्छी लगेगी।'

## बिना काटे हुए हिस्सों के साथ रिलीज होगी फिल्म



*फिल्म का पुनर्स्थापित संस्करण, फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन और सिप्पी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच तीन साल के सहयोग से बनाया गया है। पहली बार, दर्शक फिल्म को उसके असली अंत और पहले हटाए गए दृश्यों के साथ देख पाएंगे। यह फिल्म जब सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी तो इसके कुछ हिस्से हटा दिए गए थे।*

### फिल्म के बारे में

साल 1975 में रिलीज हुई फिल्म 'शोले' भारतीय सिनेमा की सबसे अच्छी फिल्मों में से एक है। फिल्म का निर्देशन रमेश सिप्पी ने किया था। इसमें अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, हेमा मालिनी, जया बहादुरी और अमजद खान ने अहम किरदार निभाया था।

# आम को पकाने में हो रहा 'चीनी जहर' का इस्तेमाल



### कच्चे आम और केले को 3-4 दिन में पका देते हैं प्रतिबंधित केमिकल

*मंडी स्थित फल व्यापारी कमल शेजवार ने बताया कि कच्चे आम और केले को 3-4 दिन में पकाने वाले बैन केमिकल बाजार में खुलेआम बिक रहा है। जो कि शरीर के बेहद खतरनाक है, लेकिन न तो प्रशासन की तरफ से न ही खाद्य विभाग इसे लेकर कोई जांच या कार्रवाई कर रहा है।*

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी में फलों के राजा आम की चौतरफा बहार आई हुई है। सुर्ख पीले और चमकदार आम लोगों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं, लेकिन सुर्ख पीले और चमकदार दिखने वाले यह आम खाने वालों लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल रहे हैं । क्योंकि विक्रेताओं द्वारा आमों को खुलेआम चीनी पुड़ियां और कैल्शियम कार्बाइड का इस्तेमाल किया जा रहा है। मंडी व्यापारियों के अनुसार आमों को पकाने के लिए खुलेआम चीनी पुड़िया का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस पुड़िया से दो दिन में ही आम पक जाते हैं। गौरतलब है कि फलों को पकाने के लिए इस तरह रसायनों का उपयोग नया नहीं है। मंडी में कच्चे आम लेकर फलों को पकाने के लिए खुलेआम इस हानिकारक पुड़िया का इस्तेमाल किया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि चमकदार दिखने वाले आम हो या केला का अगर सुबह रखा और इसका रंग शाम तक एकदम फीका हो जाए तो समझिए इसे इथेफोन केमिकल के घोल में डूबोकर पकाया गया है।

### किडनी और न्यूरो सिस्टम पर असर

एथिलीन और इथोफोन जैसे केमिकल का मानक से ज्यादा इस्तेमाल लोगों के सेहत पर बुरा असर पड़ता है। ये केमिकल बॉडी में जाने के बाद पाचन, किडनी और न्यूरोलॉजिकल सिस्टम पर असर करते हैं।

डॉ. गुणवंत राव अड़लक
डायरेक्टर, गायत्री ट्रामा हास्पीटल

# मध्य भारत में ग्रीन ट्रैवेल को दी नई रफ्तार 300 से अधिक न्यूगो की इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगी

**मुंबई।** न्यूगो ने देशभर में अधिक रूट्स पर सेवाएं शुरू करते हुए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह विस्तार न्यूगो की हरित और शून्य-उत्सर्जन वाली परिवहन प्रणाली को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। यात्रियों को अब पारंपरिक डीजल बसों की तुलना में स्मार्ट, आरामदायक और पर्यावरण के अनुकूल यात्रा विकल्प मिल रहे हैं। इस विस्तार का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय संपर्क को बेहतर बनाना है, जिसके तहत देश के कई शहरों और कस्बों को जोड़ने वाले नए रूट्स शुरू किए गए हैं। 300 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों की शून्य-उत्सर्जन फ्लीट के जरिए न्यूगो देश के प्रमुख शहरों को जोड़ने के मिशन पर आगे बढ़ रहा है। ग्रीनसेल मोबिलिटी के एमडी और सीईओ देवेंद्र चावला ने कहाकि न्यूगो में हम एक ऐसा नेटवर्क तैयार कर रहे हैं जो जितना टिकाऊ है, उतना ही आरामदायक भी।

## मार्कफेड, सोसाइटियां 10 वर्षों से कर रहीं उर्वरक का अवैध व्यापार

मध्य प्रदेश कृषि आदान विक्रेता संघ ने लगाए आरोप

# कृषि विभाग भारत सरकार के नियमों को मध्यप्रदेश में लागू करने से कतरा रहा



मानसिंह राजपूत



संजय रघुवंशी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कृषि आदान विक्रेता संघ के प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह राजपूत और सचिव संजय कुमार रघुवंशी ने कहाकि मप्र में कृषि विभाग, सहकारी समितियां एवं मार्कफेड के बीच मिली भगत चल रही है जिसके चलते कृषि विभाग भारत सरकार के नियमों को मध्य प्रदेश में लागू करने से कतरा रहा है। मध्य प्रदेश में पिछले 10 सालों से उन सोसाइटियों से उर्वरकों का व्यापार करवाया जा रहा है जिनके पास 40 प्रतिशत किसान सदस्य है, उनमें से भी 50 प्रतिशत डिफाल्टर है।

मतलब यह कि प्रदेश के सिर्फ 20 प्रतिशत किसानों के लिए 75 प्रतिशत उर्वरक आवंटित किया जा रहा है और 80 प्रतिशत किसान जो कि निजी व्यापारियों पर निर्भर हैं उनके लिए सिर्फ 25 प्रतिशत आवंटित किया जा रहा है। प्रदेश में

### बिना शैक्षणिक योग्यता वाले व्यक्ति धड़ल्ले से कर रहे उर्वरक व्यापार

*सचिव रघुवंशी ने आरोप लगाते हुए कहाकि सभी सोसाइटियों एवं मार्कफेड के विक्रय स्थल पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित किए गए शैक्षणिक योग्यता वाले व्यक्तियों को नियोजित किया जाना अनिवार्य है, परंतु ऐसा नहीं हुआ है। बिना शैक्षणिक योग्यता वाले व्यक्ति धड़ल्ले से उर्वरक व्यापार कर रहे हैं। यदि योग्य व्यक्ति रखते हैं तो प्रदेश में लगभग 8 हजार सोसाइटियों पर बीएससी किए हुए व्यक्तियों को रोजगार दिया जा सकता था, लेकिन कृषि विभाग एवं सोसाइटियों की मिली भगत से यह अवसर खो दिया गया है। आज भी सरकार चाहे तो कृषि विज्ञान में स्नातक या डिग्रीधारी 8 हजार लोगों को मध्य प्रदेश में रोजगार दिया जा सकता है। भारत सरकार द्वारा लगभग 10 वर्ष पूर्व 10 अक्टूबर 2015 को जारी गजट के माध्यम से यह प्रावधान किया है कि फर्टिलाइजर का व्यवसाय करने वाला कोई भी व्यक्ति केमिस्ट्री या बायोलॉजी में स्नातक की डिग्री धारी हो या 48 सप्ताह का देसी डिप्लोमा कोर्स धारक हो 6 माह का कोर्स किया हुआ हो या 30 जुलाई 2018 के प्रावधान के अनुसार 15 दिवसीय इंटीग्रेटेड न्यूट्रिएंट मैनेजमेंट का सर्टिफिकेट कोर्स किया हुआ व्यक्ति उर्वरक का व्यवसाय कर सकता है। इस अनियमितता पर संघ के प्रदेश सचिव संजय कुमार रघुवंशी ने बताया कि उन्होंने 5 फरवरी 2025 को सभी 52 जिलो में उप संचालक कृषि को आरटीआई के माध्यम से जानकारी भी मांगी थी,लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। कुछ जिलों में सम्बंधित अधिकारी स्वीकारते हैं कि यदि यह जानकारी आपको ऑफिशियल रूप से दे दी तो हमारी नौकरी पर आ जाएगी क्योंकि विभाग पिछले 10 सालों से यह अवैध व्यापार करवा रहा है।*

# अडाणी ग्रुप ने शुरू किया भारत का पहला ऑफ-ग्रिड ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र, 100 फीसदी सोलर एनर्जी पर आधारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



अडाणी ग्रुप ने भारत का पहला 'ऑफ-ग्रिड ग्रीन हाइड्रोजन' संयंत्र शुरू किया है। यह संयंत्र गुजरात के कच्छ में प्रायोगिक स्तर पर चालू किया गया है। कंपनी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। यह संयंत्र मुख्य बिजली ग्रिड से जुड़ा नहीं है। इसकी पूरी ऊर्जा जरूरत सौर और पवन जैसे रिन्यूएबल एनर्जी स्रोतों से पूरी होती है। इसमें हाइड्रोजन बनाने के लिए 'इलेक्ट्रोलिसिस' तकनीक का इस्तेमाल होता है। यह संयंत्र अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बनाया है। यह अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की स्वच्छ ऊर्जा इकाई है। संयंत्र की क्षमता 5 मेगावाट है। कंपनी ने इसे राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है। यह संयंत्र दिखाता है कि पूरी तरह अक्षय ऊर्जा से हाइड्रोजन बनाना संभव है। हाइड्रोजन ऊर्जा का सबसे स्वच्छ स्रोत माना जाता है। इसके जलने पर सिर्फ पानी की भाप निकलती है, कोई प्रदूषण नहीं होता। यह तकनीक भारी प्रदूषण वाले उद्योगों में भी काम आ सकती है। यह संयंत्र पूरी तरह सौर एनर्जी से चलता है। इसमें बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम भी लगा है। इसलिए यह पूरी तरह ऑफ-ग्रिड काम करता है। कंपनी का कहना है कि यह संयंत्र एक नया उदाहरण पेश करता है। यह बताता है कि बिना बिजली ग्रिड से जुड़े भी हाइड्रोजन बनाना संभव है।

## ओकरिज के छात्रों ने कैम्ब्रिज चेकपॉइंट 2025 मूल्यांकन में किया शानदार प्रदर्शन



**विशाखापत्तनम।** ओकरिज इंटरनेशनल स्कूल, विशाखापत्तनम, कैम्ब्रिज चेकपॉइंट 2025 मूल्यांकन में अपने प्राथमिक और निम्न माध्यमिक छात्रों की सराहनीय उपलब्धियों का गर्व से जश्न मनाता है। इस वर्ष, ओकरिज के छात्रों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कैंब्रिज लोअर सेकेंडरी चेकपॉइंट में, ओकरिज के छात्रों ने गणित और विज्ञान में अंतरराष्ट्रीय औसत को पीछे छोड़ दिया - एक ऐसा मील का पत्थर जो छात्रों की क्षमता और स्कूल के पाठ्यक्रम वितरण की ताकत दोनों को प्रदर्शित करता है। उल्लेखनीय रूप से, जेन्या सलाद्गुला ने अंग्रेजी, गणित और विज्ञान में 50/50 का पूर्ण स्कोर हासिल किया - एक असाधारण उपलब्धि जो उन्हें वैश्विक स्तर पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों में शामिल करती है। शैली गंटा 48/50 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। कैंब्रिज प्राइमरी चेकपॉइंट में भी छात्रों ने आशाजनक परिणाम दिखाए। कल्याणी झा ने विज्ञान में 50/50 के पूर्ण स्कोर के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया, उसके बाद रिया महालक्ष्मी पिनापतुरनी ने कुल मिलाकर 40/50 का प्रभावशाली स्कोर प्राप्त किया।

# किसानों को जल-कुशल सिंचाई तकनीकों से सशक्त बनाया

**कटनी।** विविधीकृत अदाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी एसीसी, अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से कटनी के पास खरखरी में कृषि पद्धतियों में बदलाव ला रही है। घटते भूजल स्तर और अप्रत्याशित वर्षा के कारण स्थानीय किसानों के लिए चुनौतियां उत्पन्न होने के कारण, इस पहल ने उन्नत स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली की शुरुआत की, जिससे जल दक्षता सुनिश्चित हुई, बिजली की खपत कम हुई और कृषि उपज में सुधार हुआ।रामजी पटेल जैसे किसानों के लिए पारंपरिक बाढ़ सिंचाई से आधुनिक स्प्रिंकलर प्रणाली में बदलाव जीवन बदलने वाला रहा है। एएफ-डब्ल्यूसीआई परियोजना के माध्यम से पंजीकृत होकर, उन्होंने 27,457 रुपये के साथ स्प्रिंकलर सिस्टम। सरकार और परियोजना सब्सिडी के माध्यम से 13,728 रुपये का बीमा कराया गया, जिससे उनका वित्तीय बोझ काफी कम हो गया। नई प्रणाली से सिंचाई का समय 8-9 घंटे से घटकर मात्र 4 घंटे रह गया है, जिससे पानी की बचत हुई है और बिजली का खर्च कम हुआ है - जिससे न केवल सुविधा मिली है, बल्कि एक टिकाऊ रास्ता भी मिला है। पटेल की सफलता ने उनके गांव में कई लोगों को इस कुशल सिंचाई पद्धति को अपनाने के लिए प्रेरित किया है, जो टिकाऊ खेती की ओर बदलाव का संकेत है। एसीसी और अदाणी फाउंडेशन ऐसी पहलों के माध्यम से ग्रामीण समुदायों को इनोवेटिव समाधानों से सशक्त बनाना जारी रखते हैं, तथा सतत विकास और जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं।

**एसीसी और अदाणी फाउंडेशन ने आधुनिक स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली शुरू करके कटनी के खरखरी में जल-कुशल खेती को बढ़ावा दिया**

# मक्के में टोरी सुपर के फायदों से किसानों को किया जा रहा जागरूक



**जबलपुर।** एग्रोकेमिकल इंडस्ट्री इनसेक्टिसाइड्स (इंडिया) लिमिटेड (पप्स) ने मक्का की खेती करने वाले किसानों के लिए खरपतवारना-रु39याक 'टोरी सुपर' को मध्यप्रदेश-रु39या के हर एक किसान तक पहुंचाने के लिए एक अनोखा तरीका अपनाया है। दरअसल कंपनी ने एक जादूगर कार्यक्रम के जरिए इस उत्पाद के प्रति किसानों को जागरूक करने का काम किया है।

जादूगर लोगों को एक रस्सी के माध्यम से सम-हजयाता है कि कैसे खरपतवार फसल की उपज को घटा देते हैं और खरपतवार न होने से फसल स्वस्थ रहती है और पैदावार भी ब-सजय़ जाती है। जादूगर अपने अंदाज में किसानों को बताता है कि कैसे समय पर टोरी सुपर के उपयोग से फसल की पैदावार को ब-सजय़ाया जा सकता है और मुनाफा प्राप्त किया जा सकता है। यह अनोखे पहल टोरी सुपर को ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंचाने में कारगर साबित होगी। इससे कंपनी और किसानों दोनों को लाभ होगा। किसानों की भी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है।

## बारिश के मौसम में किरदार करेंगे तूफान का सामना!

**मुंबई।** इस हफ्ते एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में देखने मिलेगा बारिश का मजेदार झमेला! शो के किरदार बारिश का लुत्फ उठाने की कोशिश तो करेंगे, लेकिन उनका ये प्लान बुरी तरह फेल हो जाएगा। 'हप्पू की उलटन पलटन' की आगामी कहानी के बारे में बताते हुए कटोरी अम्मा का किरदार निभा रहीं हिमानी शिवपुरी कहती हैं,"दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) को बारिश के मौसम में गरमागरम पकौड़ों की तलब लगती है और वो राजेश (गीतांजलि मिश्रा) से उन्हें बनाने की जदि करता है। लेकिन राजेश हर बार बारिश के मौसम में पकौड़े बनाने से तंग आ चुकी है और इस बार सख्ती से मना कर देती है। इससे हप्पू का दिल टूट जाता है। इसी बीच थाने में हप्पू के पास एक अजीब शिकायत आती है। एक आदमी आरोप लगाता है कि उसकी पत्नी बार-बार पड़ोसी को पकौड़े खिला रही है और अगर ये सिलसिला यूं ही चलता रहा, तो वह ईष्र्या में आकर पड़ोसी को नुकसान पहुंचा सकता है। वह हप्पू से कहता है कि इससे पहले कि वह कोई गलत कदम उठाये, पड़ोसी को रोका जाए। घर लौटकर हप्पू एक बार फिर राजेश से पकौड़ों की गुज़ारिश करता है, लेकिन वह फिर इनकार कर देती है। अगले दिन जब राजेश बाहर जाती है, तो एक चोर उसका पर्स छीन लेता है। तभी एक स्मार्ट और हैंडसम पुलिस अफसर (जो हप्पू की उम्र का ही है) दौड़कर चोर को पकड़ता है और पर्स लौटाता है। वह राजेश को देखकर इमोशनल हो जाता है और बताता है कि वह उसकी बहन जैसी दिखती है, जिसका स्वर्गवास हो चुका है। वह बताता है कि उसकी बहन बारिश में उसे पकौड़े खिलाया करती थी। उसकी बात सुनकर राजेश का दिल भर आता है और वह उसे शाम को मिलने का न्योता देती है। उसी शाम हप्पू रसोई में राजेश को पकौड़े तलते देख खुशी से उछल पड़ता है, यह सोचकर कि शायद अब उसके लिए पकौड़े बन रहे हैं। लेकिन तभी राजेश बाहर जाती है और कहती है कि वह देर से लौटेगी, जिससे हप्पू चैंक जाता है। हप्पू पीछा करता है और देखता है कि राजेश ये पकौड़े इंस्पेक्टर भंडारी (पवन कुमार सिंह) को खिला रही है जोकि हप्पू का जानी दुश्मन है! हप्पू हैरान और दुखी हो जाता है। ड्रामा तब और बढ़ जाता है जब आधी रात को राजेश के पास भंडारी का फोन आता है, जिससे हप्पू के मन में जलन और असुरक्षा की भावना और बढ़ जाती है। वह अपने दोस्त और वकील बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) से दिल की बात करता है। दोनों ही अपनी बीवियों से परेशान है और एक अजीब योजना बनाते हैं कि बेनी महिला का रूप धारण करेगा और हप्पू दिखावे के लिए उससे प्यार करेगा, ताकि राजेश जलन महसूस करे। लेकिन उनकी योजना उलटी पड़ जाती है। राजेश दोनों को रंगे हाथ पकड़ लेती है और गुस्से में कटोरी अम्मा के पास जाकर कहती है कि वह घर छोड़ना चाहती है क्योंकि हप्पू उसे धोखा दे रहा है। अम्मा गुस्से में हप्पू की जमकर क्लास लगाती हैं। अब देखना यह है कि हप्पू इस गड़बड़झाले से खुद को कैसे बचाता है?'भाबीजी घर पर हैं' के आगामी एपिसोड के बारे में मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे रोहिताश्व गौड़ ने बताया, "अम्माजी (सोमा राठौड़) अंगूरी भाबी (शुभांगी अत्रे) को संतान प्राप्ति के लिए एक अनोखा टोटका बताती हैं, जिसमें उसे अपने पति तिवारी जी (रोहिताश्व गौड़) के साथ बारिश में नाचना होता है! अंगूरी इस टोटके को पूरा करने के लिए तैयार है। इधर विभूति नारायण मिश्रा (आसिफ शेख) इस योजना को सुन लेता है और उसे बिगाड़ने की ठान लेता है। वह अपने दोस्त रवि दुबे (चयन त्रिवेदी), जो टेम्परेचर डिपार्टमेंट में काम करता है, से कहता है कि जैसे ही बारिश होने वाली हो, उसे तुरंत सूचना दे। लेकिन हर बार जब रवि फोन करता है, विभूति या तो ट्रैफिक में फंस जाता है, या पुलिस के चक्कर में पड़ जाता है।



## राशिफल

**मेष** – परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्च अधिक रहेंगे। मन अशान्त रहेगा।

**वृष** – मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**मिथुन** – व्यवहारिकता में कमी आ सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। माता को स्वास्थ्य विकार हो सकते है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। स्वास्थ्य का

**सिंह** – लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। बौद्धिक कार्यों से धन की प्राप्ति भी हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** – परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। आय में वृद्धि भी होगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। अध्ययन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।

**धनु** – शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर जा सकते हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा।

**मकर** – मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। निराशा के भाव रहेंगे।


**कुंभ** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। उच्चशिक्षा के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्च अधिक रहेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मीन** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव के लिए प्रयास करें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उपहार में वस्त्र मिल सकते हैं।

# टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया ऐस प्रो

**पुणे।** टाटा मोटर्स ने ऑल-न्यू टाटा ऐस प्रो को लॉन्च कर कार्गो मोबिलिटी के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल की है। इस लॉन्च के साथ कंपनी ने छोटे कार्गो परिवहन में एक नए युग का आगाज़ किया है। नए उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया, टाटा ऐस प्रो पेट्रोल, बाय-फ्यूल (सीएनजी + पेट्रोल), और इलेक्ट्रिक वैरिएंट्स में उपलब्ध है। यह ग्राहकों को उनकी व्यावसायिक आवश्यकताओं के लिए आदर्श समाधान चुनने की सुविधा देता है।


## शब्द पहेली - 5907



**बाएँ से दाएं**
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़पन्न-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

### शब्द पहेली -5906 का हल



## सूडोकु नवताल- 5917

* सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5916 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

**आवश्यकता**


आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 62500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 8929595380 (रायपुर /27/जून 25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

# सहेली



बहुत सी वर्किंग वूमेन को खुद से यह शिकायत रहती है कि पूरी मेहनत से काम करने के बाद भी उनको न अच्छा रिजल्ट मिलता है और न ही उनके पास टाइम बचता है। वास्तव में इसकी वजह वर्किंग स्टाइल का मिसमैनेजमेंट होता है। अगर कुछ बातों को अमल में लाएं तो आप स्मार्ट वर्किंग वूमेन बन सकती हैं।

## तब आप बन जाएंगी स्मार्ट वर्किंग वूमेन

कवर स्टोरी
**शिखर चंद जैन**

रागिनी इस बात से परेशान रहती है कि उसे अपने बिजी रूटीन में पल भर भी चैन से गुजारने की फुर्सत नहीं मिल पाती। इसके बावजूद वह घरेलू कामों में अपनी मां की मदद भी नहीं कर पाती है। उधर वर्कप्लेस पर सुबह से शाम तक लगातार काम में जुटे रहने के बाद भी उसका कोई न कोई ऑफिसियल वर्क पेंडिंग रह ही जाता है। हमेशा काम में उलझी रहने की वजह से वह अपने पर्सनल जरूरी काम भी लगातार टालती रहती है। इस बारे में एक बार जब उसने अपनी मां से डिस्कशन किया तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'बेटी तू व्यस्त कम, अस्त-व्यस्त ज्यादा रहती है।' अपनी मां की बात सुनकर रागिनी गंभीरता से अपने वर्किंग स्टाइल पर सोचने लगी कि आखिर उससे मिस्टेक कहां होती है? रागिनी की तरह ही कई वर्किंग वूमेन के साथ ऐसा होता है कि वे हमेशा काम में बिजी रहती हैं। ना इन्हें खाने-पीने की सुध होती है, ना मनोरंजन के लिए वक्त मिलता है। इन्हें ठीक से नींद भी नहीं आती और फ्रेंड सर्कल के साथ भी टाइम नहीं बिता पाती हैं। इसके बावजूद इनकी मेहनत का मनचाहा या बहुत बढ़िया रिजल्ट भी नहीं मिलता है। बल्कि पेंडिंग या सही तरीके से न किए गए वर्क की वजह से अकसर बॉस से डांट पड़ती है। ऐसे लोगों को समझना चाहिए कि ओवर बिजी होने और स्मार्ट वर्किंग पर्सन होने में फर्क होता है। गैरजरूरी व्यस्तता से बचने और हर काम को स्मार्टली करने के लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

### हर पल है कीमती

स्मार्ट वर्किंग वूमेन बनने के लिए अपने समय के हर पल का हिसाब रखना जरूरी है। आप अपना समय किन कामों में लगा रही हैं, आपको पता होना चाहिए। टाइम ट्रैकिंग ही बताएगी कि आप अपने टाइम को बर्बाद कर रही हैं या इसका सही यूज कर रही हैं। इसके लिए प्रियॉरिटी के आधार पर निश्चित समय पर जरूरी काम करने की आदत डालें। आलस्य और टालमटोल की आदत से दूर रहें। 'टाइम मैनेजमेंट' किताब में लिखा है कि आपको कर्मठता के साथ काम करने में समय का निवेश सही तरीके से करना चाहिए ताकि इसका बेहतर रिटर्न हासिल हो सके।

### अनावश्यक बातें ना करें

**हर काम** का एक वक्त होता है। जब आप किसी जरूरी ऑफिसियल प्रोजेक्ट पर काम कर रही हों तो उस दौरान कुलीग्स से बातचीत करने में समय नष्ट न करें। गॉसिप, हंसी-मजाक आदि तभी करें, जब आपके पास स्पेयर टाइम हो। आप पब्लिक ट्रांसपोर्ट या पूल कार से ट्रैवलिंग के दौरान या फिर ऑफिस आवर्स खत्म होने के बाद ही पर्सनल बातें या गॉसिपिंग कर सकती हैं।





### एंज्वॉय करें वर्क

काम ऑफिस का हो या पर्सनल, जब आप बोझिल मन से उसे करती हैं तो एकाग्रता की कमी के कारण आपको उसे करने में ज्यादा समय लगता है। आधे-अधूरे मन से काम करने से गलती होने की आशंका रहती है। इसलिए गलती सुधारने के लिए एक ही काम को दो या तीन बार भी करना पड़ जाता है। वहीं अगर काम को एंज्वॉय करते हुए करेंगी तो काम ईजी लगेगा, सही होगा और कुछ जल्दी भी हो जाएगा। हॉर्वर्ड बिजनेस रिव्यू सजेस्ट करता है कि इसके लिए काम के पुराने तरीकों में थोड़े-थोड़े बदलाव करती रहें। कोई काम चुनौतीपूर्ण लगे तो उसे कागज पर लिख लें, चुनौतियों को नोट कर लें और एक-एक कर उन्हें दूर करती चलें। इसमें आपको मजा आने लगेगा और कॉन्फिडेंस भी बढ़ता जाएगा।

### रिलैक्स करें माइंड

जहां तक संभव हो दिन की शुरुआत और अंत हल्का और रिलैक्स्ड करना चाहिए। बेहतर परफॉर्मेंस के लिए अपने मन को सुकून देना बहुत जरूरी होता है। इस समय का इस्तेमाल काम करने के लिए नहीं बल्कि यह प्लान करने के लिए करें कि आपको अपना आज या कल का दिन किन कामों में इस्तेमाल करना है और कौन-सा काम कब करेंगे? इस दौरान आपको कई क्रिएटिव आइडियाज भी आएंगे, जो आपको प्रोडक्टिव बनाएंगे। अगर आप संगीत सुनना पसंद करती हैं तो रिलैक्स होने के लिए फेवरेट म्यूजिक या सॉन्ग सुन सकती हैं।

### मेंटल ट्रैप से बचें

अगर अपने ऑफिस वर्क के दौरान बिल्कुल समय ही नहीं बचता तो गौर करें कि उस दौरान कहीं आप यूजलेस वर्क करने, दूसरों को सपोर्ट देने में या गॉसिपिंग में तो टाइम वेस्ट नहीं करती हैं? 'ऑफ द क्लॉक' पुस्तक की लेखिका लॉरा वेंडरकैम इसे मेंटल ट्रैप कहती हैं। वह सलाह देती हैं, 'आपका समय ऐसी चीजों या काम में लगना चाहिए, जो आपको आर्थिक, सामाजिक, मानसिक और पारिवारिक लाभ दे और आपको रचनात्मक रूप से संतुष्ट भी रखे।'

कहने का सार है कि स्मार्ट वर्किंग वूमेन बनना बहुत टफ नहीं है। इसके लिए केवल आपको अपने वर्क को स्मार्टली मैनेज करना आना चाहिए। a

## संयम और समझदारी से करें अपमानजनक स्थितियों का सामना

घर-परिवार, रिश्तेदारी, आस-पड़ोस या कार्यस्थल पर कई बार कोई व्यक्ति हमें अपमानित कर देता है, मन को ठेस पहुंचाने वाले शब्द बोल देता है। ऐसे में तुरंत प्रतिक्रिया करने या जैसे को तैसा जवाब देने के बजाय संयम और समझदारी से काम लेना चाहिए। ऐसा आप कैसे कर सकती हैं, यहां बता रहे हैं।

सेल्फ मोटिवेशन
**मोनिका शर्मा**



अब पछताए होत का, जब चिड़िया चुग गई खेत। यह कहावत जानने भर की नहीं मानने-समझने योग्य भी है। विशेषकर ऐसी स्थिति में, जब आपके मान को ठेस पहुंची हो। किसी ने दिल दुखाया हो। जान-बूझकर कमतर आंकने का खेल खेला हो। दरअसल, अपमानित होने की स्थिति में इंसान कुछ भी कर गुजरता है। आपराधिक घटनाओं से लेकर अभद्र व्यवहार तक कर जाने के ऐसे मामले आए दिन सुर्खियां बनते हैं। अधिकतर घटनाओं में बात केवल शांत मन से ठहर कर सोचने भर की होती है। असल में मन को ठेस पहुंचने की स्थिति में सोचने-समझने की सुध-बुध ही खो जाती है। मन को दुखाते ऐसे अवसरों पर जरा ठहरने में ही समझदारी है।

**अपनी मनःस्थिति को समझिए:** अपमानजनक परिस्थितियों में सबसे पहले तो अपनी मनःस्थिति को समझना और संभालना जरूरी होता है। भावनात्मक रूप से उन शब्दों से मत जुड़िए, जो आपका मन दुखाने के इरादे से ही कहे गए हैं। इरादतन मन को चोट पहुंचाने के लिए किए गए व्यवहार को दिल से मत लगाइए। अपने मन-मस्तिष्क को यह समझाना जरूरी है कि कोई भी दुर्भाव भरी बात आपके पूरे व्यक्तित्व पर प्रश्न खड़ा नहीं कर सकती। आपकी वैचारिक समझ को सवालों के घेरे में नहीं ला सकती है। ऐसे में आपको लेकर की गई नकारात्मक टिप्पणी या असभ्य बात को एक शब्द या वाक्य भर मानें। यह स्वीकार्यता स्वयं अपनी मनःस्थिति को समझे बिना संभव नहीं। ध्यान रहे कि अपने मन को समझ कर ही ऐसी उलझन भरी स्थिति में अपने आप को ऐसी समझाइश दी जा सकती है। यह समझाइश ही तनाव और आहत मन से खुद को निकालने में मददगार हो सकती है।



**दूसरे पक्ष को भी समझिए:** कई बार आपको भला-बुरा या अपमानजनक शब्द कह डालने वाला इंसान खुद ही उलझाऊ मनोभावों से घिरा होता है। किसी ना किसी तरह की पीड़ा या परेशानी उसे भी घेरे होती है। ऐसे लोग बाद में पछताते हैं। अपने बर्ताव के लिए बाद में माफी भी मांगते हैं पर अपमानित किए जाने की पीड़ा व्यक्ति के मन में घर बना चुकी होती है। इसके चलते सामने वाले इंसान को समझे बिना उसे और बड़ी चोट पहुंचाने का रास्ता चुन लिया जाता है। लाजिमी भी है क्योंकि कभी-कभी दूसरे लोगों का बर्ताव और शब्द इंसान के मन में बहुत परेशान करने वाली भावनाएं पैदा कर देते हैं। ऐसे में यह सोच पाना संभव नहीं कि अगले इंसान का दिलो-दिमाग भी दुख-तकलीफ या किसी तरह के असहनीय तनाव के हालात का शिकार हो सकता है। इसीलिए दूसरे इंसान के पक्ष को जानना-समझना भी आवश्यक है। ऐसे में अगर आप स्वयं को समझा पाने में असफल महसूस करें तो किसी आत्मीय मित्र से सारी बात साझा करें। वह आपके मनोव्यक्तित्व को जानकर स्थितियों को समझने में आपकी मदद करेगा। इससे आपको अपने भीतर के द्वंद्व से बाहर निकलने में मदद मिलेगी।

**ठहराव को चुनिए:** यह सच है कि अपमानजनक स्थिति का सामना करते समय खुद को संयत रखना मुश्किल होता है। मन में आक्रोश उमड़ने लगता है पर स्थिति को बहुत बिगड़ने से रोकने के लिए, थोड़ा ठहर जाना चाहिए। कभी-कभी ऐसी स्थिति में बहस या जवाब-तलब करने के बजाय चुप रह जाना ही अच्छा होता है। संभव हो तो ऐसी स्थिति को हंसकर टालने की राह ही चुनें। इस बर्ताव से होने वाले नुकसान को समझें। पल भर के आक्रोश के खामियाजे समझने का भाव ठहराव की ओर ले जाता है। जिंदगी में शांति और सुकून के लिए यह जरूरी है। a

## तब आप दिखेंगी स्टाइलिश-अट्रैक्टिव

फैशन ट्रेंड
**ललिता गोयल**



जब मौसम बदलता है तो न केवल ड्रेसअप, फैशन ट्रेंड भी बदल जाता है। हालांकि कई जगहों पर बारिश शुरू हो चुकी है लेकिन उमस भरी गर्मी अभी भी बनी हुई है। ऐसे में हर महिला कुछ ऐसा पहनना चाहती है, जो हल्का और सुकून देने वाला तो हो ही, साथ ही कूल और स्टाइलिश लुक भी दे।

**फैशन के साथ कंफर्ट भी:** उमस वाली गर्मी में फैशन और कंफर्ट का सही बैलेंस बनाए रखने के लिए लाइट, ब्रीदेबल और ट्रेंडी फैब्रिक वाली ड्रेस पहननी चाहिए। इससे आपका लुक कूल और क्लासी भी लगेगा। गर्मी में कॉटन के अलावा रेयॉन, सिल्क, ऑर्गेंजा सिल्क, जॉर्जेट, शिफॉन, लिनेन जैसे फैब्रिक को आप अपनी वार्डरोब में जगह दे सकती हैं। इन फैब्रिक की साड़ियों से लेकर सूट और वेस्टर्न अटायर तक बेहतरीन लगते हैं। गर्मी में फ्लावरी प्रिंट की लंबी ड्रेस, वन शोल्डर मिडी ड्रेस, रफल ड्रेस, स्ट्रेपी मैक्सी ड्रेस विद लिनेन जैकेट शॉर्ट्स और टॉप या जंपसूट भी बहुत अच्छे लगते हैं। स्लीवलेस कॉटन मिडी इस सीजन में कूल-क्लासी लुक देते हैं। अगर आप अपने समर लुक में फ्रेशनेस और एलिगेंस चाहती हैं, तो ब्लू और व्हाइट फ्लोरल प्रिंट वन पीस परफेक्ट चॉइस हो सकती है। यह आपको कूल और फ्रेश लुक देगी।

**आउटफिट कलर:** मौसम के हिसाब से फैब्रिक का सही कलर चुनना जरूरी होता है। गर्मी में आपको न्यूट्रल कलर की ड्रेस पहननी चाहिए। वैसे तो व्हाइट कलर इस सीजन के लिए बेस्ट कलर माना जाता है। इसके अलावा आप लाइट ग्रीन, यलो, बेबी पिंक, स्काई ब्लू, टरक्वायज ब्लू, बेज या ग्रे कलर भी चुन सकती हैं।



**स्टाइलिश सनग्लासेस-हैट्स:** इस सीजन में घर से बाहर निकलते समय स्टाइलिश सनग्लासेस और हैट पहनने से न सिर्फ धूप से बचाव होता है, बल्कि ये आपको स्टाइलिश भी दिखाते हैं। ये दोनों ही चीजें आपके ओवरऑल लुक में एक्स्ट्रा स्टाइल एड करती हैं।

**एसेसरीज-मेकअप हो सुटेबल:** उमस भरी गर्मी के दिनों में लाइट वेट ज्वेलरी कैरी करनी चाहिए। यह कंफर्टेबल होने के साथ-साथ आपको एलिगेंट लुक देती है। गर्मी में पेस्टल कलर की ज्वेलरी जैसे सॉफ्ट पिंक, कोरल, सिल्वर ज्वेलरी, कलरफुल बीड्स की फंकी ज्वेलरी स्टाइलिश और कूल लुक देती है। इसके अलावा एसेसरीज में स्टड ईयररिंग्स, पर्ल ड्रॉप ईयररिंग, कोरल ब्रेसलेट, फूल-पत्तियों के पैटर्न वाले नेकपीस शामिल कर सकती हैं। इस सीजन में लाइट मेकअप ही करें। a

**(फैशन डिजाइनर मीनाक्षी खंडेलवाल से बातचीत पर आधारित)**



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

मेडिकल सजेशन
**डॉ. नीता सिंह**
**सीनियर प्रोफेसर-गायनेकोलॉजी**
**एम्स, नई दिल्ली**

प्रेग्नेंसी के दौरान कई महिलाओं को हाई ब्लड प्रेशर होता है। लेकिन जब यह कंट्रोल से बाहर होने लगे और साथ में अन्य समस्याएं भी होने लगें तो लापरवाही न करें। ऐसे में क्या करें, डिटेल में बता रहे हैं।

## अगर प्रेग्नेंसी के दौरान होने लगे हाई ब्लड प्रेशर

प्रेग्नेंसी में आमतौर पर 20वें से लेकर 24वें सप्ताह से गर्भवती महिला का ब्लड प्रेशर बढ़ना शुरू हो जाता है, जिसे जेस्टेशनल हाइपरटेंशन या प्रेग्नेंसी इंड्यूस हाइपरटेंशन कहा जाता है। यानी, महिला को गर्भावस्था से पहले ब्लड प्रेशर की शिकायत नहीं होती, लेकिन गर्भावस्था के 20वें सप्ताह के बाद उसे हाई ब्लड प्रेशर हो जाता है। इसकी वैल्यू 140/90 मिमी एचजी को पार कर सकती है। डॉक्टर इसकी रीडिंग कम से कम 6 घंटे के अंतराल पर दिन में दो बार करते हैं। हाई ब्लड प्रेशर होने पर यूटरस में प्लेसेंटा के माध्यम से बच्चे में जाने वाला ब्लड सप्लाई पूरी तरह से नहीं हो पाती। इसकी वजह से बच्चे में ऑक्सीजन और पौष्टिक तत्वों की आपूर्ति कम मात्रा में होती है। इस वजह से बच्चे के जन्म के समय लो बर्थ रेट, बच्चे का विकास समुचित नहीं होता, बच्चा कमजोर पैदा हो सकता है।

**क्या है प्री-एक्लेंपसिया:** जब गर्भवती महिला का ब्लड प्रेशर कंट्रोल नहीं हो पाता है, तो उसके विभिन्न अंग प्रभावित हो सकते हैं। उनमें सबसे महत्वपूर्ण है, किडनी खराब होना जिससे यूरिन में प्रोटीन और यूरिया आने की समस्या शुरू हो जाती है। इस स्थिति को प्री-एक्लेंपसिया कहा जाता है। 24 घंटे में महिला के शरीर से यूरिन में 2 ग्राम से अधिक प्रोटीन निकलने लगता है। प्री-एक्लेंपसिया में मां के यूटरस से प्लेसेंटा अलग हो सकता है, प्लेसेंटल एब्रप्शन, यूटेरस में ब्लीडिंग या फिर प्री-टर्म डिलीवरी हो सकती है।



**तब कंडीशन हो जाती है सीरियस:** प्री-एक्लेंपसिया के लक्षण पहचाने न जाने और उचित उपचार न हो पाने पर एक्लेंपसिया की स्थिति आ सकती है। इसमें गर्भवती महिला को दौरे या फिट्स आने लगते हैं, जिसे एक्लेंपिक फिट कहा जाता है। ये दौरे काफी गंभीर होते हैं, जिसमें उसे मिर्गी के दौरे के समान बहुत जोर-जोर से झटके आने लगते हैं। झटकों के साथ महिला के शरीर में बदलाव होने से गर्भ में पल रहे बच्चे में ब्लड सप्लाई बंद हो सकती है। कई महिलाएं झटकों को संभाल नहीं पातीं, गिर जाती हैं। ऐसे में बहुत तेज झटकों के कारण महिला-बच्चे दोनों की मौत हो सकती है। ब्लड प्रेशर और फिट्स कंट्रोल करने के लिए समुचित मेडिसिन देकर उनका उपचार संभव हो जाता है।

### इन्हें होता है ज्यादा रिस्क

- जिस महिला की पहली प्रेग्नेंसी हो।
- मां की आयु 20 साल से कम या 35 साल से अधिक हो।
- गर्भ में पल रहे बच्चे जुड़वां हों।
- प्रेग्नेंसी आइवीएफ से हो।
- मां अगर स्मोकिंग या दूसरे ड्रग्स लेती हो।
- गर्भावस्था के पहले से ही ब्लड प्रेशर, डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियां हों, मोटापा हो, पहली प्रेग्नेंसी में हाई ब्लड प्रेशर रहा हो या इसकी फैमिली हिस्ट्री हो।

**प्रमुख लक्षण:** प्रेग्नेंसी के दौरान अगर महिला यहां बताए जा रहे लक्षण महसूस करती है तो बिना देर किए डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। जैसे- बीपी बढ़ना, 10-15 दिन में 2-3 किलो वजन बढ़ना, हाथ-पैरों या शरीर के किसी भी अंग में सूजन आना, चक्कर आना, जी घबराना, उल्टी आना, आंखों से धुंधला दिखना, सिर दर्द होना।

**क्या है उपचार:** एक्लेंपसिया के उपचार की प्रक्रिया में ब्लड प्रेशर को एंटी-हाइपरटेंसिव मेडिसिन पेशेंट को देकर तुरंत कंट्रोल करना पड़ता है। एक्लेंपसिया के लिए मरीज को इंजेक्शन के माध्यम से भी दवा देते हैं। इसमें समय पर ट्रीटमेंट जरूरी है। a

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

# टेस्ट क्रिकेट : कप्तानी में डेब्यू करते हुए सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ लीड्स टेस्ट की पहली पारी में शतक लगाया था। अपने कप्तानी में डेब्यू करते हुए शतक लगाने वाले चुनिंदा भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हुए थे। हालांकि, वह दूसरी पारी में दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। इसके बावजूद वह कप्तानी में डेब्यू करते हुए टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शुमार हुए।



## विराट कोहली

(115 और 141)

साल 2014 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ एडीलेड टेस्ट में विराट कोहली ने कप्तान के रूप में अपने पहली ही मैच में 115 रनों की शानदार पारी खेली थी। उन्होंने 184 गेंदों का सामना करते हुए 12 चौके लगाए थे और पहली पारी में टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया था। उन्होंने दूसरी पारी में 141 रन बनाए थे। हालांकि, कोहली के 2 शतकों के बावजूद भारत वह मुकाबला 48 रनों से हार गया था।



## विजय हजारे

(164*)

विजय हजारे ने 1951 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में बतौर कप्तान अपने पहले ही मैच में नाबाद 164 रन की पारी खेली थी। यह उनके टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी है। इस पारी की बदौलत भारत ने 418/6 का स्कोर खड़ा किया था और यह मुकाबला ड्रॉ रहा था। यह शतक किसी भी भारतीय कप्तान का डेब्यू टेस्ट में अब तक का सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी है।



## शुभमन गिल

(147 और 8)

गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ कप्तान के तौर पर अपने पहले टेस्ट में 147 रन बनाए। उनके बल्ले से 19 चौके और 1 छक्का भी निकला।यह उनके टेस्ट करियर का कुल छठा और इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा शतक रहा। वह दूसरी पारी में सिर्फ 8 रन ही बना सके। पहली पारी में गिल को शोएब बशीर ने आउट किया था और दूसरी पारी में उनका विकेट ब्रायडन कार्स ने हासिल किया।



## सुनील गावस्कर

(116 और 35*)

साल 1976 में ऑकलैंड टेस्ट के दौरान सुनील गावस्कर ने बतौर कप्तान अपने पहले टेस्ट में 116 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 12 चौके और 1 छक्का निकला था। उनकी पारी के ही कारण न्यूजीलैंड के 266 रन के जवाब में भारत को मजबूत शुरुआत मिली थी। इस टेस्ट को भारत ने 8 विकेट से जीता था। गावस्कर ने दूसरी पारी में नाबाद 35 रन बनाते हुए कप्तानी पारी खेली थी।

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी : लीड्स टेस्ट के दूसरी पारी में भारत को मजबूत बढ़त

# पंत पहले भारतीय विकेटकीपर जिसने दूसरी पारी में भी ठोका शतक, राहुल ने जड़ी सेंचुरी

एजेंसी ▶▶ लीड्स

भारत ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 276 रन की बढ़त हासिल कर ली है। सोमवार को हेडिंग्ले स्टेडियम में मैच का चौथा दिन रहा है। भारत और इंग्लैंड के बीच चल रहे पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 3 विकेट पर 276 रन बना लिए हैं। केएल राहुल और ऋषभ पंत दोनों ने शतक ठोंके। राहुल अभी क्रीज पर हैं जबकि पंत 118 रन बनाकर आउट हो गए।

इससे पहले राहुल शतक लगाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। कप्तान शुभमन गिल (8 रन) को ब्रायडन कार्स ने बोल्ड कर दिया। तीसरे दिन साई सुदर्शन 30 और यशस्वी जायसवाल 4 रन बनाकर आउट हुए थे।

लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में भारत ने 90/2 के स्कोर से खेलना शुरू किया। पहली पारी में इंग्लैंड 465 और भारत 471 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को पहली पारी में 6 रन की बढ़त मिली थी।




### विकेटकीपर होकर पंत ने हासिल किया यह मुकाम

ऋषभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में भी शतक जमा दिया है। वे एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक जमाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बने गए हैं। दुनिया में उनसे पहले यह कारनामा सिर्फ जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर ने किया है। फ्लावर ने भारत के खिलाफ साल 2000 में नागपुर टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जमाया था।

### केएल राहुल ने 9वां टेस्ट शतक लगाया

बता दें कि केएल राहुल ने अपने करियर का 9वां शतक लगाया। उन्होंने शोएब बशीर के ओवर की आखिरी बॉल पर 2 रन लेकर अपनी सेंचुरी पूरी की। बशीर ने सामने की तरफ ओवरपिच बॉल फेंकी थी। केएल राहुल पिछली पारी में 42 रन पर आउट हुए थे।

# बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में लिए 5 विकेट

## एसईएनए देशों में बनाए रिकॉर्ड्स

एजेंसी ▶▶ लीड्स

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ लीड्स में खेले जा रहे पहले टेस्ट में 5 विकेट चटकाए। यह उनके टेस्ट करियर का 14वां 5 विकेट हॉल है। इसके साथ-साथ उन्होंने एसईएनए देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में अपने 150 विकेट पूरे किए। बुमराह के अब एसईएनए देशों में 150 विकेट चटकाने वाले पहले एशियाई गेंदबाज भी बन गए हैं। उनकी उम्दा गेंदबाजी के बावजूद इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 465 रन बनाए।



जोरदार रही बुमराह की गेंदबाजी बुमराह ने जैक क्रॉली (4) को आउट करते हुए अपने विकेटों का खाता खोला था। इसके बाद उन्होंने बेन डकेट (62) को अपना शिकार बनाया। भारतीय दिग्गज तेज गेंदबाज ने जो रूट (28), क्रिस वोक्स (38) और जोश टंग (11) को पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने 24.4 ओवर में 83 रन देते हुए ये 5 सफलताएं हासिल कीं। उनके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा ने 3 विकेट अपने नाम किए।

### विदेशों में सर्वाधिक 5 विकेट हॉल वाले भारतीय बने बुमराह

बुमराह का यह विदेशों में (घर से बाहर) कुल 12वां 5 विकेट हॉल रहा। इसके साथ ही वह विदेशों में सर्वाधिक 5 विकेट हॉल (संयुक्त रूप से) वाले भारतीय गेंदबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में कपिल देव की बराबरी की।

## खबर संक्षेप



### मोरक्को में दूसरे स्थान पर रहे गोल्फर कोचर

**माराकेच।** भारतीय गोल्फर करणदीप कोचर ने अंतिम दौर में बोगी मुक्त सात अंडर 65 का स्कोर बनाया, लेकिन वह फिलिपींस के एड्रिक चान से एक स्ट्रोक पीछे रह गए और इस तरह से उन्हें मोरक्को राइजिंग स्टार्स माराकेच में दूसरे स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। पेशेवर खिलाड़ी के रूप में भारत से बाहर अपनी पहली जीत की तलाश में लगे कोचर ने समनाह गोल्फ क्लब में 70-67-69-65 राउंड के साथ 17 अंडर का स्कोर बनाया, जबकि चान ने अंतिम राउंड में सात अंडर 65 का कार्ड खेला और आखिर में उनका कुल स्कोर 18 अंडर रहा।

### चावला और गुप्ता एशियाई 6 रेड स्नूकर के नॉकआउट में



**कोलंबो।** गत आईबीएसएफ चैंपियन कमल चावला ने अपने सभी ग्रुप मुकाबले जीतकर सोमवार को यहां एशियाई 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अपने तीसरे और अंतिम ग्रुप सी मैच में भारत के दिग्गज खिलाड़ी चावला ने हांगकांग के मिंग वा मैन को 4-0 से हराया। चावला ने रविवार देर रात श्रीलंका के त्यागराजा थंजीवन को भी इसी अंतर से हराया था। बाद में राष्ट्रीय चैंपियन पारस गुप्ता ने भी अंतिम 16 में जगह बनाई। ग्रुप डी के करो या मरो के मुकाबले में गुप्ता ने कतर के मोहाना अल ओबैदली को 4-3 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे तीसरे भारतीय पुष्पेंद्र सिंह नॉकआउट में जगह बनाने में नाकाम रहे।

### राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन और चार में भाग लेंगे शीर्ष निशानेबाज

**देहरादून।** भारत के शीर्ष निशानेबाज मंगलवार से यहां त्रिशूल शूटिंग रेंज में शुरू हो रहे ग्रुप ए राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन और चार में हिस्सा लेंगे। ये ट्रायल अगस्त में कजाकिस्तान में होने वाली 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 और सितंबर में चीन के निंगबो में होने वाले



आईएसएसएफ विश्व कप के लिए भारतीय टीम का चयन करने में मदद करेंगे। लगातार तीन विश्व कप में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचने वाली सुरुचि सिंह, म्यूनिख स्वर्ण पदक विजेता आर्य बोरसे और अर्जुन बबूता, ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले, मौजूदा विश्व कप पदक विजेता सौरभ चौधरी, रुद्राक्ष पाटिल, एलावेनिल वलारिवन, सिफ्त कौर सामरा, विजयवीर सिद्धू और चैन सिंह के साथ-साथ ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, संदीप सिंह, वरुण तोमर और किरण अंकुश यादव जैसे प्रमुख निशानेबाज ट्रायल का हिस्सा होंगे।

# मैनचेस्टर सिटी ने क्लब विश्व कप में अल ऐन को 6-0 से हराया



एजेंसी ▶▶ अटलांटा

इल्के गुंडोगन के दो गोल और एर्लिंग हालैंड के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने रविवार रात खेले गए मैच में अल ऐन को 6-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। इस सत्र में अपना अभियान पटरी पर लाने की कवायद में लगे मैनचेस्टर सिटी की तरफ से क्लाउडियो एचेवेरी, ऑस्कर बॉब और रेयान चेर्की ने भी गोल किए।

मैनचेस्टर सिटी इस सत्र में इंग्लिश प्रीमियर लीग में तीसरे स्थान पर रहा था जबकि यूईएफए चैंपियंस लीग के नॉकआउट प्लेऑफ में रियाल मैड्रिड से हार गया था। उसने क्लब विश्व कप के शुरुआती ग्रुप मैच में मोरक्को के विदाद पर 2-0 की जीत दर्ज करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था।

### सेशेल्स मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत पदक तालिका में शीर्ष पर

**माहे (सेशेल्स)।** भारतीय मुक्केबाजों ने यहां सेशेल्स नेशनल डे मुक्केबाजी टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने तीन रजत और एक कांस्य पदक भी जीता और पैराडाइज एरेना में मॉरीशस से एक पदक अधिक हासिल किया। हिमांशु शर्मा (50 किग्रा) ने वॉकओवर के जरिए स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि आशीष मुदशानिया (55 किग्रा) ने फाइनल में 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। गौरव चौहान ने 90 किग्रा से अधिक वर्ग के तनावपूर्ण फाइनल में अपना धैर्य बनाए रखा।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**वडसा से गढ़चिरोली सेक्शन में विद्युतीकरण एवं विद्युत आपूर्ति के लिए ई-निविदा सूचना**

**निविदा क्रमांक:** 05/TENDER/EL/CON/SECR/BSP/2025 दिनांक: 17.06.2025
**कार्य का नाम:** द.पू.म. रेलवे के नागपुर मंडल में वडसा से गढ़चिरोली सेक्शन के बीच नए स्टेशन भवन, नए यात्री हॉल्ट, स्टाफ क्वार्टर, कार्यालय भवन, पहुंच मार्ग, परिसंचारी क्षेत्र का विद्युतीकरण एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था तथा अन्य संबंधित कार्य।
**निविदा मूल्य:** ₹ 5,63,06,362/- (रु. पांच करोड़ तिरसठ लाख छह हजार तीन सौ बासठ मात्र)
**बयाना राशि:** ₹ 4,31,600/- (रु. चार लाख इकतीस हजार छह सौ मात्र)
**समापन अवधि:** 18 महीने, स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से।
**निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक **11.07.2025** को **15:30** बजे।
**वेबसाइट विवरण और नोटिस बोर्ड स्थान:** ई-निविदा दस्तावेज, पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें / डाउनलोड करें।

**सहा. कार्यकारी विद्युत अभियंता - निर्माण, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

FL/10-48

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय जबलपुर (म.प्र.)**

क्रमांक JBPLP09112418251 /दिनांक/ 23/JUN/2025

क्र./1709 दिनांक/ 23/JUN/2025

**म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14 (3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपांतरण की दशा में आपत्तियाँ आमंत्रित करने हेतु**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती / मेसर्स (SANKALP PARWANI) M/S CATS CORP THROUGH PARTNERS SHRI SANKALP PARWANI, SHRI TARACHAND KHATRI, SHRI VIKAS JAIN, SHRI TARUN KHATRI, SHRI SUNIL KUMAR PURSWANI, SHRI SHYAM KUMAR PURSWANI, SHRI CHHOTELAL JAIN, SHRI SURESH KUMAR PARWANI द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है :-

(क) परियोजना का नाम : GRAND ELANZA

(ख) अवस्थिति (अवस्थिति / ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक):- पूर्व स्वीकृत ग्राम Katanga तहसील Gorakhpur व जिला Jabalpur की भूमि सर्वे क्रमांक / खसरा क्रमांक 7/1 कुल रकबा 1.04311 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, GROUP HOUSING विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

(ग) विकास का प्रयोजन : - RESIDENTIAL, GROUP HOUSING

(घ) स्वीकृति क्रमांक- JBLLP7855 दिनांक 2022-02-10

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता है, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति,उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/Objection.aspx?RefApp=7hHT4FzZIL1709 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबतद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश जिला जबलपुर (म.प्र.)

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् धनपुरी जिला-शहडोल म.प्र.**

क्रमांक/ न.पा./लो.नि./2025-26/535 ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना धनपुरी दिनांक:-20/06/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक एवं टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 512- DATE-16.06.2025 2025_UAD_431371_1 | Construction of Park at Ward no 09 near MRF Centre | 120 दिन 175.91 लाख | 12500/- एवं 88000/- | 21.07.2025 05:30 PM |
| 2. | 511- DATE-16.06.2025 2025_UAD_431367_1 | Construction of Substation 33/440 watt at ward no 02 | 180 दिन 246.62 लाख | 15000/- एवं 123000/- | 21.07.2025 05:30 PM |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् धनपुरी
जिला शहडोल म.प्र.

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग कटनी**

E.Mall- eereskatnl@gmail.com, eereskatnl@mp.gov.in Ph. 07622-220252

पत्र क्रमांक/1212/तक./ग्रायांसेवा/2025 ***संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 14/2025*** कटनी दिनांक 18/06/2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी के निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर दो लिफाफा पद्धति से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा संसोधित प्रपत्र एपेन्डिक्स 2.10 अनुसार अद्यतन संसोधन निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी एस. ओ. आर. दिनांक 11.04.2022 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञाप्ति जारी होने की दिनांक तक संसोधित) आंतरिक वाटर सप्लाई एवं सेनेटरी फिटिंग, ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकती है निविदा में संसोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संसोधन देखा जा सकेगा। विवरण निम्नानुसार हैं-

| क्रं | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | विकास खण्ड का नाम | निविदा लागत (पी.ए.सी) | अमानत राशि | निविदा का प्रपत्र राशि | समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी (केंद्रीकृत नवीन पंजीकरण व्यावस्था के अंतर्गत) | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2025_RES _431347 | जिला पंचायत भवन के द्वितीय तल हेतु सीढ़ी निर्माण कार्य। | कटनी | 249134.00 | 4983.00 | 2000 | 90 दिवस | (केंद्रीकृत नवीन पंजीकरण व्यावस्था के अंतर्गत) | प्रथमकाल |
| 2 | 2025_RES _431355 | जिला पंचायत भवन के पोर्च निर्माण कार्य। | कटनी | 418664.00 | 8373.00 | 2000 | 120 दिवस | (केंद्रीकृत नवीन पंजीकरण व्यावस्था के अंतर्गत) | प्रथमकाल |

**निविदा संबंधी तिथियाँ (Key Dates):-**

(1) Publishing Date - 28.06.2025 (10:30AM)
(2) Document/ Download/Sale Start Date - 28.06.2025 (10:30AM)
(4) Bid Submission Start Date - 28.06.2025 (10:30PM)
(5) Bid Submission Closing Date - 03.07.2025 (17:30AM)
(5) Bid Open - 05.07.2025 (10:30AM)

नोट:- (Envelope-A) 1. केंद्रकृत नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत 2. जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति 3. पेनकार्ड की छायाप्रति 4. शपथ पत्र 5.परिशिष्ट H 6.अमानत राशि की जमा रसीद समस्त स्वप्रमाणित अपलोड करना होगा।

जी-14692/25

कार्यपालन यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कटनी

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, जिला डिण्डौरी, (म.प्र.)**

एनआईटी नं. 15/2025/ केंन्द्रीकृत निविदा आमंत्रण/ जी / मु.अ. (भ) जबलपुर, दिनांक 20/06/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है-

| क्र. | पोर्टल टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू लाख में) | अमानत राशि ईएमडी (रू में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू में) | कार्य पूर्ण करने का समय माह में वर्षाकाल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWPIU_432571_1 | शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरिया में पी.एम. जनमन योजनांतर्गत 50 सीटर बालक एवं 50 सीटर बालिका छात्रावास का निर्माण कार्य | डिण्डौरी | 367.18 | 367180.00 | 15000.00 | 12 माह वर्षाऋतु सहित |

1-निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mpeproc.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट/ कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 23.06.2025 समय 18:00 से दिनांक 07.07.2025 समय 18:00 तक खरीदा जा सकेगा। अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है। 4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-14713/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, डिण्डौरी (म.प्र.)

## मंडला का मामला : यथास्थिति के अंतरिम निर्देश जारी

# हाई कोर्ट ने उद्यान की भूमि पर कलेक्ट्रेट व एसपी आफिस बनाने पर मांगा जवाब

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने मंडला जिले में उद्यान की भूमि पर कलेक्ट्रेट व एसपी आफिस बनाए जाने को चुनौती पर कलेक्टर मंडला सहित अन्य से जवाब-तलब किया है। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले पर आगामी निर्देश तक यथास्थिति कायम रखने का अंतरिम निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी।

मंडला जिला अंतर्गत महात्मा गांधी वार्ड निवासी अब्दुल गफ्फार कुरैशी की ओर से जनहित याचिका पेश कर पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि मंडला शहर में नर्सरी उद्यान है, जो कि करीब छह एकड़ में फैला हुआ है। जिसमें दस हजार से अधिक पेड़-पौधे लगे हुए है, जिससे व्यापक रूप से



शहरवासियों को आक्सीजन प्राप्त होती है। लिहाजा, वहां प्रशासनिक भवनों का निर्माण अनुचित है। यह निर्णय बदला जाए। कहीं दूसरी जगह ये निर्माण कराए जाएं। इन निर्माणों के लिए पेड़ों को काटने से पर्यावरण को अपूर्णीय क्षति होगी।

## हाईकोर्ट का निर्देशः रेलवे कालोनी निवासी की मां की मृत्यु का मामला

# सीएमएचओ पेश करें इलाज संबंधी दस्तावेज जब्त

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ता की मां के इलाज संबंधी अस्पताल के दस्तावेज जब्त किए जाएं। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने कहा कि ये दस्तावेज प्रकरण के पटाक्षेप तक सुरक्षित रखे जाएं। कोर्ट ने सभी अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। याचिकाकर्ता रेल सौरभ कालोनी, जबलपुर निवासी मनोज कुमार महारवर की ओर से अधिवक्ता अतुल चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता की मां गंभीर रूप से बीमार थीं। रेलवे अस्पताल की अनुशंसा पर उनकी मां को एक सितंबर, 2024 को भंवरताल पार्क के पास स्थित मार्बल सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। याचिकाकर्ता का आरोप है कि वहां पर हुए गलत इलाज के कारण उनकी मां की मौत हो गई। लिहाजा, अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध संबंधित विभागों में शिकायतें की गईं। लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जिससे व्यथित होकर याचिका दायर की गई है। मुख्य मांग यही है कि शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश जारी किए जाएं। मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश सहित अनावेदकों को नोटिस जारी कर दिए।

## समाधि और भंवरताल प्रतिमा स्थल पर होंगे कार्यक्रम

# रानी दुर्गावती का 462वां बलिदान दिवस आज

हरिभूमि जबलपुर।

गौड़वाना गढ़ा मण्ड़ला की महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती के आज 462वें बलिदान दिवस पर नगर निगम जबलपुर, मित्रसंघ-मिलन दुर्गावती स्मृति रक्षा अभियान, कार्पोरेशन एथलेटिक संघ, एवं अन्य संस्थाओं के सहायोग से वीरांगना की बारहा स्थित समाधि स्थल पर प्रातः 7 बजे तथा भंवरताल में प्रतिमा स्थल पर प्रातः 9 बजे कार्यक्रम आयोजित है।

नर्रई नाला (बारहा ग्राम) स्थित वीरांगना रानी दुगार्वती की समाधि पर पुलिस बल द्वारा सलामी-पुष्पांजलि, शपथ ग्रहण के पश्चात धावकों को मशाल प्रज्वलन करके सौंपी जायेगी। धावक दल इस मशाल को लेकर प्रातः 9 बजे भवरताल उद्यान पहुंचेगा। यहां वीरांगना की गजारूढ प्रतिमा के समक्ष पुलिस बल द्वारा परम्परागत सशस्त्र सलामी दी जायेगा। पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि के उपरांत अतिथि विचार व्यक्त करेगें। रानी दुर्गावती दौड़ प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरूस्कार भी दिये जायेगें। नगर निगम प्रशासन एवं सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में उपस्थिति की विनम्र अपील की है।



### मुख्यमंत्री का आगमन आज

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आज शाम 4 बजे नगर आगमन होगा। श्री यादव बारहा स्थित समाधि स्थल पर पहुंचेंगे और महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती को श्रृध्दांजलि अर्पित करेंगे।

# अधिकारी-कर्मचारी संगठन के महासचिव के स्थानांतरण पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संगठन, सागर के महासचिव राजू अहिरवार के स्थानांतरण पर रोक लगा दी। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर पुनिर्विचार किया जाए। याचिाककर्ता की ओर से अधिवक्ता रत्नभारत तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता जनपद पंचायत, सागर में सचिव के पद पर कार्यरत है। उसका स्थानांतरण ग्राम पंचायत, झिरिया, जनपद पंचायक केसली, जिला सागर कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार समस्त कर्मचारी-अधिकारी संगठन के पदाधिकारियों को स्थानांतरण से छूट प्रदान की गई है। याचिकाकर्ता को मार्च, 2024 में जनपद पंचायत, बीना से जनपद पंचायत, सागर पदस्थ किया गया था। इसी अवधि में वह अनुसूचित जाति एवं जनजाति कर्मचारी संगठन जिला सागर में महासचिव के पद नियुक्त हुआ। लिहाजा, स्थानांतरण आदेश अनुचित होने के कारण निरस्त किए जाने योग्य है।

### लापरवाही पर वेतनवृद्धि रोकने की सजा उचित : हाई कोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने लापरवाही पर वेतनवृद्धि रोके जाने की सजा को उचित निरूपित किया। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विजय सराफ की डिवीजन बेंच ने देवसर जिला सिंगरौली न्यायालय में कार्यवाहक लिपिक नंद किशोर चौधरी की याचिका निरस्त कर दी। याचिकाकर्ता ने अपेक्षित जानकारी समय पर मुहैया नहीं कराई थी। इससे न्यायालयीन कार्य बाधित हुआ था। उसके विरुद्ध आरोप सिद्ध पाए जाने के आधार पर सजा सुनाई गई थी। कोर्ट ने कहा कि इसे दी गई चुनौती बेमानी होने के कारण याचिका निरस्त करने योग्य है।

## एक जुलाई से शुरू होगा कॉलेजों में नया सत्र

# पढ़ाई के लिए अब तक तैयार नहीं पाठ्यक्रम

हरिभूमि जबलपुर।

एक जुलाई से प्रदेश के कॉलेजों में नया सत्र शुरू होने जा रहा है, सोचने वाली बात यह है कि उच्च शिक्षा विभाग के पास अब बस एक सप्ताह का समय शेष है, लेकिन अब तक पाठ्यक्रम भी तैयार नहीं किया जा सका है। नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 से यूजी के साथ-साथ पीजी में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हुई है तो नया अध्यादेश भी लागू किया गया है। वहीं पीजी पाठ्यक्रम के लिए जारी करिकुलम और क्रेडिट फ्रेमवर्क के आधार पर नवीन अध्यादेश क्रमांक 14(2) के तहत बदलाव किया गया है। अब तक विभाग की ओर से कोई तैयारी नहीं हो पाई है। वहीं अब तक कई विश्वविद्यालयों ने यूजी चतुर्थ वर्ष का परिणाम भी जारी नहीं किया है। इससे पीजी में प्रवेश लेने में परेशानी होगी।



विभाग ने ऐसे विद्यार्थियों की सीटों का आवंटन रोक दिया, जो यूजी में पढ़े विषयों को छोडक़र अन्य विषयों से दो वर्षीय पीजी करना चाहते हैं। दरअसल, विभाग पीजी के नए अध्यादेश के तहत व्यवस्था तैयार नहीं कर सके। अब इन विद्यार्थियों को पीजी में प्रवेश कैसे दिया जाएगा, इस संबंध में विभाग विचार कर रहा है। इससे प्रदेश के करीब 14 लाख विद्यार्थी परेशान होंगे।

### यूजी में यह बदलाव

नए अध्यादेश के तहत यूजी में विद्यार्थी तीसरे विकल्प में बहुसंकाय (मल्टी डिस्पलनरी) विषय में से एक का चयन कर सकेंगे। इसमें 12वीं में विद्यार्थी ने जिस संकाय में पढ़ाई किया है, उस विषय को छोडक़र दूसरे संकाय के कोई भी विषय को ले सकेंगे। इसमें अब तक 25 विषयों का पाठ्यक्रम तैयार नहीं हो सका है।

### पीजी में इस तरह का बदलाव हुआ है

दो वर्षीय पीजी में प्रवेश की पात्रता शर्तों में बदलाव हुआ है। इसके अनुसार विद्यार्थियों ने जिन विषयों को यूजी में पढ़ा है, उन्हीं से पीजी कर पाएगा। इन विषयों के अलावा अन्य विषय से पीजी करना चाहते हैं तो उन्हें उसकी पात्रता प्रवेश परीक्षा देकर प्राप्त करनी होगी। अब तक विभाग ने प्रवेश परीक्षा के संबंध में कोई गाइडलाइन नहीं बनाई है। इसके तहत तीन वर्षीय यूजी करने के लिए जिन विषयों को मेजर (मुख्य विषय) और माइनर विषय बनाया है, उसी से पीजी करने की पात्रता होगी।

## अगले 24 घंटों हलकी वर्षा की संभावना

# पानी की फुरफुराहट से हवा में घुली ठंडक

**जबलपुर।** मौसम के मिजाज अभी भी शीते-शीते और गीले गीले बने हुये हैं। जोरदार बारिश नहीं हो रही है, लेकिन पानी की फुर-फुर्र फुहारें चल रही हैं। भगवान सूर्यदेव के पिछले तीन दिनों से दर्शन नहीं हुये हैं। पानी की फुरफुराहट से वातावरण में नमी बनी हुई है, जिससे ठंडक का अहसास हो रहा है। पश्चिमी मध्यप्रदेश में मानसून के सक्रिय होने के कारण पूर्वी मध्यप्रदेश में हल्की बारिश का दौर जारी है। धूप नहीं निकलने से पिछले दिनों हुई बारिश से गीली हुई सड़कें नहीं सूख पा रही हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अभी मौसम के मिजाज ऐसे ही बने रहेंगे।



मौसम कार्यालय के मुताबिक पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। कम दबाव के प्रभाव से पूर्वी मध्यप्रदेश के शहरों में अनवरत बारिश का सिलसिला चल रहा है। लगातार पानी गिरने और हवा में नमीं बढ़ने से तापमान नीचे लुढ़का है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 7 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 86 प्रतिशत और सायंकाल 92 प्रतिशत आंकी गई।

पिछले 24 घंटों के दौरान 1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 60.5 मिमी (लगभग ढाई इंच) दर्ज की जा चुकी है। सूर्योदय सुबह 5.26 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 7 बजे हुआ। दक्षिण पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर छुटपुट वर्षा हो सकती है।

## कटनी, सिहोरा हाईवे पर नहीं थम रही लूट की वारदातें

# अब पनागर बायपास में युवक से मोबाईल व बाईक लूटी

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत बरझइया वायपास के आगे ओवरटेक करते हुये एक बिना नम्बर की मोटर सायकल में अज्ञात 4 लड़कों ने एक बाईक चालक युवक को रोका और मोबाइल व बाईक लूटकर ले गए। बताया गया है कि युवक अपने दोस्त के साथ दोस्त की बहन व भाई को दीनदयाल बस स्टेंड छोड़कर आ रहे थे। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पिपिरया कुशनेर निवासी 22 वर्षीय काव्य उर्फ सारांश पटेल अपने दोस्त नितेश पटैल उर्फ साजन पटेल के साथ लगभग 8.30 बजे नितेश के भैया एवं दीदी को अलग अलग बाईक में दीनदयाल बस स्टेंड छोड़कर जबलपुस से वापस आ रहे थे। रास्ते में काव्य उर्फ सारांश पटेल रास्ते में फोन पर बात करने लगा और नितेश अपनी मोटर सायकल लेकर आगे निकल गया। रात लगभग 11.55 बजे जैसे ही वह बरझइया वायपास के आगे पहुंचा, तभी पीछे से उसे ओवरटेक करते हुये एक बिना नम्बर की मोटर सायकल में चार अज्ञात लड़के आये और उसकी मोटर सायकल के आगे अपनी मोटर सायकल लगा दिये जिससे वह गिर गया, उनमें से दो लड़कों ने उसे पकड़ लिया और उसकी जेब से उसके दोस्त नितेश का वीवो कम्पनी का मोबाइल निकाल लिये और नितेश की मोटर सायकल हीरो एक्सट्रीम क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 8508 उससे छीनकर चारों सिहोरा तरफ भाग गये। पुलिस ने अज्ञात चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 309(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पुलिस की सोशल मीडिया सेल ने 3 आरोपी दबोचे

# सोशल मीडिया पर चमकाए हथियार तो खैर नहीं

**जबलपुर।** सोशल मीडिया पर तमंचा लहराते हुए फोटो अपलोड करने वाले 3 युवकों को पुलिस ने दबोच लिया है। दरअसल, पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा सोशल नेटवर्किंग साईट्स पर निगाह रखने हेतु सोशल मीडिया सेल का गठन किया गया है।

सोशल मीडिया सेल प्रभारी सतीश झारिया के नेतृत्व में आरक्षक शुभम दीक्षित, अभय, सुलेखा, तथा इंद्रजीत की गठित सोशल मीडिया सेल टीम द्वारा जबलपुर जिले में आपराधिक गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

इसी दौरान थाना मझौली क्षेत्रांतर्गत सोशल मीडिया पर की जा रही आपराधिक गतिविधियों पर सोशल मीडिया सेल की निगरानी के आधार पर सटीक कार्रवाई की गई। पुलिस ने 3 आरोपियों के विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।इसके अतिरिक्त 3 अन्य व्यक्तियों पर धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।

पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय ने शहर के लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करें। इंटर नेट पर सोशल नेटवर्किंग साईट, जैसे फेस बुक, यू ट्यूब, वाट्सअप, ट्यूटर आदि के माध्यम से आपत्तिजनक वीडियो/पोस्ट एवं मैसिज अपलोड न करें, यह एक संज्ञेय अपराध है। असामाजिक तत्वों द्वारा यदि कोई से आपत्तिजनक वीडियो फुटेज एवं मैसिज अपलोड किया जाता है तो इस प्रकार के वीडियो फुटेज एंव मैसिज को किसी और से न ही शेयर करें, न ही लाईक करें, इसकी सूचना तत्काल अपने सम्बंधित थाने को दें। सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर कानून तोड़ने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।



## मुरुम का डंपर बिना दस्तावेज के मुरुम खनिज का परिवहन करते पकड़ाया

# अवैध खनिज परिवहन पर डंपर किया जप्त

जबलपुर। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशन पर उपसंचालक खनिज आरके दीक्षित के मार्गदर्शन में खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज परिवहन पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान मुरुम का डंपर बिना दस्तावेज के मुरुम खनिज का परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर पुलिस थाना खमरिया में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। इस कार्यवाही में खनिज निरीक्षक शिवपाल चौधरी और राकेश देशमुख उपस्थित रहे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में लापरवाह अधिकारियों को चेतावनी

# जमीन पर रहकर कार्य करें अधिकारी, अगली बार कर दूंगा सस्पेंड : आयुक्त



जबलपुर।

मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने जबलपुर में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान नगर निगम एवं नगर पालिकाओं के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और दो टूक चेतावनी दी – अगली बार अपेक्षित प्रगति नहीं दिखी तो कर दूंगा सस्पेंड।

घंटाघर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस सांस्कृतिक एवं सूचना केंद्र में आयोजित इस अहम बैठक में भारत सरकार और राज्य शासन की नगरीय योजनाओं की समीक्षा की गई। इन योजनाओं में अमृत योजना 1.0 और 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी जबलपुर 2.0, कायाकल्प, मुख्यमंत्री अद्योसंरचना योजनाएं, अर्बन मोबिलिटी और अर्बन डेवलपमेंट कंपनी से जुड़े कार्य शामिल थे।

इस समीक्षा बैठक में स्मार्ट सिटी सीईओ अनुराग सिंह, प्रमुख अभियंता प्रदीप मिश्रा, संयुक्त संचालक परमेश जलोटे, अपर आयुक्त वीएन बाजपेयी, प्रशांत गोटिया, मनोज श्रीवास्तव, श्रीमती अंजू सिंह, कमलेश श्रीवास्तव, संभव अयाची, अंकिता जैन सहित बड़ी संख्या में नगर निगम व निकाय अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त ने अंत में स्पष्ट किया – काम में लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर सुधार नहीं हुआ तो अगली बैठक में कार्रवाई तय है।

### कई जगह लापरवाही उजागर

आयुक्त भोंडवे ने समीक्षा के दौरान पाया कि अनेक नगरपालिकाओं में ठेकेदारों की लापरवाही से प्रगति ठप है। विद्युत बिलों में अत्यधिक राशि, आवासीय परियोजनाओं में सुस्ती और योजनाओं के अधूरे कार्यों पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अधिकारी फील्ड में रहकर जमीनी स्तर पर कार्य करें, वरना सीधे निलंबन की कार्रवाई होगी।

### काम में पारदर्शिता और जवाबदेही का निर्देश

आयुक्त ने सभी सीएमओ और विभागीय प्रमुखों से कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों को पारदर्शिता से निभाएं और आमजन का विश्वास अर्जित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि बिजली बिलों को लेकर एनर्जी ऑडिट कराएं और सही असिस्मेंट करें ताकि व्यर्थ व्यय रोका जा सके।

### आवास योजना की धीमी प्रगति पर असंतोष

प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य आवासीय परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर भी सवाल उठाते हुए आयुक्त भोंडवे ने कहा कि अधूरी योजनाओं को **PPP** मोड या हाउसिंग बोर्ड के सहयोग से शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने अनुदान राशि का विधिवत उपयोग करने की भी सख्त हिदायत दी।

### आत्मनिर्भर निकाय पर विशेष जोर

आयुक्त ने कहा कि नगर निगमों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस रणनीति की जरूरत है। उन्होंने निगमों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने, वेतन भुगतान, सीएम हेल्पलाइन, स्पर्श पोर्टल, वित्त आयोग से जुड़ी योजनाओं, **PME** बस और अर्बन मोबिलिटी जैसे बिंदुओं पर भी चर्चा की और सभी अधिकारियों को प्रगति लाने के स्पष्ट निर्देश दिए।

# पारधी गिरोह ने रची थी भाजपा नेता से लूट की साजिश

हरिभूमि, जबलपुर।



सिहोरा और खितौला हाईवे पर लूट-डकैती करने वाले पारधी गिरोह का पुलिस ने खुलासा कर दिया है इसके साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।जबकि चार अब भी फरार है। जिनकी तलाश जारी है।

पुलिस के मुताबिक 19 जून को सुजीत कुमार सिह पिता राजेन्द्र प्रताप सिह 53 साल निवासी रामशेरपुर थाना नौगड जिला चंदौली उत्तरप्रदेश ने रिर्पोट दर्ज करायी कि यह अपनी फारचूनर गाडी से अपनी पत्नि बच्चो सहित उज्जैन महाकाल मंदिर दर्शन करने जा रहे थे 18 जून को करीब रात्री 10.30 बजे रिलायंश पेट्रोल पंप के आगे बाथरुम करने के लिये अपनी गाडी रोके तभी 05 लडके चाकू तलवार लेकर आये छीना झपटी कर मेरे गले की सोने की चैन छीन कर माटपीट कर भाग गये थे।वहीं सिहोरा थाना अंतर्गत बहोरीबंद मोड उल्दना पर पन्नागुन्नोर निवासी धनीराम कुशवाहा तीन जून की दरम्यानी रात पत्नी सीताराम कुशवाहा का उपचार कराने बेटे के साथ कार क्रमांक एमपी 35 सीए 2960 से नागपुर जा रहे थे। चालक योगेन्द्र ने जब हाइवे मेंकार रोकी तभी हथियारबंद लुटेरों ने जेवरात, नगदी लूटी थी। लुटेरों ने धनीराम कुशवाहा और उनकी पत्नी पर बका से हमला कर साढ़े तीन लाख के जेवर, नगदी 50 हजार रूपए लूटे थे।

**पुलिस ने सरगना को दबोचकर किया सनसनीखेज खुलासा**

### ऐसे लगा सुराग, इन्हें दबोचा

सीसीटीव्ही फुटेज का अवलोकन किया गया सायबर सैल टीम की मदद ली गई। आरोपी रुआ पारधी पिता कमलेश पारधी 20 साल निवासी हरदुआ मदार टेकरी थाना कुठला जिला कटनी को गिरफ्तार कर किया गया है जिसने अपने फरार आरोपी मुबारक पारधी.उजाले पारधी.राज पारधी.टीस पारधी के साथ मिलकर उक्त घटना को घटित करना बताया है जिसे आज न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### वीरांगना महासभा का रानी दुर्गावती समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि समारोह संपन्न

**जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय वीरांगना महासभा के तत्वावधान में देशभर के आठ राज्यों से पधारी वीरांगनाओं ने जबलपुर स्थित रानी दुर्गावती समाधि स्थल पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके उपरांत महासभा की कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस अवसर पर राजपूत महिला एसोसिएशन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संगठित करने की दिशा में सार्थक चर्चा हुई और समिति ने समाज सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

## नया जबलपुर विकसित करने आयुक्त को सौंपा मांग पत्र

# शहर विकास के लिए महापौर ने मांगे 4 अरब 60 करोड़ रुपये

जबलपुर।



महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने जबलपुर को महानगर का रूप देने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए 4 अरब 60 करोड़ रुपये की मांग नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे से की है। महापौर ने बताया कि जबलपुर में मुख्यमंत्री प्रगति पथ नाम से एक प्रमुख सड़क का निर्माण प्रस्तावित है, जो एकता चौक से जे.डी.ए. स्कीम नं. 41 होते हुए बायपास तक जाएगी। इसके लिए 264.12 करोड़ रुपये की मांग की गई है। महापौर ने अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के लिए नए फायर ब्रिगेड वाहनों की खरीद हेतु 12 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि की मांग की। पहले से 1.5 करोड़ की राशि राज्य शासन से मिल चुकी है। नगर निगम क्षेत्र में 11 लाख पौधे एक दिन में लगाने की योजना है। यह कार्य मियावाकी तकनीक से होगा, जिससे जल्दी और घने जंगल तैयार किए जा सकें। इस अभियान के लिए 10 करोड़ रुपये की जरूरत बताई गई है। महापौर ने नई दिल्ली, नवी मुंबई, नया भोपाल और नया रायपुर की तर्ज पर "नया जबलपुर" बसाने का प्रस्ताव दिया है और इसके लिए सर्वे कराने की मांग की है। शहर के विभिन्न इलाकों में हर साल होने वाले जलभराव से राहत दिलाने के लिए महापौर ने 400 करोड़ रुपये की मांग की है। इस राशि से नए नालों, पुल-पुलियों और जल निकासी पाइपों का निर्माण होगा। इस अवसर पर निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव भी उपस्थित रहीं। महापौर ने कहा कि जबलपुर का समग्र विकास ही उनकी प्राथमिकता है, और इसके लिए राज्य शासन से हर जरूरी सहयोग की अपेक्षा है।

## स्ट्रेस दूर करने, निरोगी रहने स्पोर्टस जरूरी

# डीआईजी, पुलिस कप्तान ने किया खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि, जबलपुर।



डीआईजी अतुल सिंह ने पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय की उपस्थिति में 24वीं पूर्वी जोन अन्तर्जिला पुलिस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2025 का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में 22 इकाईयां रेडियो जबलपुर, रेल जबलपुर, पीटीएस रीवा, पीटीएस उमरिया, मउगंज, मैहर, पाढुर्ना, बालाघाट, मंडला, सिंगरौली, उमरिया, डिण्डोरी, कटनी, अनूपपुर, शहडोल, सीधी, सतना, रीवा, कटनी नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, अनूपपुर, सिवनी के खिलाड़ी प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया। इस अवसर पर जोनल पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा आशीष खरे, पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त संजय साहू, एएसपी शहर आनंद कलादगी, जोनल स्पोर्टस ऑफिसर एएसपी (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा, रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य एवं जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारी तथा शहर के थाना प्रभारी, गणमान्य नागरिक सहित पुलिस परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे। भावानाओं को प्रदर्शित करते हैं खेल मुख्य अतिथि डीआईजी अतुल सिंह ने गुब्बारे छोड़ते हुये शुभारंभ की उद्घोषणा कर सभी खिलाडियो को बधाई देते हुये कहा कि पुलिस की तमाम व्यस्तताओं के बीच उनके स्वस्थ्य रहने, निरोग रहने, स्ट्रेस को कम करने के दृष्टिकोण से जोनल स्पोर्टस का अपना विशेष महत्व है। ऐसी तमाम प्रतिभाओं को जो अपनी क्षमताओं के अनुरूप जिन खेलों में रूचि है उनके भीतर एक खेल भावना, प्रतियोगी भावना को प्रोत्साहित करने के लिये जोनल स्पोर्ट्स का आयोजन प्रतिवर्ष होता है।

### पात्र खाद्यान्न हितग्राहियों के ई-केवायसी करायें : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद थे। बैठक में सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गये कि प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित किया जाये, इसके साथ ही अन्य लंबित पत्रों का निराकरण भी सुनिश्चित से किया जाये। बैठक में सभी आहरण और संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के समग्र आईडी आईएफएमआईएस में अपडेट करें। जिन अधिकारी-कर्मचारियों के समग्र आईडी अपडेट नहीं होंगे, उनका इस माह का वेतन आहरित नहीं किया जायेगा। इसके साथ ही कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि खाद्यान्न वितरण के लिए सभी पात्र खाद्यान्न हितग्राहियों के ई-केवायसी करायें ताकि उन्हें तीन माह का राशन समय पर सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश किया कि इस दिशा में तत्परता से कार्य किया जाये ताकि पात्र परिवारों को खाद्यान्न मिलने में असुविधा न हो।

## महापौर ने आला अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

# मुख्यमंत्री के सपनों के अनुरूप बनेगी हाईटेक गौशाला

जबलपुर।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के नेतृत्व में उमरिया स्थित हाईटेक गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका निरीक्षण महापौर श्री अन्नू के साथ नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे, अपर आयुक्त डॉ. परीक्षित झाड़े, निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव, के साथ किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती रजनी सुरेन्द्र साहू, अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गोटिया, मनोज श्रीवास्तव, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला आदि उपस्थित रहे।इस अवसर पर महापौर ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त को उमरिया हाईटेक गौशाला की विशेषताओं से अवगत कराया और कहा कि उमरिया हाईटेक गौशाला संस्कारधानी के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेगी। महापौर श्री अन्नू ने बताया कि इस गौशाला में 6 हजार से शुरू होकर 10 हजार तक गौवंश रहेगें हाईटेक गौशाला में जिसे अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा सारी चीजें संचालित होंगी। उन्होंने बताया कि 20 करोड़ की राशि से 51 एकड़ भूमि में पूर्ण विकसित करने का है लक्ष्य रखा गया है।

### गोप अष्टमी के दिन होगा लोकार्पण

महापौर ने बताया कि दीपोत्सव के समय गोप अष्टमी के दिन उमरिया हाईटेक गौशाला का भव्य लोकार्पण किया जायेगा। जिसमें संस्कारधानी के हजारों गणमान्यजन हाईटेक गौशाला निर्माण के साक्षी बनेगें।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह जुलाई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 जुलाई से 31 जुलाई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 27 जून 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100

कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

हरिभूमि
ग्राहक प्रति
जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

सेंट्रल जेल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन

# भक्ति करके उठाएं सजा अवधि का लाभ

## पुष्प वर्षा कर बंदियों ने दी सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री को विदाई

हरिभूमि, जबलपुर।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय जेल में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन हो गया। भागवत कथा के अंतिम दिवस कथावाचक शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र दुबे शास्त्री महाराज ने सुदामा चरित्र सहित अन्य प्रसंगों पर अपने प्रवचन दिए। शास्त्री जी ने जेल के बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप किसी भी अपराध की सजा में जेल के अंदर हैं, इस बात को लेकर दुखी मत होइए। बल्कि आगे जितना भी समय जेल में बिताना है, उस सजा अवधि में भगवान की भक्ति कीजिए। क्योंकि जेल में होने के कारण आपको घर, परिवार, दोस्त, रिश्तेदार, नौकरी आदि से संबंधित कोई भी कार्य नहीं है। इसलिए इस अवधि का भरपूर लाभ उठाएं और भगवान की भक्ति करके अपने जीवन को सार्थक बनाएं। कथा के समापन पर कैदियों ने पुष्प वर्षा कर सुरेंद्र शास्त्री महाराज को विदाई दी।




### स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मान

कथा के समापन पर कथावाचक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमाला भेंट कर जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर ने सम्मान किया। वहीं व्यासपीठ से जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर, उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश, रूपाली मिश्रा, सहायक जेल अधीक्षक प्रशांत चौहान, हिमांशु तिवारी, अंजू मिश्रा, ओम प्रकाश दुबे एवं कलमवीर संघर्ष संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पत्रकार शुभम शुक्ला को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान पंडित संजय शास्त्री, शिवा विश्वकर्मा नितिन सहित जेल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जेल अधीक्षक ने बंदियों के साथ बैठकर किया हवन

भागवत कथा की पूर्णाहुति में जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर एवं सभी अधिकारियों ने बंदियों के साथ बैठकर हवन किया। जेल अधीक्षक ने कहा कि भगवान के सामने सभी एक समान होते है। ऐसे आयोजनों से बंदियों में उत्साह और मानसिक सकारात्मकता आती है।

### आधी रात से बनना शुरू हुआ भंडारा

श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर जेल में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में जेल अधिकारी-कर्मचारियों सहित करीब 3000 बंदियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। जेल के खानसामाओं ने रात्रि 12 बजे से ही जेल की पाकशाला में भोजन बनाना शुरू कर दिया था। कथा के समापन पर जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर सहित सभी अधिकारी कर्मचारियों एवं जेल के बंदियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## डीईओ तबादले पर 48 घंटे में कार्रवाई नहीं तो होगा घेराव : कांग्रेस



**जबलपुर।** जबलपुर में पद से स्थानांतरित होने के बावजूद डटे जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके कार्यालय का घेराव किया और पदमुक्त करने की मांग की। कांग्रेस का आरोप है कि घनश्याम सोनी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और सरकार के संरक्षण में कार्य कर रहे हैं। पार्टी का कहना है कि उनका स्थानांतरण 6 जून को भोपाल के लिए हो चुका है, लेकिन वह 17 दिन बाद भी जबलपुर में पद पर बने हुए हैं। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही घनश्याम सोनी जबलपुर से भोपाल भाग गए। कांग्रेस ने इसे डर और सत्ता पर निर्भरता का संकेत बताया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने चेतावनी दी है कि अगर 48 घंटे के भीतर कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस कलेक्टर कार्यालय का उग्र घेराव करेगी। घेराव में अभिषेक चौकसे चिंटू, मनीष चंसोरिया, मदन लारिया, निर्मल जैन, पप्पू वसीम, आरिफ बेग, प्रवेंद्र चौहान, रिजवान कोटी, रितेश गुप्ता, राजकुमार सोनी, जग्गू विश्वकर्मा, हुकुम चंद, संजय जैन,विक्रम ठाकुर, भरत पटेल, राहुल कोरी,बहार अंसारी, सुरेंद्र तिवारी,भावना निगम, खुर्शीद अंसारी, सुशीला कनोजिया, सहना ,पूजा सिंग,विष्णु विनोदिया, अंचित सोनी,आशीष शुक्ला, अशरफ मंसूरी, कैलाश ठाकुर, आनंद यादव, इमरान हुसैन सहित समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## प्राकृतिक खेती के नाम चौपाल का 26 जून को



**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के आह्वान पर प्राकृतिक खेती के नाम चौपाल का आयोजन 26 जून को मानस भवन सभागार में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम की व्यवस्था देखने के लिए आज मंत्री श्री सिंह कलेक्टर दीपक सक्सेना व पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मानस भवन पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान बताया गया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत तथा विशिष्ट अतिथि किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना शामिल होंगे।



## आर एंड आर एजुकेशनल एंड रिसर्च सोसाइटी ने एंडो डायलॉग समिट का समापन संपन्न

**जबलपुर।** तीव्र गति से बढ़ रही नान कम्युकेबल डिसीज के परिप्रेक्ष्य में ccdsicon 2025 के द्वारा इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया. देश आए करीब 500 सीनियर चिकित्सको के द्वारा अपना शोध एवं अनुभव साझा किये गये. मध्य प्रदेश की भूमि को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर बनाने हेतु विचार एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुए। इंडो डायलॉग समिट के ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. परिमल स्वामी, अभिषेक श्रीवास्तव ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी एवं मधुमेह, थायरॉइड, मोटापा रोग विशेषज्ञ ने बताया कि इस संगोष्ठी में भोपाल पीसी मनोरिया, डॉ. संजीव गुलाटी, इंदौर अभीउदय वर्मा, डॉ. उमेश मसन्द, भुवनेश्वर जयंत पांडा ने मधुमेह की नई तकनीक के बारे में चर्चा की। मुख्य रूप से मधुमेह, हृदयरोग, थायरॉइड व अन्य हार्मोन के विकारों पर चर्चा हुई। विशेष रूप से इन बीमारियों से होने वाले मानसिक तनाव एवं उसके प्रबंधन पर चर्चा हुई। डॉ. ऋतु श्रीवास्तव, डॉ पुष्पराज पटेल, डॉ. दीपक बेहरानी, डॉ. आशीष डेंगरा, डॉ. विशाल कस्तवार, डॉ. संजय नेमा, आदि उपस्थित रहे।

## बलिदान दिवस पर आज लगेगा नेत्र शिविर

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर रानी दुर्गावती शोध संस्थान, जबलपुर और सक्षम जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में सुबह 8 बजे बलिदान स्थल नरई नाले पर रानी दुर्गावती को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। रानी दुर्गावती शोध संस्थान के अध्यक्ष डॉ पवन स्थापक ने बताया कि श्रद्धांजलि उपरांत एक वृहद् नेत्र शिविर का आयोजन कृष्णा किड्स पब्लिक स्कूल, समाधि रोड, गौर तिराहा पर आयोजित किया जा रहा है। शिविर सुबह 9 बजे से 2 बजे तक रहेगा। शिविर ने चयनित मरीजों के निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन देवजी नेत्रालय में किये जायेंगे। इसके अवसर पर डुमना एयरपोर्ट का नाम रानी दुर्गावती विमानतल करने हेतु स्मरण के तौर पर राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। संस्थान के डॉ. ए. डी. एन. बाजपेई, डॉ.अतुल दुबे, डॉ.विजय आनंद मरावी,विपिन बिहारी ब्योहार,ए बी श्रीवास्तव, अजीत दुबे, जयप्रकाश शुक्ला, अखिलेश यादव, ओम दुबे, नरेंद्र मालवीय, अनुराग दुबे, आशीष परेतकर ने आस पास के क्षेत्रों के सभी नागरिकों से बड़ी संख्या में शिविर का लाभ उठाने कि अपील की है।

कृषि विवि में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन

# भारत को विश्वगुरू बनाने में योग कला का अमूल्य योगदान : डॉ. मिश्रा

हरिभूमि जबलपुर।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य में 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिये योग'' कार्यक्रम का भव्य आयोजन, आंचलिक खेल परिसर जवाहर कीड़ांगन में आयोजित किया गया। इस वृहद योग शिविर में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, वैज्ञानिक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं कृषिनगर निवासियों ने योगाभ्यास किया गया। इसके साथ ही आयोजित 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन भी कुलगुरु डॉ. पी.के. मिश्रा की उपस्थिति में हुआ। प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर मुख्यअतिथि की आसंदी से कुलपति डॉ. प्रमोद



कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि नियमित योग करने से शारीरिक, मानसिक शक्ति, चेतना जाग्रत होती है, योग से गंभीर बीमारियों से निजात एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया जा सकता है। प्राचीनकाल से हमारी सेहत का अहम सूत्र योग है, और यह हमारी दिनचर्या में समा चुका है। आपने कहा कि भारत को विश्वगुरू बनाने में हमारी योग कला एवं विद्या का अमूल्य योगदान है।

कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अमित कुमार शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने बताया कि योग प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न योग विधाओं पारंगत विषय विशेषज्ञों द्वारा 21 दिनों तक प्रशिक्षर्णियों को योग प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने भी सहभागिता निभाई है। योग प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र भी कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा की उपस्थिति में वितरित किये गये।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अनीता बब्बर, डॉ. आर.के. नेमा, कुलसचिव डॉ.ए.के. जैन, तिल एवं रामतिल परियोजना के डायरेक्टर डॉ. आनंद विश्वकर्मा, डॉ. ए.के. राय, डॉ. आर.एस.रघुवंशी, डॉ. ज्ञानेन्द्र तिवारी, सूचना एंव जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. बी.एस.द्विवेदी, डॉ. आर.एन.श्रीवास्तव, डॉ. आशीष कुमार निगम एवं डॉ. धर्मेन्द्र सिंह नरवरिया के साथ-साथ प्राध्यापक, वैज्ञानिक, कर्मचारी, कृषिनगर निवासी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**मझौली।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर रेस्ट हाउस एवं नगर के बुथों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में




भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे, जिनमें मंडल प्रभारी भरत सिंह परिहार, पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद जितेंद्र ताम्रकर, कार्यालय मंत्री अनंत लाला सोनी, वरिष्ठ नेता श्री सुभाष सोनी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य युवा मोर्चा अभिषेक दहिया, महेंद्र कोस्टा शैंकी सोनी, विवेक भट्ट, अभिनेश पटेल, कपिल झरिया, अनुज श्रीवास, भारत कोस्टा, और सौरभ सानु साहू शामिल थे।

## सीएम राइज स्कूल में योगासन

**पाटन।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हाई स्कूल पाटन में एसडीएम अध्यक्ष पार्षद प्राचार्य की उपस्थिति में शासन के निर्देश अनुसार योग अभ्यास कराया गया। योग शिक्षा वीरेंद्र सिंह पटवा ने योग के माध्यम से योगासन कराए जिसमें प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के संदेश को उपस्थित छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकों जनप्रतिनिधियों ने उद्बोधन को सुना। योग कार्यक्रम में एनसीसी के छात्रों ने भी अपनी सहभागिता रखी।

## नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार का पाटन आगमन आज



**पाटन।** मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद ब्लॉक अध्यक्ष बसंत सिंह तेकाम ने बताया की मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार का 24 जून मंगलवार प्रातः 10 बजे पाटन आगमन हो रहा है स्थानीय रेस्ट हाउस में कुछ देर रुकने के बाद नेता प्रतिपक्ष सिगरामपुर के लिए रवाना होंगे पाटन नगर में वीरांगना रानी दुर्गावती की मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगे परिषद ने सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नेता प्रतिपक्ष के स्वागत की अपील की है।

पश्चिम विधानसभा क्षेत्र आने वाले वर्षों में सकारात्मक विकास होगा

# विकास है निरंतर चलने वाली प्रक्रिया : लोक निर्माण मंत्री




**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने सोमवार को पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत 1 करोड़ 21 लाख 45 हजार रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर नगर निगम अध्यक्ष श्री रिकुंज विज भी उनके साथ उपस्थित रहे। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने कहा कि विकास सतत चलने वाली प्रक्रिया है। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 1 हजार 700 करोड़ रुपए के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से कुछ कार्य पूर्ण हो चुके हैं जबकि कुछ प्रक्रिया के अधीन हैं। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र आने वाले वर्षों में विकास की दृष्टि से सकारात्मक पूर्णता दिखाई देगी।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि धनवंतरी नगर से लेकर पुरवा तक 5 करोड़ रुपए की लागत से फोर लेन सड़क एवं पिसनहारी की मढ़िया के समीप 5 करोड़ रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। गौरीघाट को अयोध्या के सरयू नदी के घाटों की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इसके लिए प्रथम चरण में जिलहरी से लेकर गौरीघाट तक तथा दूसरे चरण में भटौली से लेकर तिलवारा घाट तक अत्यंत सुन्दर घाटों का निर्माण किया जाएगा। लगभग 5 सौ करोड़ रूपए की लागत से अयोध्या की सरयू नदी की तर्ज पर निर्मित मां नर्मदा परिक्रमा पथ अमरकंटक से लेकर भरूच तक यह एक मात्र ऐसा व्यवस्थित घाट होगा जहां आकर श्रद्धालु भगवान श्री राम की अनुभूति भी कर सकेंगे।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि शहर में लगभग 1 हजार 1 सौ करोड़ रुपए की लागत से मात्र रोप वे का निर्माण किया जाएगा। देश भर में वाराणसी के बाद जबलपुर दूसरा ऐसा शहर होगा जहां रोप वे यहां के ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम का हिस्सा होगा। उन्होंने बताया कि अंपायर टॉकीज से लेकर गौरीघाट के उस पार तक लगभग 750 करोड़ रूपए एवं सिविक सेंटर से वाया बड़ा फुहारा, दमोह नाका होते हुए आधारताल तक लगभग 350 करोड़ रुपए की लागत से दो रोप वेज का निर्माण किया जाएगा। इन रोप वे में जगह जगह पर स्टेशन भी बनाए जाएंगे।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि गोरखपुर स्थित अनगढ़ महावीर मंदिर से वाया बंदरिया तिराह होते हुए साईं मंदिर तक लगभग 4 सौ करोड़ रुपए की लागत से फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। सगड़ा में भी फ्लाईओवर का काम चल रहा है और ठाकुर ताल को भी बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। मंत्री श्री सिंह ने क्षेत्रीय जनों को लोकार्पित किए गए विकास कार्यों की शुभकामनाएं दीं और यह विश्वास दिलाया कि जिन अपेक्षाओं और उम्मीदों के साथ उन्होंने आशीर्वाद दिया है उसे पूर्ण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

### इन कार्यों का हुआ लोकार्पण

लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने स्वामी वीरेन्द्रपुरी वार्ड में कांजी हाउस से ब्राम्हण मोहल्ला कुआं तक एवं चिराग मेडिकल से रूचि बाईंडिंग तक नव निर्मित सीसी सड़क, वीर सावरकर वार्ड में गुलमोहर पार्क संजीवनी नगर से राजेश तिवारी के मकान के सामने तक निर्मित सीसी सड़क एवं गौतम जी की मढिया से गुलौआ चौक तक निर्मित नाली का, मदन महल वार्ड के अंतर्गत प्रेम नगर में इंजीनियर के. अग्रवाल के घर से पप्पू नायडू के घर तक एवं साहू मोहल्ला से अरूण सोनी के मकान तक निर्मित सीसी रोड तथा रानी दुर्गावती वार्ड में दादी किराना से मासाब के घर तक निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण किया।

## डॉ.मुखर्जी को भाजपा ग्रामीण ने दी श्रद्धांजलि, बताया एकता के सच्चे सूत्रधार



**सिहोरा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ग्रामीण इकाई ने आज ग्राम बिनेकी में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल और भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र के प्रति योगदान और उनके बलिदान को याद कर पौधारोपण भी किया गया।भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा डॉ.मुखर्जी राष्ट्रीय एकता के सच्चे सूत्रधार थे। उन्होंने पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर में विभाजनकारी तत्वों से कभी समझौता नहीं किया और देश की अखंडता के लिए नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने से भी नहीं हिचके। पटेल ने डॉ.मुखर्जी को देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पुरोधा भी बताया। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बघेल ने उनके बलिदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जनसंघ की स्थापना कर देश को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाला राजनीतिक विकल्प दिया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए अपने प्राणों तक का बलिदान दे दिया। इस अवसर पर देवेंद्र यादव, भरत मिश्रा,अरविंद पटेल,कृष्ण शेखर सिंह, अशोक पटेल,मंडल अध्यक्ष वकील पटेल, हीरालाल रवि पटेल,बबलू ठाकुर,अजय यादव, बूथ अध्यक्ष अभय पटेल, श्याम मनोहर तिवारी और पप्पू ठाकुर सहित कई स्थानीय जन उपस्थित थे।




**श्रीमती शांति बाई रजक-** तिलहरी फेस 1 निवासी श्री गन्नी लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई रजक (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई सोनकर-** आर्य समाज मंदिर के पास गोरखपुर निवासी भानतलैया वाले श्री कल्लू सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई सोनकर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राकेश कुमार गोतेल-** रतन नगर इंद्रा बस्ती मदनमहल निवासी श्री राकेश कुमार गोतेल (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोज डुमार-** सर्वोदय स्कूल के पीछे कांचघर निवासी श्री मनोज डुमार (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री निशांत सिंह नेगी-** गाजियाबाद उत्तर प्रदेश निवासी श्री सुखपाल सिंह नेगी के पुत्र श्री निशांत सिंह नेगी (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**डॉ. गोपाल दास दुबे-** गली नं. 5, शांति नगर दमोहनाका निवासी डॉ. गोपाल दास दुबे (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में विगत दिवस किया गया।

**श्री जीवन कुरील-** शारदा कॉलोनी करमेता निवासी श्री जीवन कुरील (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हिमांशु कामले-** शाही नाका गढ़ा निवासी श्री हिमांशु कुरील (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री खेमचंद पटेल-** लार्डगंज कछियाना निवासी श्री खेमचंद पटेल (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
संपर्क करें विज्ञापन विभाग

## खबर संक्षेप

### एनबीसीसी को एमडीए से मिला 296.53 करोड़ का ठेका




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी लिमिटेड को मेरठ विकास प्राधिकरण से 296.53 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे उत्तर प्रदेश के मेरठ में 'मेरठ विकास प्राधिकरण' की ''पुनर्विकास परियोजनाएं'' मिली हैं। ये परियोजनाएं 296.53 करोड़ रुपये की हैं।

### बंधन बैंक ने चार राज्यों में 18 नई शाखाएं खोलीं

**कोलकाता।** निजी क्षेत्र के बंधन बैंक ने सोमवार को कहा कि उसने देश के चार राज्यों में 18 नई शाखाएं खोली हैं। इन 18 नई शाखाओं में से सात झारखंड में, पांच आंध्र प्रदेश में और तीन-तीन बिहार एवं ओडिशा में हैं। सभी नई शाखाएं चारों राज्यों के कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं देंगी। इसके साथ ही अब देशभर में बैंक के 6,300 बैंकिंग आउटलेट हो गए हैं।

### साया ग्रुप ने लेमन ट्री होटल्स के साथ किया समझौता



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी साया ग्रुप ने ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) में अपने 336 'बिजनेस सुइट्स' के प्रबंधन के लिए लेमन ट्री होटल्स के साथ हाथ मिलाया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि उसने लेमन ट्री होटल्स की अनुषंगी कंपनी कार्नेशन होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है।

### इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज का आईपीओ 26 जून को खुलेगा

**नई दिल्ली।** फसल सुरक्षा उत्पाद बनाने वाली कंपनी इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज ने अपने 200 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 105-111 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि आईपीओ 26 जून को खुलेगा और 30 जून को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 25 जून को बोली लगा पाएंगे।

### जेंटारी ने महाराष्ट्र में चालू किया सौर संयंत्र



**नई दिल्ली।** स्वच्छ ऊर्जा समाधान कंपनी जेंटारी ने महाराष्ट्र के वर्धा में 150 मेगावाट का 'ओपन-एक्सेस' सौर संयंत्र चालू करने की सोमवार को घोषणा की। बयान में कहा गया कि यह परियोजना राज्य में वाणिज्यिक एवं औद्योगिक (सीएंडआई) उपभोक्ताओं के लिए अपनी तरह की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक है।

### एबीएलबीएल का शेयर विभाजन के बाद सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल से अलग होने के बाद आदित्य बिड़ला लाइफस्टाइल ब्रांड्स लिमिटेड का शेयर सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी के शेयर ने 167.75 रुपये पर शुरुआत की और बाद में यह 4.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 176.10 रुपये पर पहुंच गया। अंत में यह 4.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 159.40 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर शेयर ने 167 रुपये पर शुरुआत की। अंत में यह 4.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 159 रुपये पर बंद हुआ।

# ऑडी ने भारत में लांच किया क्यू 7 सिग्नेचर एडिशन, कीमत 99.81 लाख रुपए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जर्मन लग्जरी कार निर्माता ऑडी ने अपनी प्रमुख एसयूवी ऑडी क्यू7 का एक खास वैरिएंट क्यू7 सिग्नेचर एडिशन लांच किया है। यह एक्सक्लूसिव एडिशन चुनिंदा प्रीमियम डिजाइन एलिमेंट्स और लक्जरी फीचर्स के साथ पेश किया गया है, जो क्यू7 की दमदार मौजूदगी को और भी निखारता है। इस वैरिएंट में ऑडी रिंग्स एंट्री एलईडी लैंप्स, डायनैमिक व्हील हब कैप्स और इन-व्हीकल एस्प्रेसो मोबाइल कॉफी सिस्टम जैसे इनोवेटिव फीचर्स शामिल हैं, जो इसे बेहद खास बनाते हैं। इस एसयूवी 99,81,000 रुपए (एक्स-शोरूम) की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है।

- इस वैरिएंट में ऑडी रिंग्स एंट्री एलईडी लैंप्स, डायनैमिक व्हील हब कैप्स शामिल

## 8 एयरबैग, 7 ड्राइव मोड और कॉफी मेकर जैसे लग्जरी फीचर से लैस

### कॉफी मेकर जैसे लग्जरी फीचर्स

इसमें कई लग्जरी फीचर्स मिलेंगे। टेक्नोलॉजी ट्रिम पर आधारित इस वैरिएंट में दो खास नए फीचर्स जोड़े गए हैं, जैसे कि इसमें इन-कार कॉफी मेकर दिया गया है। इससे अब लंबी ड्राइव पर भी गर्मागर्म कॉफी मिल सकती है। इसमें डैशकैम यूनिवर्सल ट्रॉफिक रिकॉर्डर दिया गया है। बाकी प्रीमियम फीचर्स भी पहले जैसे ही हैं, जैसे कि इसमें ऑडी वर्चुअल कॉकपिट प्लस 3डी साउंड सिस्टम, डुअल टचस्क्रीन एमएमआई नेविगेशन, वायरलेस चार्जिंग, 4-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, 360 डिग्री कैमरा और पार्क असिस्ट प्लस जैसे फीचर्स मिलते हैं। यह एसयूवी 7 सीट्स के साथ आती है और थर्ड रो इलेक्ट्रिकली फोल्डेबल है। इसका बूट खोलने के लिए सेंसर्स दिए गए हैं।



*सेफ्टी फीचर्स भी टॉप क्लास : इसमें सेफ्टी फीचर्स भी टॉप क्लास के मिलते हैं। इसमें 8 एयरबैग्स, लेन डिपार्चर वार्निंग और इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल जैसे फीचर्स मिलते हैं।*

### पावर और परफॉर्मेंस

क्यू7 सिग्नेचर एडिशन में वही दमदार इंजन मिलता है। इसमें 3.0 लीटर वी6 टीएफएसआई पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 340एचपी की पावर और 500एनएम का टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम है। इसके स्पीड की बात करें तो मात्र 5.6 सेकंड में ये कार 0–100 किमी/घंटे की स्पीड पकड़ लेती है। इसकी टॉप स्पीड 250 किमी /घंट है। इसके अलावा इसमें ऑडी का ऑल-व्हील ड्राइव सिस्टम है। इसमें एडॉप्टिव एयर सस्पेंशन दिया गया है। इसमें 7 ड्राइव मोड दिए गए हैं, जिसमें ऑफ-रोड मोड भी शामिल है।

### एक्स्ट्रा ग्लैमर

ऑडी क्यू7 सिग्नेचर एडिशन में कंपनी ने ऑडी जेन्यून एक्सेसरीज का इस्तेमाल किया है, जिससे इसका लुक और ज्यादा खास हो गया है। इसमें एलईडी पैडल लैंप्स मिलते हैं, जो ऑडी का लोगो जमीन पर दिखाते हैं।इसमें डायनामिक व्हील हब कैप्स दिया गया है, जो चलने पर भी सीधे रहते हैं। इसमें स्टेनलेस स्टील पेडल कैप्स दिए गए हैं। इसमें नए पेंट फिनिश वाले एलॉय व्हील्स दिए गए हैं और एक मेटालिक की कवर है। ये एसयूवी 5 शानदार कलर में मिलेगी।

## अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ ने कहा

# ईरान को भेजी गई एक लाख टन बासमती चावल की खेप भारतीय बंदरगाहों पर अटकी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इजरायल-ईरान संघर्ष के कारण ईरान जाने वाला लगभग 1,00,000 टन बासमती चावल भारतीय बंदरगाहों पर फंसा हुआ है। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी। संघ के अध्यक्ष सतीश गोयल ने कहा कि ईरान जाने वाला लगभग 1,00,000 टन बासमती चावल फिलहाल भारतीय बंदरगाहों पर फंसा है।

भारत के कुल बासमती चावल निर्यात में ईरान की 18-20 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। गोयल ने बताया कि निर्यात खेप मुख्य रूप से गुजरात के कांडला और मुंद्रा बंदरगाहों पर रुकी है, जहां पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण ईरान जाने वाले माल के लिए न तो जहाज उपलब्ध हैं और न ही बीमा।

### वित्तीय तनाव पैदा हो सकता है

गोयल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संघर्ष, आमतौर पर मानक शिपिंग बीमा पॉलिसियों के तहत कवर नहीं होते हैं, जिससे निर्यातक अपनी खेप भेजने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि निर्यात खेप में देरी और भुगतान को लेकर अनिश्चितता गंभीर वित्तीय तनाव पैदा कर सकती है।

**भारत के कुल बासमती चावल निर्यात में ईरान की 20 फीसदी हिस्सेदारी**

**निर्यात खेप मुख्य रूप से गुजरात के कांडला और मुंद्रा बंदरगाहों पर रुकी**

**ईरान जाने वाले माल के लिए न तो जहाज उपलब्ध हैं और न ही बीमा**

### कीमतें पहले ही पांच रुपए प्रति किग्रा गिर चुकी

संघ के अध्यक्ष ने कहा कि घरेलू बाजार में बासमती चावल की कीमतें पहले ही चार-पांच रुपये प्रति किलोग्राम तक गिर चुकी हैं।इस मुद्दे पर संघ, कृषि-निर्यात संवर्धन निकाय एपीडा के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि संकट पर चर्चा के लिए 30 जून को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक निर्धारित है। सऊदी अरब के बाद ईरान भारत का दूसरा सबसे बड़ा बासमती चावल बाजार है।



### 2024-25 के दौरान 60 लाख टन बासमती चावल निर्यात

भारत ने मार्च में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ईरान को लगभग 10 लाख टन सुगंधित अनाज का निर्यात किया। भारत ने 2024-25 के दौरान लगभग 60 लाख टन बासमती चावल का निर्यात किया, जिसकी मांग मुख्य रूप से पश्चिम एशिया और पश्चिम एशियाई बाजारों से प्रेरित थी।

### भुगतान में देरी के संकट से जूझ रहे हैं चावल निर्यातक

हरियाणा के चावल निर्यातक जहाज की आवाजाही में बड़ी रुकावट और भुगतान में देरी के संकट से जूझ रहे हैं। ईरान को देश के बासमती चावल निर्यात में हरियाणा के निर्यातकों का हिस्सा 30 प्रतिशत है। जहां करनाल बासमती निर्यात का मुख्य केंद्र है, वहीं कैथल और सोनीपत भी विदेशी मांग में अपना योगदान करते हैं।

### हरियाणा की हिस्सेदारी करीब 30 से 35 फीसदी

चावल निर्यातक संघ की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुशील जैन ने कहा, ''ईरान-इजराइल संघर्ष ने व्यापार को प्रभावित किया है।'' उन्होंने कहा, ''देश से ईरान को करीब 10 लाख टन बासमती चावल निर्यात किया जाता है, जिसमें हरियाणा की हिस्सेदारी करीब 30-35 प्रतिशत है।'' उन्होंने कहा कि ईरान के लिए करीब एक लाख टन बासमती चावल की खेप बंदरगाहों पर फंसी हुई है।

### 2000 करोड़ की राशि अटकी हुई

भारतीय निर्यातकों द्वारा ईरान को निर्यात किए गए लगभग दो लाख टन चावल के लिए 1,500 करोड़ रुपये से 2,000 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान भी संघर्ष के कारण अटका हुआ है। उन्होंने कहा कि संघर्ष बढ़ने से भारतीय बाजार पर असर पड़ने वाला है, जहां पहले से ही कीमतों में कुछ गिरावट देखी जा रही है।

# पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सहमा शेयर बाजार

एजेंसी ▸▸ मुंबई



- सेंसेक्स में 511 अंक की गिरावट
- निफ्टी में 140 अंक से अधिक का नुकसान

ईरान के तीन प्रमुख परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी बमबारी के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार में खासी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 511 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 140 अंक से अधिक का नुकसान रहा।

विश्लेषकों ने कहा कि ईरान और इजराइल के बीच जारी संघर्ष में अमेरिकी दखल ने पश्चिम एशिया को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। इसके अलावा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), प्रौद्योगिकी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव से भरे कारोबार में 511.38 अंक की गिरावट के साथ 81,896.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 931.41 अंक गिरकर 81,476.76 अंक पर आ गया था। निफ्टी 140.50 अंक गिरकर 24,971.90 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और मारुति में सबसे ज्यादा गिरावट रही। इसके उलट, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त में रहे।

### घबराए निवेशकों ने की बिकवाली

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''इजराइल-ईरान संघर्ष में अमेरिकी दस्तक ने तनाव बढ़ा दिया है जिससे घबराए निवेशकों ने शुरुआती घंटे में जमकर बिकवाली की। अगर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो हमारा आयात बिल बढ़ेगा और स्थानीय मुद्रा में तेज गिरावट आएगी। इससे महंगाई बढ़ने का भी जोखिम होगा।''

# सोने में 160 रुपए की गिरावट, चांदी स्थिर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- सोना टूटकर 99,800 रुपए प्रति दस ग्राम

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की सतत बिकवाली के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 160 रुपये टूटकर 99,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 99,960 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 150 रुपये गिरकर 99,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले बाजार बंद के समय इसका भाव 99,250 रुपये प्रति 10 ग्राम था। हालांकि, सोमवार को चांदी 1,05,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना मामूली रूप से गिरकर 3,365.40 डॉलर प्रति औंस रह गया। कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी-जिंस शोध, कायनात चैनवाला ने कहा, ''सोमवार को कुछ समय के लिए सोने की कीमत बढ़कर 3,413.80 डॉलर प्रति औंस हो गई।

**प्रमुख आंकड़ों का इंतजार :** चैनवाला ने कहा कि निवेशक फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल की कांग्रेस में टिप्पणी, अमेरिकी जीडीपी आंकड़े और कोर पीसीई मुद्रास्फीति के आंकड़ों सहित प्रमुख आर्थिक घटनाओं का इंतजार करेंगे। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की शोध विश्लेषक - जिंस और मुद्रा रिया सिंह के अनुसार, जून में अबतक सोने की घरेलू कीमतों में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है।


## आइडिया फोर्ज को सेना से मिला ड्रोन बनाने का ऑर्डर



**नई दिल्ली।** ड्रोन प्रौद्योगिकी कंपनी आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी ने आपातकालीन खरीद मार्ग के जरिये भारतीय सेना से हाइब्रिड लघु मानव रहित हवाई वाहन प्रणालियों (ड्रोन) के लिए लगभग 137 करोड़ रुपये का ऑर्डर हासिल किया है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। आइडियाफोर्ज ने कहा कि मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) के चयन के लिए मूल्यांकन के दौरान एक प्रमुख आवश्यकता यह थी कि सभी महत्वपूर्ण उप-कलपुर्जों को सीमा साझा नहीं करने वाले देशों से हासिल किया जाना चाहिए। इसके साथ ही यह मंच क्षमता और डिजाइन में काफी हद तक स्वदेशी होना चाहिए। कंपनी ने बयान में कहा, आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी ने आपातकालीन खरीद मार्ग के जरिये एक महत्वपूर्ण ऑर्डर हासिल किया है। लगभग 137 करोड़ रुपये का ऑर्डर भारतीय सेना ने उच्च प्रदर्शन वाले हाइब्रिड लघु यूएवी प्रणाली के लिए दिया गया है।

# रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 37 प्रतिशत घटने का अनुमान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- पहली छमाही में तीन अरब डॉलर रहने का अनुमान
- एक साल पहले इसी अवधि में यह 4.89 अरब डॉलर रहा था

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण चालू कैलेंडर साल की पहली छमाही में भारतीय रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 37 प्रतिशत घटकर 3.06 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।

रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश इस साल जनवरी-जून की अवधि में घटकर 3.06 अरब अमेरिका डॉलर रहने का अनुमान है, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 4.89 अरब डॉलर रहा था। भारतीय रियल एस्टेट में कुल संस्थागत निवेश में विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी 68 प्रतिशत है, जबकि घरेलू कंपनियों ने 2025 की पहली छमाही में 32 प्रतिशत निवेश किया है। जेएलएल ने कहा, '' चुनौतीपूर्ण अंतरराष्ट्रीय आर्थिक स्थितियों और राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण निवेश लेनदेन की समयसीमा में वृद्धि हो रही है।''संस्थागत निवेशक रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (आरईआईटी), पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) और सूचीबद्ध इकाइयों में निवेश सहित सार्वजनिक बाजार माध्यमों के जरिये इसमें भाग लेते हैं। जेएलएल की वरिष्ठ प्रबंध निदेशक एवं भारत में पूंजी बाजार प्रमुख लता पिल्लई ने कहा, '' भारत का रियल एस्टेट क्षेत्र एक आकर्षक निवेश गंतव्य बना हुआ है, जो घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय दोनों के भरोसे से उत्साहित है।

### संस्थागत निवेश में आवास हिस्सेदारी 38 फीसदी

हम अनुमान लगाते हैं कि कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए पूंजी प्रवाह इन स्थापित मानदंडों के अनुरूप होगा।

# आयुष वेलनेस फोन पर परामर्श नैदानिक जांच क्षेत्र में उतरेगी


एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

निवारक स्वास्थ्य सेवा कंपनी आयुष वेलनेस लिमिटेड ने घर-घर स्वास्थ्य सेवा समाधान की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए ऑनलाइन परामर्श और नैदानिक परीक्षण खंड में उतरने की घोषणा की है। आयुष वेलनेस ने बयान में कहा कि ये सेवाएं वेबसाइट और मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रदान की जाएंगी। इसे विशेष रूप से आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ एवं सस्ता बनाना के लिए तैयार किया गया है, खासकर उन परिवारों तथा कामकाजी लोगों के लिए जो घर से ही सीधी स्वास्थ्य सेवा चाहते हैं। कंपनी ने कहा कि भारत में निदान (डायग्नॉस्टिक्स) बाजार का वर्तमान मूल्य 1.11 लाख करोड़ रुपये है, जो 14 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ रहा है। आने वाले वर्ष में घरेलू नमूना संग्रह का योगदान लगभग 25-30 प्रतिशत होने का अनुमान है।

# अदाणी ने देश का पहला ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र किया शुरू

- गुजरात के कच्छ में प्रायोगिक स्तर पर चालू किया गया
- भारत के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की बड़ी उपलब्धि

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



अदाणी समूह ने गुजरात के कच्छ में भारत का पहला 'ऑफ-ग्रिड' हरित हाइड्रोजन संयंत्र प्रायोगिक स्तर पर चालू किया है। समूह ने सोमवार को बयान में यह जानकारी दी।

'ऑफ-ग्रिड ग्रीन हाइड्रोजन' संयंत्र एक ऐसी सुविधा है जो नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर या हवा द्वारा संचालित 'इलेक्ट्रोलिसिस' का उपयोग करके हाइड्रोजन का उत्पादन करती है। यह मुख्य विद्युत ग्रिड से जुड़ा नहीं है। इसका मतलब है कि संयंत्र की हाइड्रोजन उत्पादन प्रक्रिया पूरी तरह से अपनी अक्षय ऊर्जा उत्पादन पर निर्भर करती है। यह पांच मेगावाट का संयंत्र अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) द्वारा तैयार किया गया है। एएनआईएल, अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की स्वच्छ ऊर्जा इकाई है। भारत के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को सक्षम करने की दिशा में इसे एक बड़ी उपलब्धि करार देते हुए समूह ने कहा कि सफल शुरुआत तकनीकी व्यवहार्यता को दर्शाती है।

## ट्रांसयूनियन सिबिल ने ऋण बाजार पर जारी की रिपोर्ट

# खुदरा ऋण की वृद्धि दर पांच फीसदी पर खिसकी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

खुदरा ऋण बाजार में वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में नए कर्ज की उत्पत्ति पांच प्रतिशत की धीमी रफ्तार से बढ़ी जबकि एक साल पहले इसकी वृद्धि दर 12 प्रतिशत थी। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।फरवरी, 2025 में भारतीय रिजर्व बैंक ने लंबे अंतराल के बाद रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी। इसके बावजूद नए ऋणों की उत्पत्ति (ऋण की मांग और आपूर्ति का आंशिक उपाय) मार्च तिमाही में नरमी रही।



*अधिक मूल्य वाली संपत्तियों पर कर्ज ले रहें : रिपोर्ट के मुताबिक, व्यक्तिगत कर्ज को छोड़कर अन्य सभी ऋण उत्पादों की मात्रा में वृद्धि मूल्य में वृद्धि की तुलना में कम रही। इसके अलावा महंगे घरों और दोपहिया वाहन ऋण की हिस्सेदारी बढ़ने से पता चलता है कि ऋणदाता अधिक मूल्य वाली संपत्तियों पर कर्ज को प्राथमिकता दे रहे हैं।*

### युवा उपभोक्ताओं की ओर से कर्ज मांग कम

जनवरी से मार्च, 2025 तक क्रेडिट कार्ड की चूक में मासिक आधार पर लगातार गिरावट के जरिये ऋण प्रदर्शन में सुधार के संकेत मिले हैं। युवा उपभोक्ताओं की ओर से कर्ज की मांग में कमी जनवरी-मार्च, 2025 तिमाही के लिए 35 वर्ष या उससे कम उम्र के लोगों की पूछताछ में कमी आने से स्पष्ट थी। एक साल पहले की समान तिमाही में यह हिस्सेदारी 58 प्रतिशत थी लेकिन पिछली तिमाही में यह घटकर 56 प्रतिशत पर आ गई।

### अन्य कारकों ने ऋण बाजार को निचले स्तर पर धकेला

ट्रांसयूनियन सिबिल की ऋण बाजार पर जारी जून, 2025 की रिपोर्ट के मुताबिक, इस नरमी के अलावा अन्य कारकों ने ऋण बाजार संकेतक (सीएमआई) को दो साल के निचले स्तर 97 पर धकेल दिया। उच्च सीएमआई आंकड़े से यह संकेत मिलता है कि ऋण बाजार की सेहत में सुधार है, जबकि कम नंबर स्थिति में गिरावट का संकेत देता है।

*नए ऋण उपभोक्ताओं में तीन फीसदी की कमी : रिपोर्ट कहती है, ''35 साल उससे कम उम्र के उपभोक्ताओं के बीच ऋण मांग में कमी अधिक देखी गई। इस वजह से ऋणदाताओं द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले नए ऋण उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी में उसी समय तीन प्रतिशत अंक की कमी आई।''*

अनुलग्नक-ए

**रक्षा मंत्रालय**
**रक्षा विभाग**

चंडीगढ़ (01), लखनऊ (01), कोलकाता (01), गुवाहाटी (01), कोच्चि (01), श्रीनगर (जम्मू में कार्यरत) (01), जबलपुर (01) और चेन्नई (01) में ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम 2021 एवं ट्रिब्यूनल (सेवा की शर्तें) नियम 2021 के तहत सशस्त्र बल न्यायाधिकरण में न्यायिक सदस्यों के आठ पदों को भरने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। हालांकि, चयन के बाद सदस्यों को एएफटी की किसी भी बेंच में तैनात किया जा सकता है। पात्रता शर्तों, अन्य जानकारी और बायो-डेटा के निर्धारित प्रारूप का विवरण रक्षा मंत्रालय की वेबसाइट: "www.mod.gov.in" और सशस्त्र बल न्यायाधिकरण की वेबसाइट: www.aftdelhi.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। न्यायिक सदस्यों के पदों के लिए विभाग में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **02.09.2025** है। आवेदन अवर सचिव (एएफटी सेल) कमरा नं. 308-ए, बी-विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110011 को संबोधित किया जाना चाहिए। निर्धारित तिथि के बाद और/या आवश्यक अनुलग्नक(ओं) के बिना और/या नए निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार प्राप्त न होने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

CBC10622/11/0020/2526

## चिंतन

# होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने का भारत पर भी असर

इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग को लेकर देश के अंदर कांग्रेस की राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत की तटस्थ विदेश नीति आजादी के वक्त से रही है। कांग्रेस को यह पता है। भारत के इजरायल व ईरान दोनों से अच्छे संबंध हैं, दोनों से ही शांति की अपील की है। इस जंग में अमेरिका की एंट्री से स्थिति पेचीदा हो गई है, अब ईरान ने रूस से खुलकर साथ आने मांग की है। चीन पहले से ही ईरान के साथ है और वह चुपके से हर स्तर पर मदद कर रहा है। इजरायल के साथ अमेरिका के आने व ईरान के साथ रूस व चीन के आने से अब महाशक्तियों के बीच टकराव बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद अब अमेरिका ने ईरान व इजरायल जंग को रोकने के लिए कूटनीतिक रुख अपनाने की पहल भी शुरू की है, ईरान के लिए अमेरिका को जवाब दिए बिना शांति वार्ता के लिए मानना आसान नहीं होगा। इस सबमें पाकिस्तान खुद को ठगा महसूस कर रहा है, अमेरिका के ईरान पर हमले में पाकिस्तान क्या रुख ले, उसकी समझ से परे है। यह निश्चित है कि अगर ईरान व इजरायल के बीच जारी युद्ध जल्द खत्म नहीं होता है, तो आने वाले समय में वैश्विक आपूर्ति तंत्र पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। इसमें विश्व के साथ भारत भी प्रभावित होगा। युद्ध के एक सप्ताह में ही कच्चे तेल के भाव दस से पंद्रह डॉलर प्रति बैरल बढ़ गए हैं। युद्ध लंबा खींचता है तो भाव सौ डॉलर प्रति बैरल पार कर सकते हैं, जिससे भारत जैसे बड़े आयातक पर बोझ बढ़ेगा। अभी भारत बेशक ईरान से कच्चा तेल व गैस नहीं खरीदता है, लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल समेत अनेक सामानों की आवाजाही होती है। अमेरिका के हमले के बाद ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की है, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति में बाधा आएगी। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है। भारत इराक, सऊदी अरब, कुवैत व यूएई से कच्चे तेल का आयात करता है। भारत का लगभग 50 प्रतिशत कच्चा तेल होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए आता है। भारत का 54 प्रतिशत प्राकृतिक गैस भी होर्मुज से ही होकर आता है। इस मार्ग पर कोई भी व्यवधान ऊर्जा की कीमतों को बढ़ा सकता है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने सोमवार को कहा है कि ईरान और इजराइल के बीच जारी संघर्ष का मांग और लॉजिस्टिक्स पर प्रभाव पड़ सकता है। संघर्ष के कारण पोत परिवहन लागत में वृद्धि, पारगमन का समय बढ़ना तथा समुद्री बीमा प्रीमियम में वृद्धि हो सकती है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए (इक्रा) के मुताबिक, इस जंग के चलते अगर कच्चे तेल की कीमतों में प्रति बैरल 10 डॉलर की और बढ़ोतरी होती है, तो भारत के शुद्ध तेल आयात में लगभग 13 से 14 डॉलर की वृद्धि होगी। इससे भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) सकल घरेलू उत्पाद के 0.3 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। चालू खाता घाटा एक देश के चालू खाते में आयात और निर्यात के बीच असंतुलन को दर्शाता है। यह वह स्थिति है जब निर्यात से अधिक आयात पर खर्च होता है। मौजूदा संकट में ही भारत से ईरान व पश्चिम एशिया को चावल के निर्यात पर असर पड़ा है। भारत का एक हजार टन चावल से लदा जहाज बंदरगाह पर खड़ा है। भारत के सामने नए रूट तलाशने और नए ट्रेड पार्टनर ढूंढने की चुनौती होगी। इसमें समय लगेगा और लागत बढ़ाने वाला भी होगा। इजरायल व ईरान के बीच जंग का जल्द खत्म होना भारत समेत विश्व के हित में है, शांति की स्थापना के लिए संयुक्त राष्ट्र को आगे आना चाहिए। अमेरिका, रूस व चीन भी अपनी जिम्मेदारी समझें।

# जी-7 देशों के दरक रहे विश्वास



## विश्लेषण

प्रो. नीलम महाजन सिंह

**जी-7 का शिखर सम्मेलन हाल ही में कनाडा में हुआ। यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हुआ है जब दुनिया में दो युद्ध एक साथ चल रहे हैं। उम्मीद जताई जा रही थी कि सम्मेलन में जी-7 के नेता विश्व में युद्ध के खात्मे व शांति स्थापना की पहल के लिए एकजुट प्रयास करेंगे, लेकिन आंतरिक मतभेदों के चलते जी-7 बैठक महज औपचारिकता बन कर रह गई। इन हालात ने यह साबित किया है कि जी-7 देशों के आपसी विश्वास दरक रहे हैं। सदस्यों ने पूर्वी व दक्षिण चीन सागर में चीन द्वारा अस्थिर करने वाली गतिविधियों के साथ 'ताइवान जलडमरूमध्य' में शांति बनाए रखने के महत्व पर चिंता व्यक्त की।**

विकसित देशों के समूह जी-7 का 15-17 जून को दो दिवसीय शिखर सम्मेलन कनाडा में अल्बर्टा के कनानैस्किस में हुआ। यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हुआ जब दुनिया में दो युद्ध एक साथ चल रहे हैं। रूस व यूक्रेन के बीच जंग चौथे वर्ष में प्रवेश कर गई है और इजरायल व ईरान के बीच भीषण युद्ध शुरू हुआ है। उम्मीद थी, दुनिया की उन्नत अर्थव्यवस्थाओं व लोकतंत्रों के एक विशेष ग्रुप ऑफ सेवन या जी-7 के नेता विश्व में युद्ध के खात्मे व शांति स्थापना की पहल के लिए एकजुट प्रयास करेंगे, लेकिन आंतरिक मतभेदों के चलते जी-7 बैठक महज औपचारिकता बन कर रह गई। जी-7 ने बड़ा अवसर गंवा दिया। जी-7 में फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली व कनाडा (अध्यक्षता के क्रम में) व यूरोपीय संघ (ईयू) सदस्य देश हैं, जिनके नेता प्रतिवर्ष एकत्रित होते हैं। सम्मेलन पर इजरायल-ईरान युद्ध का प्रकोप दिखाई दिया, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सम्मेलन छोड़कर पहले ही दिन वापस वाशिंगटन चले गए। ट्रंप ने चीन व रूस को समूह में शामिल करने का प्रस्ताव रखा, पर फ्रांस समेत ईयू की असहमित के चलते प्रस्ताव को भाव नहीं मिला।

सम्मेलन के दौरान अमेरिका व यूरोप के बीच मतभेद साफ दिखाई दिए, कनाडा को लेकर ट्रंप के पूर्व में दिए बयान ने भी कनाडाई पीएम कार्नी के जेस्चर को असहज रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मुलाकात की। इन दोनों नेताओं ने भारत और कनाडा के बीच राजनयिक संबंध पुनः स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कनाडा में कुछ खालिस्तानी सिखों की हत्या का आरोप भारत पर लगाया गया था, जिससे पूर्व की जस्टिन ट्रूडो सरकार ने भारत में अपना दूतावास बंद कर दिया था। इस महत्वपूर्ण निर्णय में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर व विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की सराहनीय भूमिका रही है। कनाडा व भारत के बीच जमी बर्फ पिघलने की पहल मोदी की यात्रा की उपलब्धि मानी जा सकती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अधिकांश बहुपक्षीय संस्थाओं ने आज अंतरराष्ट्रीय संबंधों की दिशा तय करने की अपनी महत्ता व क्षमता खो दी है। अटलांटिक से प्रशांत महासागर क्षेत्र में आर्थिक व सैन्य शक्ति के वैश्विक बदलाव ने जी-7 के महत्व को कम किया है। अमेरिका व जी-7 के बाकी सदस्यों के बीच 'ट्रांस-अटलांटिक दरार' ने नई चुनौतियां उत्पन्न की हैं। इसने स्पष्टतः शिखर सम्मेलन के दस्तावेजों व चर्चाओं के परिणामों को प्रभावित किया। पहला नुकसान, पहले से बातचीत करके तैयार की गई संयुक्त विज्ञप्ति के रूप में हुआ, जो कि पिछले जी-7 शिखर सम्मेलनों की खासियत थी। अध्यक्ष व मेज़बान के रूप में, कनाडाई पीएम मार्क कार्नी ने इबारत को पढ़ा और टैरिफ, आर्थिक नीति, यूरोपीय सुरक्षा, यूक्रेन, क्षेत्रीय दावे, गाजा व ईरान जैसे कई मुद्दों पर अमेरिका के साथ व्यापक मतभेदों को देखते हुए, इस शिखर सम्मेलन के लिए संयुक्त संचार को समाप्त करने का समय से पहले ही फैसला लिया गया। अध्यक्ष ने वित्तीय व आर्थिक नीति के समन्वय,





शांति-सुरक्षा के मुद्दों को संबोधित करने और वैश्विक चुनौतियों के जवाब में अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ सहयोग के लिए उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिए जी-7 के महत्व पर प्रकाश डाला। यूक्रेन पर एक ही पैराग्राफ से संतुष्ट होना पड़ा, क्योंकि अमेरिका-यूरोप मतभेदों को देखते हुए इस मुद्दे पर अलग बयान संभव नहीं था।

इजरायल व ईरान के बीच हाल के घटनाक्रमों पर एक स्टैंड-अलोन बयान जारी किया गया, जिसमें इजराइल की सुरक्षा के लिए समूह के समर्थन को दोहराया गया- 'इजरायल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है', पर ज़ोर देकर कहा कि ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं हो सकते। जी-7 ने ईरानी संकट के समाधान का आग्रह किया, जिससे गाजा में युद्धविराम सहित मध्य पूर्व में शत्रुता में कमी आ सकती है। इंडो-पैसिफिक पर अध्यक्ष के सारांश में पैराग्राफ स्पष्ट था, जिसमें चीन के साथ रचनात्मक व स्थिर संबंधों को संतुलित करने के साथ उसे 'बाज़ार विकृतियों और हानिकारक अति क्षमता' से दूर रहने का आह्वान किया गया। सदस्यों ने पूर्वी व दक्षिण चीन सागर में चीन द्वारा अस्थिर करने वाली गतिविधियों के साथ 'ताइवान जलडमरूमध्य' में शांति बनाए रखने के महत्व पर चिंता व्यक्त की। आउटरीच सत्र में दक्षिण अफ्रीका, ब्राज़ील, मैक्सिको, दक्षिण कोरिया, भारत, ऑस्ट्रेलिया, साथ ही संयुक्त राष्ट्र सचिव व विश्व बैंक के अध्यक्ष सहित; अतिथि देशों के नेताओं की उपस्थिति से जी-7 की स्वीकार्यता में वृद्धि हुई है। सम्मेलन में अनेक क्षेत्रों में सहयोग से संबंधित छह संयुक्त वक्तव्य शामिल हैं। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाएं, जंगल की आग से लड़ने व उससे उबरने के लिए बहुपक्षीय प्रयास, विदेशी हस्तक्षेप का मुकाबला, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय दमन पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध समूहों को समाप्त करके प्रवासी तस्करी का मुकाबला करना महत्वपूर्ण निर्णय है। प्रधानमंत्री मोदी, को इस प्रतिष्ठित मंच पर प्रमुख विश्व नेताओं के साथ पुनः जुड़ने का मौका मिला, जहां चीन अनुपस्थित था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व पीएम नरेंद्र मोदी के बीच 35 मिनट की टेलीफोन कॉल हुई। पीएम मोदी के लिए उत्तर-दक्षिण सहयोग के संदर्भ में ऊर्जा सुरक्षा पर नई दिल्ली के सुविचारित विचारों को व्यक्त करने का अवसर था। इसे प्रस्तुत करते हुए, उन्होंने आतंकवाद, ऊर्जा संक्रमण व सामान्य रूप से एआई और प्रौद्योगिकी के प्रति मानव-केंद्रित दृष्टिकोण पर अपने विचारों को प्रकट किया।

सारांशार्थ एक महत्वपूर्ण परिणाम यह था कि भारत-कनाडा संबंधों के सामान्यीकरण व चरण-दर-चरण सुधार पर, मोदी-कार्नी द्वारा परस्पर सहमति से पुनर्स्थापित किया गया। कनाडा का राजनीतिक निष्कर्ष है कि भारत के साथ कई क्षेत्रों, व्यापार, निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार, उच्च शिक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, महत्वपूर्ण खनिज और उर्वरक में विस्तारित सहयोग से होने वाला लाभ आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी उत्साहवर्धक थी कि उन्होंने 'भारत-कनाडा मैत्री को गति देने के लिए मिलकर काम करने की योजना बनाई है।' कनाडा के दृष्टिकोण में इस बदलाव को लाने में, कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा की एक हालिया रिपोर्ट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें खालिस्तानी चरमपंथी हिंसा को बढ़ावा देने, धन जुटाने या योजना बनाने के लिए कनाडा के दुरुपयोग करने की बात है। जी-7 के लिए, आपसी विश्वास, बातचीत, विश्व शांति, हिंसा की समाप्ति तथा युद्धविराम अवश्यक हैं। अगले वर्ष जी-7 की प्रेसीडेंसी के रूप में, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने घोषणा की है कि अगला जी-7 शिखर सम्मेलन 14 से 16 जून, 2026 तक फ्रांस के एवियान में होगा। तब तक निश्चित रूप से दुनिया काफी बदल चुकी होगी। जी-7 को अपने अस्तित्व व मकसद ढूंढना चाहिए।

(लेखिका राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## रणनीति

विवेक शुक्ला




# कैसे उखड़ने लगे नक्सलियों के पांव

भारत में लंबे समय से नक्सलियों की हिंसा के कारण मासूम लोग अपनी जान गंवाते रहे हैं। ये बीती सरकारों के लिए सिरदर्द रहे हैं, पर केंद्र में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद इनके पैर उखड़ने लगे हैं। वे कहते हैं कि नक्सलवाद यदि एक विचार है तो इसे बदलने के लिए काम करना चाहिए और यदि विद्रोह है तो इसे कुचलने के लिए काम करना चाहिए। 2014 में जब नरेंद्र मोदी को देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी बीजेपी ने दी तो उन्होंने दूसरी ही रैली में बस्तर में जाकर माओवादियों को ललकारते हुए कहा था 'लोकतंत्र को स्वीकार करिए। सभी समस्याओं का सबसे अच्छा समाधान यही है। बम, बंदूक और पिस्तौल खून-खराबा तो कर सकते हैं, लेकिन नया जीवन नहीं दे सकते। हमें खून नहीं, पसीना बहाना है। हमें इस धरती को हरा-भरा बनाना है, लाल नहीं।' 11 साल बाद जब गृह मंत्री अमित शाह यह घोषणा करते हैं कि 2026 तक देश से नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा, तो इसमें प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ता दिख रही है। यह सही है कि पूर्वी भारत में नक्सल आंदोलन की शुरुआत मुख्य रूप से गरीबी के कारण हुई। तब की भारत सरकार ने राज्यों के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया। उन्हीं दिनों देश में जंगल माफिया, पत्थर माफिया, लकड़ी माफिया, खनिज माफिया पैदा होने लगे। धीरे धीरे समस्या गहराई तक पहुंचने लगी। कहने की आवश्यकता नहीं कि नक्सली नेताओं ने राजनीतिक नेताओं को भी अपने दवाब में ले लिया और अपने लिए एक बौद्धिक गैंग की आड़ भी तैयार कर ली। यह बौद्धिक गैंग उनके हर खून खराबे को जमीनी संघर्ष का स्वरूप प्रदान करने लगा, जहां हत्या और लूटमार को किसानों और गरीबों के प्रति शोषण के खिलाफ प्रतिक्रिया के रूप में प्रस्तुत किया जाने लगा। पीएम मोदी ने ऐसे कथित बुद्धिजीवियों को ही शहरी नक्सली का नाम दिया। बीजेपी नेतृत्व ने वाम विचारधारा को ध्वस्त करने के लिए लोकतांत्रिक तरीकों का बखूबी इस्तेमाल किया। उनके गढ़ में जाकर उनकी विचारधारा को चुनौती दी। जनता को जागरूक करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और अंत में उन्हें जनता के जरिए ही हाशिये पर बिठा दिया। 2014 के चुनाव में जब मोदी प्रधनमंत्री पद के उम्मीदवार बने तो उसी साल वामपंथी सांसदों की संख्या 24 से घटकर 10 हो गई और 2019 के आम चुनाव में लोकसभा में वामपंथियों संख्या 4 रह गई। सीपीआई, सीपीआई-मार्क्सवादी और सीपीआई-मार्क्सवादी-लेनिनवादी की राजनीति को देश ने खारिज करना शुरू कर दिया। 2004 के आम चुनाव में वामपंथियों ने लोकसभा की 61 सीटें जीती थी। अब केरल के अलावा वाम मोर्चा कहीं भी खड़ा होने की स्थिति में नहीं है। बीजेपी नेतृत्व ने वाम मोर्चे के अहंकार, आत्मसंतुष्टि, भ्रष्टाचार और उनकी राजनीतिक हिंसा को मुद्दा बनाया और उन्हें राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक बना दिया। राजनीतिक रूप से एक विजय हासिल करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने वाम रक्त क्रांति को भी देश से समाप्त करने का बीड़ा उठाया। सबसे पहले वामपंथ के पारंपरिक समर्थकों को उनसे अलग करने की रणनीति बनाई। खासकर ग्रामीण इलाकों में सुधार के कई कार्यक्रम शुरू किये गए। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई। फिर मोदी सरकार ने माओवादी उग्रवाद से निपटने के लिए व्यापक योजना बनाई। माओवादी विद्रोह का मुकाबला करने के लिए स्थानीय लोगों को सशक्त बनाया गया। मोदी सरकार ने स्पष्ट रूप से घोषणा की कि नक्सलवाद के प्रति ज़ीरो टोलरेंस रखेंगे। यह प्रण किया गया कि 31 मार्च, 2026 तक वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह से खत्म कर देंगे। फिर गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सुरक्षा अभियान, विकास और पुनर्वास एक एकीकृत योजना लागू की गई। ऑपरेशन कगार चला कर सैकड़ों नक्सलियों का खात्मा किया गया। परिणाम भी सामने आया। 2014 में जहां 126 जिले नक्सलवाद से प्रभावित थे वहीं 2025 में केवल 6 सबसे अधिक प्रभावित जिले ही बच गए हैं। इसी साल 200 से अधिक हथियारबंद नक्सलियों का सफाया किया जा चुका है। 600 नक्सलियों ने समर्पण भी किया है। आकड़े बताते हैं कि 30 मई 2025 तक 2824 नक्सलियों ने समर्पण किया है। ताजा हालत ये है कि मोदी सरकार ने नक्सलियों को तबाह कर दिया है। जो आदिवासी नक्सलियों के समर्थन में होने के लिए मजबूर किए गए थे वे ही अब नक्सल के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं। आदिवासी अधिकारों के लिए काम जिस गति से हो रहा है, उससे नक्सल समस्या तय समय में हल करने के प्रति विश्वास पैदा हुआ है केवल हथियारों से समाजवाद आ सकता है, यह धारणा बदलने में सफलता मिल रही है। मोदी की अपील की कि 'पृथ्वी को लाल नहीं हरा बनाओ'..परवान चढ़ रही है।

((लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं




संकलित

## दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है, क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें, क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम् की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।

# स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित

## प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा, लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला-अरे भाई! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यों नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यों अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया-भाई! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है, लेकिन मैं एक मनुष्य हू, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा है और मैं मेरा।

## सटाका





## आज की पाती

### मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनोफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मलेरिया दिवस की थीम 'मलेरिया का अंत हमारे साथ : पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागृति' रखी गई है, जिसका निहितार्थ यह है कि मलेरिया को समाप्त करने की जिम्मेदारी अब हम सबकी है। *-प्रकाश पटेल, कवर्धा*

## करंट अफेयर

# परमाणु संयंत्रों को नष्ट करने अमेरिकी बमबारी काफी नहीं



चीन की आधिकारिक मीडिया ने ईरान के परमाणु स्थलों पर अमेरिकी बमबारी की आलोचना करते हुए इसे रसातल की ओर उठाया गया एक और कदम बताया। वहीं, चीनी विशेषज्ञों ने कहा कि हमलों में इस्तेमाल किये गए अमेरिकी 'बंकर-बस्टर' बम ईरान के भूमिगत परमाणु संयंत्रों को नष्ट करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते हैं। अमेरिका ने सुबह ईरान के फोर्दो, इस्फहान और नतांज परमाणु स्थलों पर हमला कर देश के परमाणु प्रतिष्ठानों को नष्ट कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ने तीन परमाणु स्थलों पर 'बहुत सफल' हमला किया है। चीन ने युद्ध को रोकने के लिए शनिवार को ईरान और इजराइल के बीच युद्ध विराम की अपील की थी। हालांकि, उसने अबतक अमेरिकी हवाई हमलों पर आधिकारिक रूप से प्रतिक्रिया नहीं दी है। वहीं, सरकारी अखबार 'चाइना डेली' के संपादकीय में कहा गया है कि ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर अमेरिका द्वारा किया गया एकतरफा सैन्य हमला एक लापरवाही भरा कदम है तथा यह अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन है। इसमें कहा गया है कि इस तरह की एकतरफा नीति नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को कमजोर करती है तथा एक खतरनाक मिसाल कायम करती है।

## ऑफ बीट

# सर्दी के विषाणुओं से दिल के दौरे, स्ट्रोक आने की आशंका



सर्दियों का मौसम आने के साथ ही ठंड के दिन और श्वसन से जुड़े विषाणुओं में अपरिहार्य मौसमी उछाल भी आता है। लेकिन हमें केवल छींकों की ही चिंता नहीं करनी चाहिए। सर्दियों के महीनों में दिल के दौरे और स्ट्रोक के मामले भी बढ़ जाते हैं। आम श्वसन विषाणु से संक्रमित होने से दिल का दौरा या 'स्ट्रोक' का अल्पकालिक जोखिम बढ़ जाता है। दूसरे शब्दों में, आम विषाणु, जैसे कि फ्लू और कोविड का कारण बनने वाले विषाणु ही ऐसी स्थिति को जन्म देते हैं। विषाणु दिल के दौरे की वजह बन सकते हैं? धूम्रपान, उच्च कोलेस्ट्रॉल, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा और व्यायाम की कमी जैसे पारंपरिक जोखिम कारक दिल के दौरे और 'स्ट्रोक' के मुख्य कारण हैं। और सर्दियों में दिल के दौरे और 'स्ट्रोक' की दरें कई कारणों से बढ़ सकती हैं। कम तापमान, कम शारीरिक गतिविधि, घर के अंदर ज़्यादा समय बिताना - शायद घर के अंदर वायु प्रदूषकों के कारण - जैसे कारक रक्त के थक्का जमने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं तथा पारंपरिक जोखिम कारकों के प्रभावों को बढ़ा सकते हैं।

## ट्रेंड


### एक कठिन विकल्प



मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच हमारे सामने एक कठिन विकल्प है। एक रास्ता व्यापक युद्ध, गहरी पीड़ा और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को गंभीर नुकसान की ओर ले जाता है। दूसरा रास्ता तनाव कम करने, कूटनीति और संवाद की ओर ले जाता है।

**-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव**

### हमने हमला पूरा किया



हमने ईरान में तीन परमाणु स्थलों पर अपना सफल हमला पूरा कर लिया है। हमारे अमेरिकी योद्धाओं को बधाई। दुनिया में कोई और सेना नहीं है जो ऐसा कर सकती थी। अब शांति का समय है! इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।

**-डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति**

### सेवा ने प्रभावित किया



हमने एक टीम के रूप में काम किया, हर एक ने प्रतिबद्धता और एकाग्रचित्त होकर काम किया, यही इस सफलता का सबसे महत्वपूर्ण सबक है। आर्यदान शौकत को हार्दिक बधाई, जिनकी लगन और सेवा ने सबको प्रभावित किया।

**-प्रियंका गांधी, कांग्रेस सांसद**

### दुनिया इतनी भी बुरी नहीं



दुनिया इतनी भी बुरी नहीं है। कोई हंसता रहा, तब तक रोता रहा, जब तक रो नहीं गया। किसी ने अपने नवजात शिशु को गोद में लिया। किसी को दूसरा मौका मिला। उम्मीद अभी भी जिंदा है। अच्छाई अभी भी मौजूद है। दुनिया में अभी भी बहुत खूबसूरती है

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### गर्भवती महिला ने घरेलू विवाद के चलते फांसी लगाकर दी जान

**जगदलपुर।** जगदलपुर के परपा थाना क्षेत्र के ग्राम करंजी में रहने वाली गर्भवती महिला ने अपने पति के साथ हुए विवाद के चलते फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, जहाँ मामले की जांच करने के लिए तहसीलदार से लेकर अन्य अधिकारी मेकाज पहुँचे, जहाँ पूरे मामले की जांच की जा रही है। मामले की जानकारी देते हुए परपा थाना प्रभारी ने बताया कि कुरेंगा निवासी चेतन जो राजमिस्त्री का काम करता था, पहले से शादी शुदा था, चेतन के 4 बच्चे भी थे, इस दौरान चेतन ने सालभर पहले करंजी की पार्वती से विवाह भी कर लिया। इसी पारिवारिक विवाद के चलते महिला ने यह कदम उठाया।

### नर्सिंग कॉलेज संचालक पर एफआईआर नहीं हुई तो होगा घेराव

**भोपाल।** भोपाल के मान नर्सिंग कॉलेज में छात्रों के शोषण और अनियमितताओं के खिलाफ एनएसयूआई की शिकायत पर मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल ने नोटिस जारी किया है। काउंसिल के रजिस्ट्रार केके रावत ने कॉलेज को सात दिन में मामले पर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिए हैं। इधर, एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि कॉलेज संचालक पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई, तो संगठन नर्सिंग काउंसिल का घेराव करेगा। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार और जिलाध्यक्ष अक्षय तोमर ने 13 मई 2025 को काउंसिल को शिकायत सौंपकर आरोप लगाया था कि मान नर्सिंग कॉलेज में अटेंडेंस के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है।

### डिजिटल हो रहे हैं मध्यप्रदेश के जंगल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादवने प्रदेश के वनों के संरक्षण एवं संवर्धन को पहली प्राथमिकता में रखा है। वनों को हरा-भरा रखने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अब प्रदेश का वन क्षेत्र बढ़ रहा है। जंगल के वन खण्डों के मानचित्रों का डिजिटलाइजेशन किया जा रहा है। प्रदेश के 63 वनखंडों में से 40 वनखंडों के नक्शे तैयार किए जा चुके हैं और 23 वनमंडलों के नक्शों में सुधार किया जा रहा है। वन विभाग ने निचले अमले को अपडेट करने के लिए स्मार्ट फोन भी दिए जा रहे हैं। वर्ष 2024-25 में वन विभाग 6 करोड़ से अधिक की हर्बल औषधियों की आपूर्ति आयुष विभाग एवं सरकारी संस्थानों को कर चुका है।



रोज कितने के आम बेच लेती हो बहन जी



बिटिया रानी चख लो आम



अब स्कूल चलें हम

सीएम डॉ. यादव ने सपत्नीक पचमढ़ी के बारिआम गांव में रुककर स्थानीय आम विक्रेताओं से भेंट की

# मुख्यमंत्री ने गांव की महिलाओं से खरीदे आम, बच्चों को दुलार कर खिलाए, रोज स्कूल जाने की मनुहार भी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को सपत्नीक नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी प्रवास पर पहुंचे। पचमढ़ी से लौटते वक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बारिआम गांव में सड़क किनारे टोकरी में रखकर आम बेच रहीं महिलाओं और बच्चों को देखकर अपना काफिला रूकवाया। मुख्यमंत्री ने आम बेच रहीं सभी महिलाओं से आत्मीय संवाद किया।

पूछा - रोज कितने के आम बेच लेती हो बहनजी? मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर आम विक्रेता बसंती टेकाम की खुशी का ठिकाना न रहा, उसने बताया कि सर, रोज सुबह से शाम यहां बैठते हैं, तो 400 से 500 रुपए के आम बिक ही जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समीप ही खड़ी बसंती की बेटी को देखकर पूछा - क्या ये बिटिया स्कूल जाती है ? महिला ने कहा कि हां सर, सीएम राइज स्कूल में पढ़ती है।

### सड़क किनारे टोकरी में रखकर आम बेच रहीं महिलाओं और बच्चों को देखकर काफिला रुकवाया

#### मुख्यमंत्री ने स्वयं किया भुगतान

मुख्यमंत्री ने हर्ष जताकर कहा कि अरे बिटिया, अब उसका नाम सांदीपनि विद्यालय हो गया है। मुख्यमंत्री ने यहां आम बेच रहीं सभी महिलाओं से आम खरीदे और खुद भुगतान भी किया।

#### डॉ. यादव और धर्मपत्नी श्रीमती सीमा यादव ने बच्चों को आम देकर कहा-मन लगाकर रोज करना पढ़ाई

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सीमा यादव ने महिलाओं से खरीदे हुए आम वहां एकत्रित सभी नन्हे-मुन्ने बच्चों में स्नेहपूर्वक वितरित कर दिए। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों से भी बाल सुलभ संवाद किया और पूछा क्या नाम है, स्कूल जाते हो ? तो बच्चों में से उमेश, साक्षी और रिया ने कहा जी सर। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन सभी बच्चों को रोज स्कूल जाने और मन लगाकर पढ़ाई करने की मनुहार की।*

---

ईएनसी के औचक निरीक्षण पर मिली गड़बड़ी ईई और अन्य इंजीनियरों को नोटिस जारी

# डीआरएम ने ड्रेनेज चौड़ी करने से मना किया, ड्रेनेज की समस्या आना तय दो सड़कों में क्वालिटी में गड़बड़ी पर जांच के लिए लैब में भेजी गई सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बारिश व बाढ़ आदि से आवाजाही में दिक्कतें नहीं आए, इसे लेकर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने कमर कस ली है। प्रदेश भर के इंजीनियरों को सड़कों की गुणवत्ता का खास ध्यान देने के अलावा जिला प्रशासन के साथ तालमेल बैठाकर काम करने की हिदायत दी गई है। प्रमुख अभियंता (ईएनसी) ने रविवार को सड़कों का औचक निरीक्षण कर ईई समेत दो इंजीनियरों को नोटिस जारी किया है। एक मामले में दानपत्र से मना कर देने की वजह से सड़क निर्माण रोक दी गई है।

अब भू-अर्जन के बाद ही सड़क निर्माण शुरू हो पाएगा। मप्र में मानसूनी बारिश करीब 30 से ज्यादा जिलों में सक्रिय हो गया है। कुछ जिलों में मानसून की मूसलाधार बारिश से कई जगहों पर सड़कें बह गई। जबकि नई सड़कों पर जहां भी काम शुरू हुआ था, उन जगहों पर बारिश की वजह से दिक्कतें शुरू हो गई है। पीडब्ल्यूडी के ईएनसी केपीएस राणा ने सभी जिलों के इंजीनियरों को पत्र जारी कर बारिश व बाढ़ के दौरान सभी तरह के इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिलों के इंजीनियरों से तालमेल बिठाकर काम करने को कहा है। इसके साथ ही साथ मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री व कार्यपालन यंत्रियों को भी मौका मुआयना करते हुए गुणवत्ता की जांच करने को कहा है। उन्होंने खुद भी औचक निरीक्षण करना शुरू किया है। रविवार को अवकाश के दिन भी उन्होंने राजधानी की सड़कों को निरीक्षण किया। कुछ सड़कों में गड़बड़ी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इन निरीक्षण के बाद संबंधित इंजीनियरों व ठेकेदारों को सख्त निर्देश जारी किए गए है।

#### खास बातें

- बारिश व बाढ़ में आवाजाही सुगम रहने को लेकर पीडब्ल्यूडी ने कसी कमर
- इंजीनियरों को सड़कों की गुणवत्ता पर खास ध्यान देने के निर्देश



#### डीआरएम ने ड्रेनेज चौड़ा करने से मना किया, ड्रेनेज की समस्या बनेगी

*राजधानी के हमीदिया रोड से भोपाल टॉकिज के बीच केंद्रीय योजना सीआरएफ फंड से बन रही फोर लेन कांक्रीट रोड की क्वालिटी की जांच की गई। तीन जगहों से रोड की मोटाई नापी गई तो उसमें गड़बड़ी पाई गई। सड़क जहां 30 सेमी मोटी होनी चाहिए वहीं एक जगह पर मोटाई 23 सेमी ही मिला। हालांकि कुछ जगहों पर मोटाई 29 व 32 सेमी भी मिला है। इस पर नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगी जाएगी। इसी तरह अल्पना टॉकिज के पास रेलवे की पुलिया काफी छोटी है। इससे भारी बारिश में पानी की निकासी नहीं हो पाएगी। यहां चौड़ाई बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया था, किंतु डीआरएम ने मना कर दिया। कलेक्टर से इस संबंध में रेलवे के उच्चाधिकारियों से अनुमति दिलाने को कहा गया है।*

#### भू-अर्जन के बाद ही बनेगी सड़क

खजूरी सड़क में एक समस्या यह भी पाई गई कि दानपत्र लेकर करीब 300 मीटर सड़क बनाना शुरू किया, किंतु जिसने दानपत्र दिया था, वह इससे मुकर गया। कार्यपालन यंत्री को रजिस्टर्ड दानपत्र कराना था, इसके बाद ही रोड सैंक्सन कराना था, किंतु नहीं किया। अब मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। विभाग ने तय किया है कि हाईकोर्ट में स्टे वैकेट कराया जाए। ईई समेत दो इंजीनियरों की लापरवाही व सरकार क्षति पर जवाब तलब किया गया है। विभाग ने यह भी तय किया है कि जब तक खजूरी सड़क के लिए भू-अर्जन की कार्रवाई पूरी नहीं हो जाती, तब तक सड़क नहीं बनेगी। इंजीनियरों को कहा गया है कि वे उन्हीं सड़कों का निर्माण कराएं, जिसका भू अर्जन हो चुका है। बगैर भू अर्जन के सड़कों को सैंक्सन नहीं कराया जाए।

#### रोड की क्वालिटी काफी खराब

ईएनसी की टीम ने महात्मा गांधी स्कूल अवधपुरी से लेकर खजूरी तक की करीब 450 मीटर कांक्रीट रोड की क्वालिटी की जांच की गई तो थिकनेस सही मिला, पर गुणवत्ता में कमी पाई गई। थिकनेस भी औसत से दो एमएम कम पाई गई। किंतु क्वालिटी ठीक नहीं मिली। इस सड़क में तीन जगहों पर प्लींथ काटकर गुणवत्ता की जांच की गई। इसे लैब में जांच के लिए भेजा गया है। जांच में कमी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### लापरवाही बरतने पर अधिकारियों पर गिरी गाज



नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने पूर्व में स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे कि नगरीय क्षेत्रों में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी यदि अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतते हैं, तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसी अनुक्रम में नगर निगम ग्वालियर में पदस्थ उपयंत्री आशीष राजपूत को सौंपे गए कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने के कारण निलंबित किया गया है। इसके अतिरिक्त, नगर निगम ग्वालियर में पदस्थ एक अन्य उपयंत्री राजीव पांडे के विरुद्ध विभिन्न अनियमितताओं और अनुशासनहीनता के आरोपों के मद्देनज़र, उन्हें उनके मूल विभाग लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के मुख्य अभियंता, ग्वालियर को पत्र लिखकर निलंबित करने का प्रस्ताव भेजा गया है।

---

टीवी चैनल के माध्यम से कर रहा था ठगी, कांकेर पुलिस की सफलता

## मौत का डर दिखाकर ठगे लाखों रुपए, अब पुलिस हिरासत में

पारिवारिक समस्या से निजात दिलाने का दिया था लालच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

टीवी चैनल माध्यम से पारिवारिक निवारण के हवाला देकर 28 लाख रुपए ठगने वाले आरोपी को कांकेर पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कांकेर टीआई मनीष नागर ने बताया कि कांकेर नगर की रहने वाली मीरा साहू ने 26 दिसम्बर को मामला दर्ज कराया था, जिसमें कहा गया था कि डीडी फ्री डिश के चैनल नं. 38 में मनोरंजन प्राईम में प्रसारित जय मां कामाख्या संस्थान के राघवेन्द्र आचार्य, धीरज रावत से पारिवारिक समस्या के कारण मेरे द्वारा फोन से बात कर अपनी पारिवारिक समस्या से अवगत कराया गया। जिनके द्वारा उपरोक्त नंबर एवं अन्य मोबाईल नंबर से पारिवारिक समस्या के



निराकरण के लिए 3100/- रूपये का हवन करना पड़ेगा, कहकर मेरी पूरी पारिवारिक समस्या को जानकर मुझे बार-बार डरा-धमकाकर पारिवारिक समस्या के निराकरण नहीं होने की स्थिति में परिवार के किसी भी सदस्य की अकारण मृत्यु हो जायेगी, का भय दिखाकर पीड़ित से बार-बार पैसों की मांग की गई, जिनसे भयभीत एवं प्रताड़ित होकर पीड़ित ने आईसीआईसीआई बैंक दिल्ली के खाता धारक धीरज रावत (रावत क्रियेशन) के खाता नंबर में चेक के माध्यम से अलग-अलग रूपये ट्रान्सफर किया गया है तथा लगातार बार-बार फोन कर पारिवारिक समस्या का निराकरण नहीं कराने से मृत्यु का भय दिखाकर पुनः पैसे की मांग की जाती थी। पीड़ित की जानकारी के आधार पर खाताधारक आरोपी धीरज रावत का बैंक केवायसी जानकारी एवं मोबाईल सीडीआर प्राप्त होने पर आरोपी की पता तलाश हेतु राज्य से बाहर दिल्ली जाने अनुमति प्राप्त कर थाना से टीम दिगर प्रान्त दिल्ली रवाना किया गया। आरोपी धीरज रावत पता रोहिणी नार्थ वेस्ट दिल्ली के सकुनत पर पता किया गया लेकिन आरोपी नही मिला लगातार आरोपी की तलाश जारी थी जिसे दिल्ली से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

बड़ी बहन ने मोबाइल देखने से मना किया तो उठाया आत्मघाती कदम

## मामूली टोका-टाकी से नाराज छात्रा ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर रामानुजगंज

मोबाइल की लत किस प्रकार से बच्चों के बीच खतरनाक होती जा रही है। आज तब देखने को मिला जब कक्षा नवीं में पढ़ने वाली मेधावी छात्रा को उसकी बड़ी बहन ने मोबाइल ना देखने के लिए टोका एवं पढ़ने के लिए कहा। यह बात उसे इतनी नागवार गुजरी की उसने रूम बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से स्वजन स्तब्ध हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना पर मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अयोध्या सिंह जो झारखंड पुलिस में है इनका घर रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक एक 100 बिस्तर अस्पताल के पीछे में स्थित है। यहां उनकी तीन



बेटियां एवं एक बेटा रहकर पढ़ाई करते हैं। आज सुबह सात बजे के करीब सुरभि जो कक्षा नवमी में पड़ती है वह मोबाइल देख रही थी। जिसे देखकर बड़ी बहन पूजा जो बीएससी सेकंड ईयर पड़ती है उसने मोबाइल न देख पढ़ने के लिए बोला यह बात उसे इतनी नगवार गुजरी कि वह उसने अपने कमरे को बंद कर दिया। करीब आधा-एक घंटे के बाद रूम नहीं खुला तो घर के लोगों के द्वारा रूम खुलवाने का प्रयास किया जाने लगा परंतु कोई अंदर से प्रतिक्रिया नहीं आई तो जब दरवाजा तोड़कर देखा तो सभी की आंखें खुली रह गई, उसने फांसी से लटककर आत्महत्या कर ली थी। सुरभि पढ़ने में बहुत मेधावी छात्र रही है।

## रतलाम में 27 को कॉन्क्लेव से होगी एमएसएमई में नए युग की शुरुआत

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 27 जून को रतलाम में आयोजित होने जा रहा राइज (आरआईएसई)-2025 कॉन्क्लेव, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में नए युग की शुरुआत करेगा।

यह आयोजन प्रदेश में उद्यमिता, रोजगार और नवाचार की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर 350 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 35 से अधिक औद्योगिक अधोसंरचना परियोजनाओं, क्लस्टरों और विभागीय भवनों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। साथ ही 1500 करोड़ रुपए से अधिक निवेश की 50 नई औद्योगिक इकाइयों की आधारशिला भी रखी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 500 उद्यमियों को आशय पत्र और भूमि आवंटन प्रदान किया जाएगा। साथ ही 500 आकांक्षी युवाओं को रोजगार के ऑफर लेटर सौंपे जाएंगे। विभागीय भवनों का लोकार्पण भी होगा।

## आईईडी विस्फोट में शहीद के परिजनों से मिले केन्द्रीय गृह मंत्री शाह

व्यर्थ नहीं जाने देंगे शहीद आकाशराव की शहादत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में सुकमा में आईईडी विस्फोट में बलिदान आकाशराव गिरिपुंजे के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें सांत्वना प्रदान की। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे की वीरता और



बलिदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी शहादत देश के लिए अविस्मरणीय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश हमेशा उनके बलिदान का ऋणी रहेगा और उनकी शहादत को कभी व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। शाह ने शहीद के साहस को प्रेरणादायी बताते हुए उनके योगदान को राष्ट्र के लिए अमूल्य करार दिया। इस अवसर पर शाह ने शहीद के परिजनों को आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ हर कदम पर खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार शहीदों के परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित

भोपाल के कार्यक्रम में शामिल होंगे केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल

# आपातकाल की बरसी पर कल मध्यप्रदेश में 'संविधान हत्या दिवस' मनाएगी भाजपा

'आपातकाल अध्याय के 50 वर्ष' में सम्मानित होंगे मीसाबंदी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश भाजपा ने निर्णय लिया है कि 25 जून को वह संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाएगी। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगाया था।

इस उपलक्ष्य में भाजपा हर साल आपातकाल दिवस मनाती है। इस साल चूंकि आपात काल की 50वीं बरसी है, इसलिए भाजपा ने इसे संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। भोपाल में होने वाले संविधान हत्या दिवस के कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री सीआर पाटिल बतौर मुख्य वक्ता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मीसाबंदियों का सम्मान भी किया जाएगा।



#### आपातकाल की विभीषिका दर्शाती प्रदर्शनी लगेगी

कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक और भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 जून को संविधान की हत्या हुई थी। 25 जून आपातकाल का काला अध्याय है। इस कारण भाजपा सभी जिला मुख्यालयों पर संविधान हत्या दिवस पर 'आपातकाल के अध्याय के 50 वर्ष' कार्यक्रम कर रही है। इसके तहत आपातकाल की विभीषिका को दर्शाते हुए सभी जिलों में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। लोकतंत्र सेनानियों का सभी जिलों में सम्मान होगा, उनके परिजन का भी सम्मान होगा। जिन लोगों ने आपातकाल के दौरान यातनाएं सही हैं। उनके परिवारों को भी सम्मानित करेंगे।

#### भाजपा ने शुरू की हर जिले में कार्यक्रम की तैयारी

*प्रदेश भाजपा ने 25 जून को प्रदेश में 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में कार्यक्रम मनाने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस कार्यक्रम का नाम 'आपातकाल अध्याय के 50 वर्ष' रखा गया है। भाजपा ने प्रदेश स्तर से लेकर जिला स्तर तक कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई है। इसके तहत 25 जून को हर जिले में कार्यक्रम होंगे। प्रदेश भर में होने वाले कार्यक्रमों में वक्ता के रूप में केंद्रीय मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी, मुख्यमंत्री और मंत्री अलग-अलग जिलों में जाकर आपातकाल की विभीषिका के बारे में बताएंगे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी इंदौर जिले के कार्यक्रम में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार सागर, पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे ग्वालियर, केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर उज्जैन, केन्द्रीय मंत्री डीडी उईके नर्मदापुरम के कार्यक्रम में शामिल होंगे।*

## खबर संक्षेप

### वीर सावरकर वार्ड में जन सेवा केंद्र का लोकार्पण

**जबलपुर।** पश्चिम विधानसभा अंतर्गत वीर सावरकर वार्ड कार्यालय (जन सेवा केंद्र) का लोकार्पण 23 जून को मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर एवं वार्ड पार्षद पूजा श्रीराम पटेल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, अभय सिंह, संजय तिवारी, एड. गोपाल पटेल, जय यादव, संजय केसरवानी, रामकुमार चौधरी एवं वार्ड के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनिल वर्मा एवं आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष प्रणय गुप्ता ने किया।

### सैकड़ों की संख्या में भरे गए ओटी एरियर के लिए एफिडेविट

**जबलपुर।** सुरक्षा कर्मचारी यूनियन खमरिया द्वारा ओटी एरियर के भुगतान हेतु केट के आदेश के बाद एफिडेविट भरने हेतु शिविर का आयोजन किया गया था। इस तारतम्य में सीनियर स्टाफ क्लब खमरिया में सैकड़ों की संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों का हलफनामा भराया गया। खमरिया फैक्ट्री से संबंधित किसी भी कर्मचारी का यदि एफिडेविट नहीं भरा है, तो वह यूनियन कार्यालय में सुबह 10 से 12 बजे के बीच फोन नम्बर 07612743715 में सम्पर्क कर सकते हैं। यूनियन के अरुण दुबे, आनंद शर्मा, अखिलेश पटेल, राकेश शर्मा, राकेश रंजन, अनुपम भौमिक, हृदेश यादव, अनिल गुप्ता, महेंद्र रजक, जीजो जैकब, मुकेश विनोदिया, दुर्गेश सोनी, संतोष सिंह, प्रकाश गोंड, जीवन सिंह, आशीष तिवारी, सुनील खत्री, अजीत यादव, हरि झारिया, रवि चन्द्रा, उदय जायसवाल, सचिन दुबे, मुकेश मुखिया, कन्हाई कुमार, कुन्दन, सुबोध उपस्थित रहे।

### बरसात में झुग्गी झोपड़ी वालों को मिले पन्नी, टीन चादरें

**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ऐसे झुग्गी झोपड़ीवासियों को बारिश से बचने पन्नी, त्रिपाल या टीन की चादरें प्रदान करने का निवेदन किया है जिनके झोपड़े अत्यंत खराब स्थिति में हैं। ज्ञापन देते समय मंच के रामसिपाही, कमल चौधरी, गनेश प्रसाद चौधरी, राकेश जाअव, सियाबाई, रामबाई, रामकली, चंदाबाई, लक्ष्मीबाई आदि उपस्थित रहे।

## बलिदान दिवस पर भाजपा ने 967 बूथों में दी पुष्पांजलि

# डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान से कश्मीर बना भारत का अविभाज्य अंग: मंत्री राकेश सिंह

**जबलपुर।**

कश्मीर में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान का विरोध करते हुए, अपने जीवन का सर्वस्व न्यौछावर कर अपने प्राणों की आहुति देने वाले राष्ट्रभक्त डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संघर्ष का ही परिणाम है कि आज कश्मीर भारत का अभिभाज्य अंग है और ऐसे राष्ट्रपुरुष के बलिदान दिवस पर हम उन्हे नमन करते हुए उनके विचारो और कार्यों को जन जन पहुंचाने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने आज एकत्र हुए है, यह बात लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर गुलौआ उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि कार्यक्रम में दिए। श्री सिंह ने कहा तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू के कार्यकाल में कश्मीर राज्य में जाने के लिए परमिट लगता था इसका विरोध डॉ मुखर्जी ने किया और बिना परमिट कश्मीर जाने का निर्णय लिया और कश्मीर में उन्हे गिरफ्तार कर जेल में निरुद्ध कर दिया गया जहां संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई और जब डॉ मुखर्जी की मां ने इसकी जांच की मांग की तब नेहरू सरकार ने जांच से इंकार कर दिया और उनकी मृत्यु आज भी रहस्य बनी हुई है।



भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा शहर के सभी 967 बूथों में बलिदान दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए गए.बलिदान दिवस के कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी, सांसद आशीष दुबे, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, विधायक अभिलाष पांडे, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकू विज ने भी डॉ मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजली कर नमन किया।

### 11 पौधों का किया रोपण

डॉ मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मुख्य कार्यक्रम स्थल सहित सभी बूथों में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए 11 पौधो का रोपण किया गया। इस अवसर पर , डॉ जितेन्द्र जामदार, सदानंद गोडबोले, पंकज दुबे, रजनीश यादव, शरद अग्रवाल, अभय सिंह ठाकुर, राजेश मिश्रा, अंजु भार्गव, रंजीत पटेल, अजय तिवारी, शरद ताम्रकार, रविन्द्र पचोरी, रूपा राव, श्रीराम शुक्ला, अनिल वर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रणय गुप्ता, प्रशांत दुबे गुल्लन, संजय तिवारी, श्रीराम पटेल, श्रीकान्त साहू आदि उपस्थित थे।



## जागरूक क्रिश्चियन मंच ने सामाजिक विकास के मुद्दों पर बिशप से की मुलाक़ात

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक क्रिश्चियन मंच के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि अभी हाल ही में जागरूक क्रिश्चियन मंच के पदाधिकारियों ने बिशप डॉ. वलन अरासु से सौजन्य भेंट कर सामाजिक विकास के मुद्दों पर चर्चा की एवं जागरूक क्रिश्चियन मंच ने अपने द्वारा किए जा रहे सेवा कर्यों की जानकारी बिशप स्वामी को दी। साथ ही आगे भी किए जाने वाले प्रभु सेवा कार्यों से अवगत कराया। बिशप स्वामी द्वारा जागरूक क्रिश्चियन मंच की सेवा भावना और समाजहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई, वहीं मंच ने अवगत कराया कि वे सभी धर्मों के वृद्धाश्रमों में पहुंचकर उनकी जरूरतों को पूरा करने के साथ ही उनका मनोरंजन करने, उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करने का कार्य करते रहेंगे। बिशप ने जागरूक क्रिश्चियन मंच के पदाधिकारियों के विचारों और समाजहित की योजनाओं को सुनकर सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनकी सफलता के लिए आशीष की प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, प्रदेश संयोजक जेम्स एंथोनी, क्लेमेंट पायस, डीएगो एंड्रेड, मिस त्रीज़ा रोड्रिग्स, लॉरेंस मार्टिन, फिलिप एंथोनी, कुलदीप, सुनील रिचर्डसन आदि उपस्थित रहे।

# आगामी माह में कर्मचारियों एवं पेंशनरों को मिलेगा बढ़कर वेतन

## कर्मचरियों, पेंशनरों को किया जाएगा डीए व एचआरए का भुगतान

**जबलपुर।**

अजाक्स संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नू) एवं निगमायुक्त प्रीति यादव को नगर निगम जबलपुर में कार्यरत नियमित विनियमित कर्मचारियों को डीए में वृद्धि करने एवं एचआरए के भुगतान सहित पेंशनरों को डीए में वृद्धि कर भुगतान करने के साथ-साथ अजाक्स संघ के द्वारा कर्मचारियों से संबंधित अन्य 32 मांगों को पूर्ण करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। अजाक्स की मांग पर महापौर एवं निगमायुक्त ने नगर निगम जबलपुर में कार्यरत समस्त नियमित, विनियमित एवं पेंशनरों को डीए में वृद्धि कर राशि भुगतान एवं एचआरए की राशि का भुगतान करने आदेशित किया। साथ ही कर्मचारियों से संबंधित अन्य मांगों को जल्द पूर्ण करने हेतु आश्वासन प्रदान किया। अजाक्स ने महापौर एवं निगमायुक्त को धन्यवाद प्रेषित किया। धन्यवाद प्रेषित करने हेतु अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, जगदीश नन्हेट, के.के. दुबे, नरसिंहमलू, अचैया कोरी, रामाराव मगरदे, राजेन्द्र पटेल, मन्नूलाल पटेल, गुलशन जबलपुरी, सहित अधिक संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



## बौद्ध मठ संघर्ष समिति ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।**

जबलपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे प्राचीन बौद्ध मठ गोपालपुर संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्यों ने बताया कि गोपालपुर लम्हेटाघाट स्थित सम्राट अशोक काल का प्राचीन बौद्ध मठ है जिसमें भगवान बुद्ध की विशाल प्रतिमा स्थापित है जिसकी पूजा- अर्चना के लिए सभी बौद्ध समाज के श्रद्धालु पहुंचते हैं, परंतु जो भी उपासक, उपासिकाएं उक्त स्थान पर पहुंचते हैं तो अंगद सिंह, अखिल मेहरा यहां पहुंचने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं धर्मगुरुओं को डराते धमकाते एवं गाली गलौज करते हैं और कहते है कि यहां पर पूजा पाठ तत्काल बंद कर दो नहीं तो तुम्हें यहां पर दौड़ा-दौड़ा कर मारेंगे। उक्त घटना के समय घटनास्थल पर उपासक हेमंत अग्रेकर, महेंद्र साखरे, ईश्वरी बौद्ध, राजू मिस्त्री एवं शैलेंद्र कुशवाहा उपस्थित थे, जिनके बीच वाद विवाद का वीडियो भी इन लोगों ने बनाया है, इस घटना को लेकर सभी प्राचीन बौद्ध मठ गोपालपुर संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर आरोपियों पर तत्काल कार्रवाई करने एवं सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।



# उपेक्षित वर्गों को मिले संगठन में स्थान

## कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने की पर्यविक्षक से मुलाकात

**जबलपुर।**

कांग्रेस में वर्षो से उपेक्षित विभिन्न जाति वर्गों के सीनियर कांग्रेस जनों को संगठन में उचित स्थान दिया जाए, साथ ही यह देखा जाए कि पार्टी में लंबे समय से पूरी निष्ठा व बफादारी के साथ किन लोगों ने संघर्ष किया हैं उन्हें उपकृत किया जाए तभी संगठन सक्रिय हो सकेगा, यह बात कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधि मंडल ने संगठन सृजन अभियान के तहत नियुक्त केंद्रीय पर्यवेक्षक सरदार गुरदीप सिंह सप्पल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल से भेंटकर अपनी बात रखी।



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम कोष्टा ने कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पर्यवेक्षक सरदार गुरदीप सिंह सप्पल मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल जबलपुर कांग्रेस संगठन प्रभारी आर के दोगुने सह प्रभारी लक्ष्मण सिंह से भेंट कर कांग्रेस संगठन सृजन के तहत कांग्रेस के हित में अपने सुझाव देते हुए कहा कि कांग्रेस संगठन में उन जाति वर्गों के सम्मानित कांग्रेसजनों को संगठन में उचित स्थान मिलना चाहिए जो अब तक किन्हीं कारणों से वंचित रह गए और अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहे है। ऐसे जाति वर्गों के लोगों को उचित स्थान मिले जिससे उस वर्ग के लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़कर अपना समर्थन दें सके। इस अवसर पर टीकाराम कोष्टा, प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी विजय अग्रवाल मुन्ना ठाकुर डॉ मोइन अंसारी अशोक चौधरी संजू शर्मा लखन श्रीवास्तव आदि ने कहा कि आज आवश्यकता है कि कांग्रेस द्वारा संगठन की मजबूती के लिए जो प्रयास किया जा रहे हैं लिहाजा आवश्यकता है उसमें सभी जाति वर्गों को उचित स्थान प्राप्त हो।

## लड़ाई झगड़ा करने से मना करने पर किया चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत चांदमारी रोड पुल के नीचे लड़ाई झगड़ा करने से मना करने की बात पर बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार धनी की कुटिया निवासी 21 वर्षीय आदित्य ठाकुर का दोस्त अरुण बर्मन के पास गत शाम लगभग 5 बजे बॉबी चक्रवर्ती का फोन आया, जो गालीगलौज कर शोभापुर ब्रिज के पास आने को कहा, तो अरूण ने बॉबी को नेता कालोनी में आने को कहा जिस पर बॉबी ने कहा मै नहीं आउंगा तुम शोभापुर ब्रिज आ जाओ नहीं तो तुम्हे तुम्हारे घर पर आकर मारूंगा, इसी बात पर वह तथा अरूण, यश व करण शोभापुर पुल के उपर पहुंचे, जहां बॉबी और हर्ष चांदमारी रोड पर पुल के नीचे उतरने वाली रोड पर दिखे, जिनके पास गए तो बॉबी ने आदित्य से कहा कि अरूण बर्मन मेरे से लड़ाई कर रहा है तो आदित्य ने बाबी से कहा कि मैने अरूण को समझा दिया है तू भी समझ जा एवं लड़ाई झगड़ा मत करो, कहा और वहां से जाने लगे तभी बॉबी का दोस्त हर्ष उसके साथ गालीगलौज करने लगा उसने हर्ष को गाली देने से मना किया तो बॉबी भी उसके साथ गालीगलौज करने लगा तथा हर्ष ने जान से मारने की नीयत से आदित्य पर चाकू से हमला कर दिया वह पीछे हटा तो चाकू उसके चेहरे पर लग गया वहीं बॉबी एवं हर्ष दोनों वहां से भाग गये। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**नाम सुधार सूचना**

मैं जाहिद अंसारी पिता फीरोज अहमद अंसारी, उम्र 28 वर्ष, निवासी 926/1, अंसार नगर इंडियन मेडिकल स्टोर्स के पास, वार्ड नं. 40 डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड, गोहलपुर, जबलपुर (म.प्र.)। यह कि मेरे पासपोर्ट नं. M5474027 मे मेरा पूर्व नाम MOHAMMAD ZAHID ANSARI S/o FEEROZ AHMED ANSARI दर्ज है। जिसे मैंने बदलकर ZAHID ANSARI S/o FEEROZ AHMED ANSARI कर लिया है। यह कि मुझको इसी नाम ZAHID ANSARI S/O FEEROZ AHMED ANSARI के नाम से जाना एवं पहचाना तथा पढ़ा-लिखा जावे।

वर्तमान नाम-ZAHID ANSARI S/O FEEROZ AHMED ANSARI
पूर्व नाम -MOHAMMAD ZAHID ANSARI S/o FEEROZ AHMED ANSARI

**नाम सुधार सूचना**

मैं शपथकर्ता दशरथ चौकसे पिता श्री बिसन लाल चौकसे निवासी प्लाट नं. A/1, सुभाष नगर, मडफैया, गढ़ा रोड, वार्ड 16, महाराणा प्रताप वार्ड, जबलपुर म.प्र. शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि : यह कि मैं उक्त पते का निवासी हूँ। यह कि मैं शपथकर्ता रिटायर हबलदार नं. 15782409K दशरथ चौकसे (Dashrath Chouksey) मे मेरी पत्नी का नाम Krishna Chauksay एवं पुत्र का नाम Shrestha Chauksay मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में दर्ज है, जो की गलत है। यह कि मेरी पत्नी का सही नाम Krishna Chouksey (जन्मतिथि 30/06/1990) एवं पुत्र का सही नाम Shrestha Chouksey (जन्मतिथि 12/01/2015) है, जो कि इनके पैन कार्ड, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में दर्ज है, जो कि सत्य है। यह कि भविष्य में मेरी पत्नी के नाम Krishna Chouksey (जन्मतिथि 30/06/1990) एवं पुत्र के नाम Shrestha Chouksey (जन्मतिथि 12/01/2015) के नाम से जाना पहचान एवं पड़ा जावे। जिसे वास्ते शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/19-20 /2025-26
दिनांक:- 23/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति नीलम गोगिया पति राकेश कुमार गोगिया ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी प्लाट नं. 7/3 बी एवं प्लाट नं. 3/सी ब्लॉक 23 का भाग के पिन क्रमांक 1000399521 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 4000 व.फु. विक्रय पत्र, निगम में दर्ज एवर ग्रीन डीलर काम प्राईवेट लिमिटेड द्वारा पवन जायसवाल पिता श्री शिव प्रसाद जायसवाल का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर




## गुरु रविदास अमृतवाणी व समाज का सम्मान समारोह आयोजित

**जबलपुर।** अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन जबलपुर इकाई द्वारा 22 जून को संत रविदास भवन बाई का बगीचा में आयोजित गुरु रविदास अमृतवाणी और रविदास समाज के होनहार छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रविदासिया धर्म संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव बाघमारे ने समाज के बच्चों को शिक्षा की ओर अग्रेषित होने प्रेरित किया और समाज को एक सूत्र में बांधने का संदेश दिया। कार्यक्रम में माधव सिंह अहिरवार, मूलचंद मोरे, धन्नालाल जोड़ेवाल, रामदयाल शास्त्री, सेठ बालकिशन चौधरी, यमेश चौधरी, एड. अरविन्द चौधरी सहित प्रदेश के अन्य जिलों के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। वहीं आयोजक समिति से संदीप सूर्यवंशी, लक्ष्मन चौधरी, मुकेश चौधरी, राधेलाल रैदास, आचार्य लीलाधर, संदीप चौधरी, पप्पू चौधरी, संजीत अहिरवार, सचिन कुमार, रवि आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## अनाया रैकवार ने कुश्ती में शहर का नाम रोशन किया

**जबलपुर।** नागपुर (महाराष्ट्र) में 20 से 22 जून तक आयोजित नेशनल कुश्ती चैम्पियनशिप अंडर-15 में संस्कारधानी जबलपुर की पहलवान कु. अनाया रैकवार ने 36 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर मध्यप्रदेश एवं जबलपुर का नाम रोशन किया। अनाया रैकवार आदित्य अखाड़ा बादशाह हलवाई मंदिर में गुरु आदित्य रैकवार से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।



### आम आदमी पार्टी ने जीत का जश्न मनाया

**जबलपुर।** गुजरात विधानसभा उपचुनाव में विसावदर सीट से गोपाल इटालिया और पंजाब विधानसभा उपचुनाव में लुधियाना सीट से संजीव अरोड़ा की ऐतिहासिक जीत पर आम आदमी पार्टी जबलपुर ने वंदेमातरम चौक सिविक सेंटर जबलपुर में मिष्ठान्न वितरण कर जीत का जश्न मनाया। इस कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री रामकिशोर शिवहरे, रीतेश सिंह, आदेश दुबे, पंकज पाठक, नवल सोनकर, वसीम खान, प्रवीण परसाई, दिनकर शुक्ला, बृजेश चतुर्वेदी, सतीश पवैया, पंचम झा, जगदीश माली, राकेश खताबिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मानव अधिकार संगठन ने जनहित में श्रेष्ठ कार्य करने वालों का किया सम्मान

**जबलपुर।**

समाज में अपनी कार्यशैली और ईमानदारी से काम करने तथा अपने शहर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सामाजिक लोगों का बहुत बड़ा योगदान होता है। इसी कड़ी में मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने जनहित में श्रेष्ठ कार्य करने वालों का सम्मान किया। कार्यक्रम में डॉ. आनंद बहरानी, डॉ. कमल विश्वास, डॉ. मुकेश पांडे, डॉ. राहुल अग्रवाल, एड. विजय बवारिया, कमरुल इस्लाम ख़ान, डॉ. ऋषि बवारिया का सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. पीयूष जैन, डॉ. रवि मिश्रा, डॉ. श्रीकान्त साहू, एड. अमित खत्री, एड. आशुतोष चतुर्वेदी, एड. रोशन मंध्यानी शामिल हुए।



# हॉकर्स जोन की भूमि पर भू-माफियाओं का कब्जा

## आधारताल हॉकर्स जोन व्यापारी संघ ने महापौर को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** आधारताल हॉकर्स जोन व्यापारी संघ ने 23 जून को नगर निगम महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, एडी. कमिश्नर को संघ के संरक्षक चमन पासी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। महापौर को सौंपे ज्ञापन में मांग की गई कि नगर निगम आधारताल हॉकर्स जोन की करोड़ों रुपये की भूमि पर नगर निगम लोक निर्माण विभाग के सब इंजीनियर पवन सिंह ठाकुर भू-माफियाओं से साठगांठ करके हॉकर्स जोन में कब्जा करा रहे हैं, ताकि उक्त भूमि पर भू-माफियाओं का कॉम्पलेक्स बनाया जा सके। व्यापारियों की मांग पर प्रशासन द्वारा 21 लाख रुपये की राशि से शेड एवं अन्य विकास कार्य कराये जा रहे हैं, जिसके तहत सब इंजी. पवन सिंह ठाकुर भू-माफियाओं से साठगांठ कर हॉकर्स जोन को छोटा किया जा रहा है। व्यापारियों की मांग है कि हॉकर्स जोन पूर्व की भांति जितनी जमीन पर बना था उसी पूरी भूमि पर हॉकर्स जोन का विकास कार्य कराया जाए। ज्ञापन के दौरान चमन पासी, नीरज दुबे, गौरीशंकर तिवारी, संतोष लोधी, नरेश सोनकर, डॉ. नीरज शर्मा, डॉ. प्रमोदलाल, विजय साहू, नरेश केवट, मो. शाहिद, त्रिवेणी केवट, देवदास कोहली, सुधीर रजक, कंचन शर्मा, अजय साहू, दिनेश सेन सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष व व्यापारी उपस्थित रहे।



**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/19-20 /2025-26
दिनांक:- 23/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति अनीता गोगिया पति अजय गोगिया ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी वार्ड के प्लाट नं. 7/3 बी एवं प्लाट 3/सी ब्लॉक नं. 23 के पिन क्रमांक 1000399521 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 4000 व.फु. विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज एवर ग्रीन डीलर काम प्राईवेट लिमिटेड द्वारा पवन जायसवाल पिता श्री शिव प्रसाद जायसवाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/19-20 /2025-26
दिनांक:- 23/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति काजल गोगिया पति संजय कुमार गोगिया ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी वार्ड के ब्लॉक नं. 23 प्लाट नं. 7/3 पार्क अपार्टमेंट के पास के पिन क्रमांक 1000397554 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 8006 व.फु. विक्रय पत्र, निगम में दर्ज श्री पवन जायसवाल पिता शिव प्रसाद जायसवाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर